शुभम संदेश
एक राज्य - एक अखबार



# कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर का राजकीय सम्मान के साथ शाम 5.10 बजे दफन संस्कार किया गया

# अलविदा कार्डिनल



## ओ महान धर्मगुरु

आपकी शिक्षा और ज्ञान, ने हमेशा लोगों को प्रेरित किया,
आपकी दया और करुणा,
ने हमेशा लोगों के दिलों को छुआ.
आप हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे,
एक प्रेरणा के रूप में,
एक आदर्श के रूप में,
एक महान व्यक्ति के रूप में.
ओ, महान धर्मगुरु,
आपकी आत्मा को शांति मिले,
आपका आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहे,
आपका प्रकाश हमेशा हमारे मार्ग को रोशन करे...

**बसंत मुंडा/रमीज। रांची**

कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर का बुधवार को राजकीय सम्मान के साथ शाम 5.10 बजे दफन संस्कार किया गया. इससे पहले लोयला मैदान में 4 घंटे तक चले धर्म विधि संस्कार के दौरान उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा अर्पित करने के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. यहां जैप की बैंड टीम के जवानों ने मातमी धुन बजा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. दोपहर 2 बजे सीएम हेमंत सोरेन ने लोयोला मैदान पहुंच कर कार्डिनल टोप्पो के विधि संस्कार में हिस्सा लिया और उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.

इससे पहले कार्डिनल का पार्थिव शरीर सुबह 6 बजे अंतिम दर्शन के लिए संत मरिया महागिरजाघर में रखा गया था, जहां राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पुष्प चंक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.संत मरिया महागिरजाघर से दोपहर 12.45 मिनट में लोयला मैदान लाया गया. यहां धर्म विधि संस्कार शाम 4.45 बजे पूरा होने के बाद शाम 4.45 बजे पार्थिव शरीर को संत मरिया महागिरजाघर लाया गया. लोयोला मैदान से शव यात्रा के साथ सबसे आगे क्रूस यात्रा, फिर मोम यात्रा के साथ गीत मंडली चल रही थी. दफन विधि बिशप फेलेक्स टोप्पो, सहायक धर्माध्यक्ष थियोडर मस्करेनहास , पल्ली पुरोहित समेत 50 बिशप समेत 400 से अधिक पुराहितों ने पूरी करायी और उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा कर अंतिम विदाई दी.

- सुबह 6 बजे से कार्डिनल का पार्थिव शरीर संत मरिया महागिरजाघर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था . सुबह 7 बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी .
- **दोपहर 2 बजे लोयोला मैदन पहुंच कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्डिनल के विधि संस्कार में हिस्सा लिया और उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी**
- महागिरजाघर से 12 .45 बजे लोयला मैदान लाया गया पॉर्थिव शरीर . 1.15 बजे धर्म विधि शुरू हुई . लगभग 4 घंटे लगातार यह कार्यक्रम चला .लोयला मैदान से शव यात्रा निकालते समय सबसे आगे क्रूस यात्रा, फिर मोम यात्रा व गीत मंडली चल रही थी .
- **कार्डिनल टोप्पो के धर्म विधि संस्कार चार भागों में बांटकर शाम 4 .15 बजे पूरी की गयी . 4 .45 बजे संत मरिया महागिरजाघर लाया गया . 5 .10 बजे दफनाया गया .**



कार्डिनल के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ा कर श्रद्धांजलि देते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन.





हाथ जोड़कर कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन.

### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 34.1 | 24.8 |
| जमशेदपुर | 36.4 | 25.0 |
| डालटनगंज | 35.8 | 22.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 54,800 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

### ब्रीफ खबर

## एचईसी में गए थे वेतन मांगने, बरसीं लाठियां

रांची। बुधवार को रांची के एचईसी प्लांट के अंदर कर्मियों पर सीआईएसएफ के जवानों ने बल प्रयोग किया. जानकारी के अनुसार, कर्मी 20 महीनों से लंबित वेतन की मांग को लेकर एचएमडीपी एडीएम बिल्डिंग में धरना दे रहे थे. इसके बाद प्रबंधन ने सीआईएसएफ जवानों को बल प्रयोग करने का आदेश दिया. इसमें कई कर्मियों के सिर फूट गए, तो कइयों के हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई हैं. वर्करों पर लाठीचार्ज के बाद वे आक्रोशित हो गए और डायरेक्टर राजेश द्विवेदी का घेराव करने पहुंच गए. साथ ही कर्मी गुरुवार को प्लांट बंद रखने को लेकर आह्वान कर रहे हैं.

### बाबूलाल मरांडी के राज्यपाल को लिखे पत्र पर झामुमो का पलटवार

# हेमंत गाजर-मूली नहीं कि उखाड़ फेकें : सुप्रियो

**कहा - हाथी-घोड़ा सभी बाढ़ के पानी में डूब गए, भेड़ा कहे कितना पानी वाली हालत है बाबूलाल की**

- संकल्प यात्रा में विफल रहने और भाजपा की हार देखकर बौखला गए हैं
- **संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने को लेकर भाजपा पर कारवाई हो**



- चार साल में एक नेता प्रतिपक्ष नहीं दे पाई भाजपा

**विशेष संवाददाता। रांची**

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्यपाल को पत्र लिख कर हेमंत सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन की मांग पर झामुमो ने पलटवार किया है. पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मरांडी आगामी दिनों में हार को देख कर बौखलाए हैं.

उनकी संकल्प यात्रा विफल है. न जनता आ रही, न नेता. वो अकेले पड़ चुके हैं. यह सब देख कर वो आपा खो दिए हैं. मरांडी पत्र में सूत्रों के हवाला देते हैं. वो सूत्र कौन हैं, क्या-क्या बताते हैं उनको. बाबूलाल जान लें, हेमंत सरकार कोई गाजर-मूली नहीं है, जिसे आप और आपके चचा उखाड़ फेंकेंगे. यह बात उन्होंने बुधवार को झामुमो के कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही.

### संगठन के संस्कार फिर से आ गए हैं

सुप्रियो ने कहा कि चर्चा है कि एनसीपी विधायक एनडीए में चले गए हैं. चार साल बाद उन्हें याद आया कि उनके अनुमंडल को जिला बनाया जाए. चेतावनी भी दी कि अगर जिला न बना, तो समर्थन वापस ले लेंगे. इसके बाद मरांडी को लगा कि हेमंत सरकार अल्पमत में है. एक कहावत है. बाढ़ के पानी में हाथी-घोड़ा सब डूब गए. तब भेड़ा कहता है कि कितना पानी. यही हाल बाबूलाल का हो गया है. वो अपने मूल संस्कार में आ गए हैं. केवल 14 साल वनवास पर थे. लौटते ही मूल पार्टी के संस्कार आ गए हैं.

## सीएम की याचिका पर अगली सुनवाई 13 को

**विनीत आभार उपाध्याय। रांची**

- **हाईकोर्ट में वकील ने पूछा- ईडी साफ करे समन सीएम को या आरोपी को, अब ईडी रखेगी पक्ष**
- वरीय अधिवक्ता पी चिदंबरम और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने हेमंत सोरेन की ओर से रखा पक्ष

ईडी के समन के खिलाफ सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर बुधवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में पी चिदंबरम व पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा. बहस के दौरान सीएम की ओर से कहा गया कि मेरे खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं बनता है. न ही ईडी ने प्राथमिकी दर्ज की है. ऐसे में एजेंसी के समन से यह साफ नहीं हो पा रहा कि यह समन एक सीएम को किया जा रहा है या फिर एक आरोपी को. ईडी का समन गलत है.

**ईडी के वकील ने क्या कहा :** ईडी तरफ से एएसजी एसवी राजू ने पक्ष रखते हुए कहा, प्रिडिकेट आफेंस का मामला है. ईडी की धारा 50 और 63 को चुनौती दी गई, जिसे विजय मदनलाल के केस में सुप्रीम कोर्ट तय कर चुका है. अब इस मामले में कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 13 अक्टूबर को दी है. ईडी की ओर 13 अक्टूबर को बहस की जाएगी.

**ईडी सीएम को भेज चुका है अब तक 5 समन :** इस सुनवाई के बाद हाईकोर्ट तय करेगा कि हेमंत सोरेन को भेजा गया समन सही और नियम संगत है या नहीं. इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह यह भी अपील की है कि ईडी की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उस कानून के आधार को भी चुनौती दी है जिसके तहत हेमंत सोरेन से पूछताछ होनी है. ध्यान रहे कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अबतक पांच बार समन जारी कर दिया है. मुख्यमंत्री ने इस मामले में ईडी को पत्र भेज कर कहा है कि मामला कोर्ट में है.

## टेंडर मैनेज करना अब नहीं होगा आसान

**कौशल आनंद। रांची**

- 10 लाख से उपर के टेंडर केवल ऑनलाइन ही डाले जाएंगे, अब सिक्यूरिटी मनी का ड्राफ्ट नहीं लिया जाएगा
- ऑफ लाइन प्रति अब जमा नहीं होगा, टेंडर डालने के बाद वापस लिया तो सिक्यूरिटी मनी होगा जब्त

राज्य में टेंडर मैनेज, टेंडर घोटाला और टेंडर वितरण में बंदरबांट का आरोप लगता रहा है. इसके आरोप कई वरीय अफसरों पर भी लग चुके हैं. मगर अब झारखंड में यह आसान नहीं होगा. सरकार ने सभी वर्क डिपार्टमेंट के टेंडर नियमों में भारी बदलाव किया है. इसके बाद उम्मीद जताई है कि टेंडर मैनेज करने और टेंडर को लेकर कार्य वितरण में बंदरबांट या फिर भाई-भतीजावाद का आरोप नहीं लगेगा.

-शेष पेज 10 पर




### धर्म की राजनीति धनबाद में कुछ इस तरह की जा रही लोकसभा चुनाव लड़ने की दावेदारी

# भक्ति प्रदर्शन के बहाने शक्ति प्रदर्शन का रिहर्सल

**राममूर्ति पाठक/ संजय पांडेय । धनबाद**

भक्ति प्रदर्शन के बहाने शक्ति प्रदर्शन की जबरदस्त तैयारी कोयलांचल में चल रही है. एक ओर बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो चिटाही धाम में 3 दिसंबर को बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर जुटे हैं. विधायक के खास मनीष साव के मुताबिक बागेश्वर धाम की ओर से कन्फर्मेशन होते ही प्रशासन को चिट्ठी देकर बैनर वगैरह लगेगा.

वहीं झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह राजन महाराज के 25 से 27 अक्टूबर तक प्रवचन को सफल बनाने में जुटी हैं. दोनों 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं. इन दोनों आयोजनों को राजनीतिक गलियारे में इसी नजर से देखा जा रहा है.




### बाबा शरण

- विधायक ढुल्लू बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम की तैयारी में जुटे
- विधायक पूर्णिमा सिंह राजन महाराज की कथा कराएंगी

### धनबाद ही नहीं दूर-दराज के इलाकों में भी बैनर पोस्टर चिपकाए जाने लगे

बागेश्वर बाबा के आगमन को लेकर न धनबाद समेत दूर-दराज में भी बैनर पोस्टर चिपकाए जाने लगे हैं. तो झरिया विधायक भी लोगों से संपर्क कर न्योता देने में जुटी हैं. दोनों नेता भीड़ जुटाने में पूरी ताकत से जुटे हैं. इसे शक्ति परीक्षण के रूप में भी देखा जा रहा है. बागेश्वर बाबा की पटना में हुई हनुमत कथा में 20 लाख से अधिक लोग जुटे थे. पर्दे के पीछे से पूरी भगवा पार्टी आयोजन को सफल बनाए में जुटी थी. इधर झरिया विधायक के साथ दिक्कत है कि कांग्रेसी ऐसे आयोजन में सीधी भागीदारी से परहेज कर रहे हैं, सो विधायक पूर्णिमा सिंह ने अपनी श्रमिक यूनियन को आगे कर दिया है. हालांकि भू-धंसान, गोफ, अग्नि प्रभावित इलाके को लोगों को यह सुहा नहीं रहा.गंदगी से बजबजाती झरिया के नागरिक इसे पसंद नहीं कर रहे हैं. दूसरी ओर बाबा बागेश्वर की कथा को सफल बनाने में भगवाधारी जुट गए हैं. इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने के आसार हैं.

### राम कथा आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू

बीसीसीएल जेलगोड़ा स्टेडियम में होने वाली राम कथा को लेकर झरिया विधायक के समर्थकों ने ताकत झोंक दी है. बुधवार को लोदना एरिया जीएम बीके सिन्हा ने तैयारी का जायजा लिया. वही तैयारी समिति के जनता मजदूर संघ (बच्चा) गुट के एरिया सचिव मृणाल कांत सिंह को मैन पावर बढ़ाने का निर्देश दिया गया है. नगर निगम के तीन व बीसीसीएल के छह कर्मियों को काम पर लगाया गया है. आयोजन 25 से 27 अक्टूबर तक चलेगा. विख्यात राम कथा वाचक राजन जी महाराज राम कथा पर प्रवचन करेंगे, जिसमे भक्तों की भारी भीड़ होने की उम्मीद है. एकादशी के दिन सुबह झरिया विधायक राजा तालाब से कलश लेकर भक्तों के साथ स्टेडियम पहुंचेंगी. एक पखवारा से भी कम समय बचा है, ऐसे में स्टेडियम को आयोजन के अनुरूप तैयार करना अपने आप मे बड़ी चुनौती भरा है.

### मिडिल स्कूल तिलरा कवातू का मामला : डीएसई ने की कार्रवाई, स्पष्टीकरण में असंतोषजनक मिला जवाब

# शिक्षिका से अश्लील हरकत करने वाला शिक्षक निलंबित

**संवाददाता।हजारीबाग**

प्लस टू हाई स्कूल की एक शिक्षिका से अश्लील करनेवाला हजारीबाग इचाक स्थित मिडिल स्कूल तिलरा कवातू के सहायक शिक्षक उमेश प्रजापति को डीएसई संतोष गुप्ता ने निलंबित कर दिया है. 'शुभम संदेश' ने लगातार इस मुद्दे को उठाया था और चार दिनों तक विस्तार से खबरों को प्रकाशित भी किया था.

इस मामले में प्लस टू हाई स्कूल तिलरा कवातू के एक शिक्षक ने आरोपी शिक्षक को बचाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे भी अपनाए थे. खबर को मैनेज करने के लिए प्रलोभन भी दिए गए थे. लेकिन 'शुभम संदेश' में तथ्य के आधार पर खबरें प्रकाशित होती रहीं. अंततः आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई हुई. शिक्षक पर शिक्षिका ने बाइक पर सैर कराने और गलत ढंग से स्पर्श करने का आरोप लगाया था. साथ ही विरोध करने पर उठा लेने की धमकी देने की भी बात कही थी.

**खास बातें**

- निलंबन अवधि में बीईईओ कार्यालय बनाया गया मुख्यालय
- अलग से चलेगी विभागीय कार्रवाई, दिया निर्देश



आरोपी शिक्षक उमेश प्रजापति

#### आरोपी शिक्षक को किया गया शोकॉज

निलंबन अवधि में शिक्षक का मुख्यालय चुरचू बीइइओ कार्यालय बनाया गया है. शिक्षक पर अलग से विभागीय कार्रवाई चलेगी. डीएसई ने निलंबन पत्र में लिखा है कि शिक्षिका के आवेदन के आलोक में 22 सितंबर को आरोपी शिक्षक उमेश प्रजापति को शोकॉज किया गया था. उसमें उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया. डीएसई ने बताया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामले में विशाखा बनाम राजस्थान सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया गया है. उसमें कहा गया है कि कार्यस्थल पर शिक्षिका के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप एवं सरकारी सेवक आचार नियमावली 1976 के उल्लंघन के आरोप में झारखंड सरकारी सेवक नियमावली 2016 में निहित प्रावधान के तहत शिक्षक उमेश प्रजापति को निलंबित किया गया है.

#### छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : डीएसई

शिक्षक पर अलग से विभागीय कार्रवाई भी चलेगी. इस बारे में डीएसई ने कहा कि किसी भी महिला कर्मी या छात्रा के साथ छेड़छाड़ अथवा अश्लील हरकत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ऐसा करते कोई भी पाया जाएगा, तो उसके विरुद्ध नियम सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इधर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो. अतिकुज्जमा का कहना है कि मिडिल स्कूल तिलरा कवातू के हेडमास्टर पर भी कार्रवाई होनी चाहिए थी, जिन्होंने शिक्षिका के आवेदन पर गंभीरता नहीं बरती थी और इतने संगीन मामले को दबाने का प्रयास किया था.

## आपकी बात



"अजय कुमार नीरज बताते हैं कि शिक्षा और मेहनत कभी जाया नहीं जाती है. अंततः सफलता प्राप्त होती है."

**नाम : अजय कुमार नीरज**
**पद : सहायक शिक्षा**
**निवास स्थान : गोला, रामगढ़**

झारखंड आंदोलनकारी परिवार से उपजे अजय कुमार नीरज का पूरा जीवन संघर्षपूर्ण रहा. अच्छी शिक्षा दीक्षा के बाद भी लंबे समय तक नौकरी नहीं मिली, मगर हिम्मत नहीं हारी. काफी लंबे इंतजार और कड़े संघर्ष के बाद 48 वर्ष की उम्र में इन्हें नौकरी मिली. मूल रूप से गोला रामगढ़ निवासी नीरज की कहानी अपने आप में बहुत अनोखी है. वे बताते हैं कि प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय पूरबडीह गोला से व मैट्रिक आरटीसी स्कूल बूटी रांची से हुई. स्नातक और स्नातकोत्तर अंग्रेजी में रांची कॉलेज रांची, रांची विश्वविद्यालय से किया. इसके साथ ही वे बीएड की पढ़ाई रांची कॉलेज रांची और लॉ की पढ़ाई छोटानागपुर लॉ कॉलेज रांची से पूरी की. एमएड की डिग्री सरगुजा विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ से हासिल की. इसके बाद भी नौकरी नहीं मिली. वे स्थानीय बीएड कॉलेज महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रामगढ़ में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर योगदान दिए. वे बताते हैं कि सफलता में देर होती है, मगर अंधेर नहीं. 2016 में राज्य सरकार द्वारा आयोजित जेटेट परीक्षा में शामिल होकर सफल हुए. अंततः 2019 में सरकारी विद्यालय में सहायक शिक्षक अंग्रेजी, अग्रवाल उच्च विद्यालय, तिसरी, गिरिडीह में योगदान दिया. वे बताते हैं कि उनके पिता झारखंड राज्य अलग करने के आंदोलन में सक्रिय थे, जिसके कारण घर में ही समाज सेवा का माहौल मिलता रहा. समाज सेवा में काफी रुचि थी. आज घर में पत्नी सन्नू नीरज जो निजी महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत और मां गृहिणी के साथ साथ दो पुत्रियां सौम्या नीरज और सिया नीरज हैं.

## ब्रीफ खबरें

### केवि गोमो में बालिका दिवस मनाया गया

**गोमो।** केंद्रीय विद्यालय गोमो में बालिकाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने, उनके सेहतमंद जीवन से लेकर शिक्षा और करियर के लिए मार्ग बनाने के उद्देश्य से बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया. मौके पर शिक्षक शैलेन्द्र सिंह ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सामूहिक भागीदारी के प्रति जागरूक किया. शिक्षक राजा कुणाल ने मंच संचालन कर बालिका दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला व उनके सशक्तिकरण की बातें कहीं. शिक्षिका किन्नी प्रियंका व लक्ष्मी कुमारी ने गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाया.

### एनवीसी एकेडमी की डांडिया प्रतियोगिता 21 को

**लातेहार।** एनवीसी एकेडमी लातेहार के तत्वावधान में आगामी 21 अक्टूबर को बजरंग होटल परिसर में डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. एनवीसी एकेडमी लातेहार के निदेशक दीपक पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुल्क 299 रुपये निर्धारित है. पांडेय ने बताया कि लातेहार एनवीसी एकेडमी द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के लिए डांडिया प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. बच्चों के लिए प्रतियोगिता अपराह्न 2 बजे से लेकर 5 बजे तक, जबकि महिलाओं के लिए नाइट डांडिया संध्या 7 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी.

### को-ऑपरेटिव कॉलेज में हुई अमृत कलश यात्रा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने मिट्टी को एक-एक कर कलश में डाला. उसके बाद उन्हें पांच प्रण की शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ एसएन ठाकुर, एनएसएस यूनिट-1 के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कृष्ण प्रसाद, यूनिट-2 के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ दुर्गा तमसोय, डॉ भारती कुमारी, डॉ प्रभात कुमार, स्वरूप मिश्रा, अक्षय लुगुन, चंदन कुमार, संजय कुमार समेत शिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

### संथाली शिक्षक की बहाली को लेकर सौंपा मांग पत्र

**घाटशिला।** आदिवासी छात्र संघ के संघ के अनुमंडल अध्यक्ष अजित कुमार मुर्मू के नेतृत्व में घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके चौधरी को संथाली विभाग में संथाली शिक्षक की कमी को लेकर बुधवार को मांग पत्र सौंपा. अजीत कुमार मुर्मू ने मांग की कि महाविद्यालय में संथाली विभाग में छात्र-छात्राएं बहुत दूर-दूर से कक्षा लेने आते हैं और आने-जाने में कम से कम 50 से 100 रुपये खर्च होता है. संथाली विभाग में केवल दो अध्यापक होने के कारण महाविद्यालय में संथाली विषय में कक्षा का संचालन अच्छे से नहीं हो रहा है.

### एक्सएलआरआई का प्लैटिनम जुबिली वर्ष समारोह, शामिल हुए राज्यपाल, कहा-

# 'सूबे के विकास में योगदान करें छात्र'

**संवाददाता। जमशेदपुर**

एक्सएलआरआई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की स्थापना के 75 साल के अवसर पर बुधवार को संस्थान के टाटा प्रेक्षागृह में प्लैटिनम जुबली समारोह का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपस्थित थे. समारोह को को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान कभी भी इससे नहीं हो सकती कि उसने कितना प्रॉफ़िट कमाया है. बल्कि इससे होती है कि उसने समाज के लिए क्या किया और समाज के विकास में उसका क्या योगदान है. उन्होंने सामाजिक कार्यों के लिए टाटा ग्रुप द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की, साथ ही सभी संस्थाओं को इससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया.

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि एक्सएलआरआई की जो यात्रा है वह प्रेरणादायक है. एक छोटे स्तर से शुरू होकर आज देश की बड़ी बिजनेस स्कूल में शामिल होना बड़ी उपलब्धि है. साथ ही एक्सएलआरआई के विद्यार्थियों व उनकी क्षमता की भी सराहना करते हुए कहा कि एक्सएलआरआई न सिर्फ जमशेदपुर बल्की पूरे झारखंड का गौरव है. राज्यपाल ने कहा कि झारखंड एक संसाधन संपन्न राज्य है, लेकिन इसकी गिनती पिछड़े राज्यों में होती है, जो कि सही नहीं है. उन्होंने इस सोच को साझा व सकारात्मक प्रयास से सभी को बदलने का आह्वान किया. साथ ही कहा कि छात्र इस दिशा में काम करें. हमें इस राज्य को समृद्धशाली राज्य की सूची में दूसरे नंबर पर स्थापित करना है. उन्होंने छात्रों का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि वे विपरीत परिस्थितियों से न डरें. रिस्क जरूर लें. यही आपको सफलता दिलाएगी.





स्कॉलर्स रेसिडेंस का शिलान्यास करते राज्यपाल. साथ में हैं टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन व अन्य.

**दिया संदेश**

- झारखंड सबसे धनी राज्य, पर गरीबी की सूची में है दूसरा
- एक्सएलआरआई का देश के विकास में अहम योगदान

इस अवसर पर टाटा स्टील के सीईओ व एमडी टीवी नरेंद्रन भी उपस्थित थे. उन्होंने अपने संबोधन में एथिक्स से कभी समझौता नहीं करने व सोसाइटी को वापस करने की प्रवृति को विकसित करने की बात कही. इससे पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने टाटा स्टील के सीईओ व एमडी सह एक्सएलआरआइ के चेयरमैन टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एडमिन प्रोफेसर संजय पात्रो समेत अन्य लोगों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की.

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखी भारतीय संस्कृति का गौरव**

इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत से लेकर हिंदी फिल्मी गानों पर अपनी प्रस्तुति दी है. इस दौरान छात्रों ने गुजरात के गरवा से लेकर पंजाब के भांगड़ा व राजस्थानी नृत्य शैली से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया.

#### सेंसेबल व एथिकल लीडर तैयार करता है एक्सएलआरआई

समारोह में एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने अपने संबोधन में बताया कि एक्सएलआरआइ ना सिर्फ अच्छे मैनेजर बल्कि सेंसेबल व एथिकल फ्यूचर लीडर तैयार करने पर विश्वास करता है. इसे लेकर विद्यार्थियों के कोर्स को खास तौर पर कोर्स डिजाइन किये जाते हैं, ताकि उन्हें मैनेजमेंट की शिक्षा के साथ ही मूल्य आधारित शिक्षा भी हासिल हो. फादर एस जॉर्ज ने कहा कि एक्सएलआरआई ने देश व दुनिया को कई अहम फ्यूचर लीडर दिये, जो आज समाज के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं. साथ ही एक्सएलआरआई की ओर से आने वाले दिनों में समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले लोगों के लिए खास तौर पर नि:शुल्क वोकेशनल कोर्स की सुविधा मुहैया कराने की भी जानकारी दी गयी.

#### राज्यपाल ने स्कॉलर्स रेसिडेंस की रखी नींव

कार्यक्रम के दौरान झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने एक्सएलआरआइ के स्कॉलर्स रेसिडेंस की नींव रखी. बताया गया कि उक्त रेसिडेंस में भावी मैनेजर रहेंगे. आने वाले दिनों में स्कॉलर्स रेसिडेंस के निर्माण का कार्य शुरु कर दिया जायेगा.

#### राज्यपाल को एक्सएलआरआई प्लैटिनम जुबली अवार्ड फॉर द ग्रेटर गुड

एक्सएलआरआई के प्लैटिनम जुबली समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एक्सएलआरआइ प्लैटिनम जुबली अवार्ड फॉर द ग्रेटर गुड का खिताब दिया गया. उन्हें एक्सएलआरआइ के चेयरमैन व डायरेक्टर ने उक्त खिताब से नवाजा. राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन को समाज में उत्कृष्ट योगदान और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण व उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए उक्त सम्मान से नवाजा गया.

#### वीडियो के माध्यम से एक्सएलआरआई के सफर को किया गया प्रदर्शित

कार्यक्रम के दौरान एक्सएलआरआई के 75 वर्षों के सफर को एक वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया. जिसमें बताया गया कि किस प्रकार 1949 में एक्सएलआरआइ की स्थापना हुई थी. एक्सएलआरआइ की शुरुआत से लेकर अब तक के सफर को वीडियो के माध्यम से बखूबी पेश किया गया.

## ऑप्टोमेट्री विभाग ने ध्यान सत्र के साथ मनाया मेंटल हेल्थ डे




**संवाददाता। जमशेदपुर**

गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी के ऑप्टोमेट्री विभाग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया. इसके तहत विभाग के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए ध्यान सत्र का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि प्रो अनूप सिंह ने कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की. उन्होंने छात्र-छात्राओं को तनाव से बचने के कई उपाय बताए और अपने अनुभवों को भी साझा किया. विश्वविद्यालय के ऑप्टोमेट्री विभाग के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर प्रो सर्बोजीत गोस्वामी ने बताया कि अक्टूबर माह में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है. मौजूदा दौर में मानसिक तनाव समाज में बहुत बड़ी समस्या बन चुका है. तेज बढ़ती प्रतियोगिता के दौर में बच्चे एवं बड़े मानसिक तनाव की चपेट में आ रहे हैं.

उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है. मौके पर ऑप्टोमेट्री संकाय के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर प्रो सर्बोजीत गोस्वामी, प्रो अनूप कुमार सिंह, प्रो श्रेया चक्रवर्ती, प्रो चंचल कुमारी आदि उपस्थित थे.

**अरकाजैन विवि**

- विशेषज्ञों ने छात्रों को तनाव से बचने के दिए टिप्स
- अपने अनुभव साझा कर कई कारगर उपाय भी सुझाए

# एनटीटीएफ ने जीता स्वर्ण पदक

**संवाददाता। जमशेदपुर**

गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की है. 9 अक्टूबर को दुर्गापुर के नेताजी भवन में आयोजित कन्वेंशन क्वालिटी सर्कल कंपटीशन( सीक्यूसीसी) में संस्थान की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया. कन्वेंशन क्वालिटी सर्कल कंपटीशन में कुल 86 प्रतिभागियों की ग्रुप ने भाग लिया था. इसमें एनटीटीएफ की टीम "कयनोसुरे क्रू" को केस स्टडी प्रेजेंटेशन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किया गया, जिसमें एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान की ओर से टीम लीडर आदित्य कुमार मिश्रा, डिप्टी लीडर लोकनाथ महतो, रिकॉर्ड कीपर अमन कुमार एवं टाइम कीपर,अनीश कुमार ने को-ऑर्डिनेटर, लक्ष्मण सोरेन एवं फैसिलिटेटर दीपक कुमार ओझा के नेतृत्व में प्रोजेक्ट "ग्रेड स्कॉलर" प्रस्तुत कर स्वर्ण पदक जीत संस्थान को गौरवान्वित किया. प्रतियोगिता का विषय के अनुरूप विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया. एनटीटीएफ के छात्रों ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों में इसे किस तरह से प्रयोग में लाया जा सकता है और यह किस तरह लाभप्रद है. मौके पर निर्णायक की भूमिका औद्योगिक इकाईयों के जाने माने क्वालिटी को-ऑर्डिनेटर्स ने निभाई. टीम की इस जीत पर संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन ने छात्रों को सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर रमेश राय, वरुण कुमार, दीपक सरकार, मंज़र, मिथिला महतो उपस्थित थे.



स्वर्ण पदक के साथ टीम. साथ में हैं प्राचार्य.

### जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय

**गिरिडीह।** बुधवार को झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ की एक बैठक सर जेसी बोस बालिका विद्यालय परिसर में जिला प्रवक्ता मनोज रजक की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई. संघ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मांग की की दुर्गा पूजा से पूर्व नवनियुक्त शिक्षकों का भुगतान का आदेश निर्गत की जाए. कहा गया कि नवनियुक्त शिक्षक आर्थिक संकट का दंश झेल रहे हैं. त्योहार पास है, वेतन भुगतान नहीं हुआ तो समस्या खड़ी हो जाएगी. नवनियुक्त शिक्षक को जीएफ फॉर्म जीपीएफ कार्यालय भेजने की मांग की गई. बैठक में मुन्ना प्रसाद कुशवाहा, अख्तर अंसारी, सत्यनारायण वर्मा, विकास कुमार, राजेश सिंह, मिथुन राज, सचिन कुमार, विवेक कुमार, इंद्रदेव साहू, महेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे.

# 'मेंटल हेल्थ के प्रति जागरूक रहें'

**संवाददाता। चाईबासा**

कोल्हान विश्वविद्यालय के साइकॉलजी विभाग में बुधवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग के एचओडी प्रो महेश प्रसाद राय ने किया. उन्होंने मोबाइल फोन से हो रहे मानसिक रोगों के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर ब्रायन डायनेमिक ट्रस्ट की डायरेक्टर डॉ भाग्यश्री कर ने बतलाया कि आज भी मानसिक समस्या को एक अभिशाप के रूप में देखा जाता है.

इन्होंने वर्तमान समय में लोगों को हो रही मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम जैसे - स्मार्टफोन एजुकेशन, एनिक्सेटी, स्टार्स, डिप्रेशन, सुसाइड के कारणों तथा उपचार के बारे में भी जानकारी दी. मेंटल हेल्थ के प्रति जागरूक भी किया व इन्होंने 1992 से 2023 तक की विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस थीम पर भी डिस्कशन किया. इस प्रोग्राम के को ऑर्डिनेटर डॉ धर्मेंद्र रजक, असिस्टेंट प्रोफेसर, साइकोलॉजी डिपार्टमेंट, कोल्हान यूनिवर्सिटी, चाईबासा ने सभी लोगो को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किए, दिमाग को स्वस्थ रखने के बारे में जानकारी दी. इसका एकमात्र कारण है जागरूकता का अभाव. कहा जा सकता है कि बीमारी की जानकारी होने से सही इलाज हो पाया. इसलिए अब वह समय आ गया है कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो, जिस तरह दूसरी बीमारी का इलाज संभव है, उसी तरह मानसिक बीमारी का भी इलाज संभव है. इस प्रोगाम में डॉ बसंत, डॉ मीनाक्षी, डॉ महेंद्र, डॉ नित्यानंद व स्टूडेंट आदि शामिल हुए.



**खास बातें**

- मोबाइल के इस्तेमाल के कारण बढ़ रही है परेशानी
- जागरूकता के अभाव के कारण बढ़ रही परेशानी

### एबीवीपी | अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार के मनिका डिग्री कॉलेज की इकाई गठित

# नीलम बनी कॉलेज की अध्यक्ष और विशाल बना मंत्री

**संवाददाता ।लातेहार**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार के मनिका डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए प्रथम इकाई की घोषणा की गई. सर्वसम्मत से नीलम कुमारी को कॉलेज अध्यक्ष बनाया गया. जबकि चंदन कुमार, सावित्री कुमारी, उज्ज्वल कुमार और रुचि प्रिया को कॉलेज उपाध्यक्ष तथा विशाल कुजूर को अभाविप का कॉलेज मंत्री बनाया गया. जाह्नवी सोनी, पूजा कुमारी, सुनीता कुमारी व रीना कुमारी को कॉलेज सह मंत्री, उज्ज्वल कुमार (मोहित) को कॉलेज सोशल मीडिया प्रभारी, अभिषेक कुमार को कॉलेज एसएफएस प्रमुख, सोनी कुमारी को कॉलेज सह एसएफएस प्रमुख, राकेश कुमार को कॉलेज एसएफडी प्रमुख व रिचा कुमारी को कॉलेज सह एसएफडी प्रमुख का दयित्व सौंपा गया है. आशीष कुमार, अमरेंद्र कुमार सिंह, रेशमी कुमारी, राजू कुमार यादव, रामसेवक यादव, सुजंती कुमारी, सीमा कुमारी, सरस्वती कुमारी, लीलावती कुमारी, विक्की यादव व रेशमी कुमारी को कॉलेज कार्यकारिणी सदस्यो में शामिल किया गया है.



खुशियां मनाते नव चयनित पदाधिकारी.

**हुई घोषणा**

- शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए प्रथम इकाई की घोषणा
- जाह्नवी, पूजा, सुनीता, रीना को सह मंत्री बनाया गया

#### अभाविप छात्र हित में कर रहा काम : उत्तम

इकाई की घोषणा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने की. उन्होंने कहा कि अभाविप लातेहार जिला एवं मनिका नगर में निरंतर छात्र हित में काम कर रहा है. नव नियुक्त कॉलेज अध्यक्ष नीलम कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता चुनौतीपूर्ण है. कहा कि डिग्री कॉलेज मनिका में सभी विषयों के शिक्षकों की बहाली कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी.

## अनुशासन के साथ छात्र खुद पर रखें विश्वास : डॉ एहतेशाम



**संवाददाता। गिरिडीह**

डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह में स्कूल के छात्र रहे डॉ एहतेशाम बकारीब (पुलिस अधीक्षक रांची) के अपने स्कूल आगमन पर शिक्षकों व बच्चों में जबरदस्त खुशी देखी गई. इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य भैया अभिनव कुमार तथा स्कूल के एलएमसी अध्यक्ष सीसीएल जीएम बासव चौधरी ने गर्व के साथ फूलों से डॉ एहतेशाम का स्वागत किया. मौके पर प्राचार्य भैया अभिनव कुमार ने कहा कि डॉ एहतेशाम के आने से बच्चों में नई ऊर्जा संचार होगी एवं यह शिक्षकों को सम्मानित करता हैं. प्राचार्य ने कहा कि अपने पिता के साथ स्कूल पहुंच डॉ एहतेशाम ने बच्चों को जो मार्ग दिखाया है, वह बच्चों के लिए पथ प्रदर्शक का काम करेगा. वहीं डॉ एहतेशाम अपने शिक्षकों के मिलकर और स्कूल को देख अत्यंत खुश हुए.

**क्लासिफाइड**



पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, केंद्रीय एजेंसियों को गुमराह करने का लगाया आरोप

## राज्य में भ्रष्टाचार पर मुख्य सचिव की चुप्पी ठीक नहीं : बाबूलाल

संवाददाता। रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिया है. बाबूलाल ने सीएम को लिखे पत्र में कहा है कि मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से केंद्रीय जांच एजेंसियों को कार्रवाई के मामले में गुमराह किया जा रहा है. बाबूलाल ने कहा कि झारखंड के शीर्ष अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं. मुख्य सचिव से कार्रवाई की मांग भी की गई है, लेकिन उन्होंने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही स्वीकृति दी है. यह एक बड़ी चिंता का विषय है कि इतने गंभीर मुद्दे पर मुख्य सचिव चुप्पी साधे हैं. बाबूलाल ने कहा कि इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि है कि ठोस सबूतों के बावजूद शीर्ष अधिकारियों को बचाने के लिए यह बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हैं. ऐसी यह अकेली घटना नहीं है.

### अभय सिंह भले जेल में है, पर शेर तो शेर होता है : मरांडी

**जमशेदपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने बुधवार को घाघाडीह जेल में बंद भाजपा नेता अभय सिंह से मुलाकात की. लगभग 20 मिनट की मुलाकात में बाबूलाल मरांडी से उनका हालचाल जाना और विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की. अभय सिंह से मुलाकात करने के बाद बाबूलाल ने साफ तौर पर कहा है कि ये सोची समझी साजिश है, जिसके तहत अभय सिंह को फंसाया गया है. कहा कि जहां पर वे उपस्थित ही नहीं थे, उस केस में उनका नाम दे दिया गया.

मानगो के एक पुराने केस में भी उनका नाम डाल दिया गया है. शहर के बच्चे-बच्चे को यह पता है कि राजनितिक षड्यंत्र के तहत अभय सिंह को फंसाया गया है. अगर लोगों को लगता है कि इस



अभय सिंह से मुलाकात कर जेल से बाहर आते बाबूलाल मरांडी.

तरह से अभय सिंह राजनीति से बाहर आ जाएंगे तो वे गलत है. जब ऐसे लोगों को परेशानी होती है तो वो ऐसे ही हथकंडे अपनाते है. भले ही आज वो जेल में बंद है, लेकिन शेर तो शेर ही होता है और वह जल्द ही जंगल से बाहर निकलेंगे. जानबूझ कर अलग-अलग केस में उन्हें फंसाया जा रहा है. पुरे पार्टी का समर्थन अभय सिंह को प्राप्त है.

#### पार्टी में गुटबाजी को एक सिरे से नकारा

जमशेदपुर में पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी के सवाल पर बाबूलाल ने इसे गलत करार दिया. कहा कि संगठन के लोगों के बीच कोई गुटबाजी नहीं है. भाजपा एक विशाल संगठन है, इसमें छोटी-छोटी बातें होती रहती हैं. एक घर में बच्चे कभी-कभी नाराज हो जाते हैं. ऐसे में इसे गंभीर रूप से लेने की आवश्यकता नहीं है.

बाबूलाल मरांडी पूर्व विधायक अरविंद से मिले, बोले-

### जल्द ही वे विधिवत भाजपा में आएंगे



**आदित्यपुर ।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आदित्यपुर पहुंचे. यहां वे पूर्व विधायक अरविंद सिंह से मिले. मौके पर वे बोले अरविंद सिंह पहले भी पार्टी में थे, हमारे साथ थे और जल्द ही वे विधिवत भाजप में आएंगे. उन्होंने कोल्हान में भाजपा की संकल्प यात्रा को सफल बताया. मरांडी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्थन मिल रहा है. उन्हें आगामी चुनाव में तैयार रहने को कहा गया है. इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक के पंडाल निर्माण का भी जायजा लिया. पंडाल निर्माण की भव्यता को देख उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान भी आउंगा. यह देवी दुर्गा से वादा कर के जा रहा हूं. पूर्व विधायक ने कहा कि इस बार मैकेनिकल लाइट से पूरा पंडाल और मुख्य मार्ग जगमगाएगा.

आओ जानें

### सिंदरी से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | भाजपा | फूलचंद मंडल |
| 2005 | भाजपा | राजकिशोर महतो |
| 2009 | झाविमो | फूलचंद मंडल |
| 2014 | भाजपा | फूलचंद मंडल |
| 2019 | भाजपा | इंद्रजीत महतो |



## राजद ने मनाई लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती



संवाददाता। बोकारो

राष्ट्रीय जनता दल की ओर से बोकारो के सेक्टर चार स्थित कार्यालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया. समारोह की अध्यक्षता झारखण्ड प्रदेश राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव (अनुसूचित जाति) रामलाल राम ने किया.

समारोह में झारखंड प्रदेश राजद के प्रदेश महासचिव बहादुर सिंह यादव ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण राजनीतिक विचारक, महान चिंतक एवं युगपुरुष थे. उन्होंने पूरे देश में संपूर्ण क्रांति आंदोलन के माध्यम से जनता को जागरूक किया. युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष समर बहादुर यादव ने कहा कि उन्होंने राजनीतिक जीवन में कभी भी सत्ता के लिए मोह नहीं किया था. जीवन भर सत्ता से दूर रहकर व्यक्ति की स्वतंत्रता को सर्वोपरी मानते थे. वे देश में ऐसी सामाजिक व्यवस्था के पक्षधर थे, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता, मानसिक प्रतिष्ठा एवं लोक कल्याण के आदर्शों से परिपूर्ण हो. समारोह के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने उनके नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया.

मौके पर विजय सिंह यादव, हरिशंकर सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, दिनेश कुमार सिंह, रामजी प्रसाद सिंह, वसीर अंसारी, अबूल खैर, संतोष यादव, दीपक ठाकुर, वीरेन्द्र रजक, जितेंद्र सिंह आयुस कुमार, अरशद अली, हरेराम सिंह यादव, हाजी हसन इमाम व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

ब्रीफ खबरें

### जिप अध्यक्ष ने पीएम सड़क का किया निरीक्षण

**लातेहार :** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने बुधवार को सदर प्रखंड के बेंदी ग्राम से कुमंडीह ग्राम तक बन रही प्रधानमंत्री सड़क योजना का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में कई अनियमितताएं पायीं. उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में लगायी जा रही निर्माण सामग्रियों की क्वालिटी घटिया है. सड़क की थिकनेस भी प्राक्कलन के अनुसार नहीं है. सड़क अभी से ही उखड़ने लगी है. उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में स्थानीयता को प्राथमिकता नहीं देकर बाहरी मजदूरों से काम कराया जा रहा है. उन्होंने कहा कि अगर सड़क आज खराब बनी तो ग्रामीणों को अगले 10-15 वर्षों तक इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा.

### गंभीर बीमारी इलाज योजना की राशि दी

**लातेहार।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने मंगरा स्थित आवास पर बुधवार को गंभीर बीमारी से पीड़ित दो मरीजों को इलाज के लिए राशि प्रदान की. उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को इलाज के लिए मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी राहत योजना के तहत इलाज के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है. इसके तहत बरवाडीह प्रखंड के कुटमू ग्राम निवासी अकरम अंसारी व बबिता कुमारी को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता राशि 50-50 हजार का ड्राफ्ट सौंपा गया. पूर्व भी विधायक द्वारा इलाज के लिए सीएम चिकित्सा राहत के तहत अनुदान राशि उपलब्ध कराई गई थी. मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी व कुलेश्वर सिंह उपस्थित थे.

### मांडू विधायक को सौंपा मिट्टी भरा अमृत कलश

**विष्णुगढ़।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रखंड की 24 पंचायतों से संग्रह की गई मिट्टी से भरा अमृत कलश बुधवार को मांडू विधायक जेपी पटेल को सौंप दिया गया. प्लस टू विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय परिसर में इसको लेकर विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल भाजपा की ओर से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया था. कलश में संग्रहित यह मिट्टी नवनिर्मित संसद भवन तथा शहीद स्मारक में लगेगी. मौके पर गुरु प्रसाद साव, हीरामन महतो, सोमर महतो, बच्चन राम मेहता, तापेश्वर रजक, राजू कुमार महतो, हरि यादव, किशोर कुमार यादव, अंजू देवी आदि मौजूद रहे.

### भाजपा ने निकाली अमृत कलश यात्रा



**चांडिल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कुकडू में अमृत कलश यात्रा निकाली. भाजपा व नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न गांवों से एकत्रित माटी को एकत्रित कर कार्यक्रम प्रभारी को सौंपा गया. साथ ही प्रभात फेरी भी निकाली गयी. इससे पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री सारथी महतो उपस्थित रहीं. इसके अलावा सच्चिदानंद महतो, मेघनाथ महतो, लक्ष्मी, अनिता समेत कई लोग उपस्थित रहे.

समारोह आज : 52 प्रशिक्षकों को भी मिलेगी सम्मान राशि

## सीएम आज करेंगे 19 खेलों के 222 खिलाड़ियों को पुरस्कृत

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को रांची के खेलगांव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित और पुरस्कृत करेंगे. राज्य में खेलों के लिए उत्साहजनक माहौल तैयार करने के उद्देश्य से खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा. मुख्यमंत्री इस समारोह में 19 खेलों के लिए 222 खिलाड़ियों को 4,46.20,000 रुपये व 15 खेलों के 52 प्रशिक्षकों को 48,30,000 रुपये की सम्मान राशि प्रदान करेंगे. इन सभी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किया है.



#### पुरस्कार पाने वालों में किस खेल के कितने खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| फुटबॉल | 55 खिलाड़ी |
| हॉकी | 39 खिलाड़ी |
| वुशू | 24 खिलाड़ी |
| आर्चरी | 23 खिलाड़ी |
| ताईक्वांडो | 17 खिलाड़ी |
| रेसलिंग | 13 खिलाड़ी |
| लॉन बॉल | 11 खिलाड़ी |
| एथलीट | 11 खिलाड़ी |

#### खिलाड़ी सम्मान राशि में की गई है बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री के निर्देश पर झारखंड खेल नीति-2022 के तहत राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और ओलम्पिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों में पदक प्राप्त किया हो अथवा भागीदारी की हो, उन्हें मिलने वाली सम्मान राशि को बढ़ाने का प्रावधान किया गया है. अब खिलाड़ियों को कम से कम 50 हजार से अधिकतम 5 करोड़ रुपये देने का प्रावधान किया गया है, वहीं प्रशिक्षकों को कम से कम 50 हजार से अधिकतम 25 लाख की खिलाड़ी सम्मान राशि का प्रावधान किया गया है.

#### खास बातें

- झारखंड खेल नीति-2022 के तहत मिलेगा सम्मान
- खिलाड़ियों के सहित ट्रेनर को भी मिलेगा सम्मान

### रिम्स में सीनियर रेसिडेंट के 100 पदों पर होगी नियुक्ति

संवाददाता। रांची

रिम्स में बढ़ते मरीजों की बोझ और सीमित मैनपॉवर होने के कारण कई बार मरीज को बेहतर उपचार नहीं मिल पाता है. चिकित्सकों की कमी को दूर करने की कवायद प्रबंधन ने शुरू कर दी है. इसी कड़ी में 3 साल की कार्य अवधि के लिए कुल 100 सीनियर रेसिडेंट की नियुक्ति रिम्स में होगी. विभिन्न विभागों में नियुक्ति को लेकर विज्ञापन का प्रकाशन किया गया है. इनमें ट्रॉमा और सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की चिकित्सकों की भी नियुक्ति होगी. बता दें कि इन पदों पर होने वाली नियुक्ति को लेकर 12, 13, 14, 16 और 17 अक्टूबर को साक्षात्कार लिया जाएगा. रिम्स निदेशक कार्यलय में सुबह 9:30 से 11:00 बजे तक साक्षात्कार का आयोजन किया गया है.

#### इन विभागों के लिए होगी चिकित्सकों की नियुक्ति

मेडिसीन : 06, साइकेट्री : 02, पीडियाट्रिक्स : 01, स्किन : 02, सर्जरी : 01, ऑर्थोपेडिक्स : 03, न्यूरोसर्जरी : 01, पीडियाट्रिक सर्जरी : 01, एनेस्थीसिया : 07, ऑब्स एंड गायनेकोलॉजी : 02, ईएनटी : 03, आई : 04, रेडियोलॉजी : 09, टीबी एंड चेस्ट : 03, कार्डियोलॉजी : 03, रेडियोथेरपी : 04, यूरोलॉजी : 01, पीएमआर : 03, ब्लड बैंक : 01, एमरजेंसी मेडिसिन( ट्रॉमा) : 03,रेडियोलोजी( ट्रॉमा) : 02, क्रिटिकल केयर( ट्रॉमा) : 02, क्रिटिकल केयर( सुपर स्पेशलिटी) : 04, एनेस्थीसिया( सुपर स्पेशलिटी) : 04, कार्डियक एनेस्थीसिया( सुपर स्पेशलिटी) : 03, फिजियोलॉजी : 03, बायोकेमिस्ट्री : 03, पैथोलॉजी : 02, फार्माकोलॉजी :01, माइक्रोबायोलॉजी : 02, एफएमटी : 06, पीएसएम : 02, एनाटॉमी :06

### भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, कई युवा हुए पार्टी में शामिल

**मझगांव।** कुमारडुंगी प्रखंड वन विश्वागार परिसर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कुमारडुंगी मंडल में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष नारायण हेंब्रम की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कई युवा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए. जिसमें सुभाष चन्द्र गोप, जगमोहन सिंकू, मेरेलाल गगराई, रंजन बालमुचू ,रमाकांत नायक ,धर्मेंद्र पिंगुआ,सुखलाल हेंब्रम, शिशिर तिरिया ने भाजपा का दमन थामा. बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रत्याशी भूषण पाठ पिंगुवा ने कहा कि आज पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार की सीमा चर्म पर है. अफसर शाही हावी हो चुकी है. राज्य के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है.

### छात्राओं से मिलीं जिप अध्यक्ष, दी शुभकामना

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड के टूटीकेल पंचायत स्थित उत्कर्मित प्राथमिक विद्यालय सड़क टोली में जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग पहुंचीं और बालिका दिवस पर छात्रों की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है. यह दिन विश्व में बालिकाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने, लड़कियों की शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, करियर के लिए मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्तूबर को मनाया जाता है. बालिका दिवस के मौके पर दुनिया भर की महिलाओं को उनके अधिकार और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जाता है. रोज प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि भारत समेत कई देशों में महिलाओं को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है.

### जेपी जयंती पर जदयू नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड जदयू ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया. मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार जेपी आंदोलन के संघर्षों से उपजे हुए पौधे हैं. जिनके नेतृत्व में आज भारत में नई क्रांति का बीजारोपण हो रहा है. वहीं बैद्यनाथ प्रसाद सिंह (विकल) ने कहा कि आज युवाओं में उसी शैक्षणिक क्रांति, सामाजिक और राजनीतिक क्रांति की जरूरत है. युवा रोजगार के लिए एकजुट हो जाएं. मौके पर रत्ना शर्मा, डॉ ऑफताब जमील, भगवान सिंह, संजय सिंह, उपेन्द्र नारायण सिंह, बैद्यनाथ पासवान, डॉ राजनारायण पटेल, राम जी प्रसाद, प्रवीण कुमार झा, महेश्वर चौधरी तथा अन्य उपस्थित थे.

## 'संकल्प यात्रा से भाजपा को जनता का मिल रहा समर्थन'



संवाददाता। घाटशिला

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की 12 अक्टूबर को संकल्प यात्रा है. राजस्टेट मैदान में यात्रा के सफल आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है. उक्त बातें पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही. बताया कि बाबूलाल 81 विधानसभा में संकल्प यात्रा कर रहे हैं. इससे भाजपा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है. उन्होंने लोगों से सभा में शामिल होकर अपना समर्थन देने का आग्रह किया है.

**भाजपा की तरफ आशा भरी निगाह से देख रही जनता :** लक्ष्मण टुडू ने कहा कि राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर जनता पूरी तरह से हताश और निराश है. राज्य की जनता एक बार फिर भाजपा की ओर आशा भरी निगाह से देख रही है..

### सांसद से की स्थायी दुकान दिलाने की मांग

**हजारीबाग।** फुटपाथ व्यवसायी संघ ने बुधवार को सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात कर स्थायी दुकान देने की मांग की. संघ के अध्यक्ष अनूप भाई वर्मा और फुटपाथ व्यवसायियों ने इस बाबत सांसद को मांग पत्र भी सौंपा. आवेदन देकर फुटपाथ दुकानदारों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया. आवेदन में कहा गया है कि हम सभी गरीब फुटपाथ दुकानदारों की दुकानों को प्रशासन की ओर से बार-बार सड़क किनारे से हटा दिया जाता है. इससे उसके पास आर्थिक तंगी हो जाती है. बच्चों की पढ़ाई-लिखाई रुक जाती है और भुखमरी की स्थिति बन जाती है. उन लोगों के पास दो-चार हजार की पूंजी होती है. प्रशासन से आश्वासन मिलता है कि स्थायी रूप से व्यवस्था की जाएगी.

पारंपरिक ग्राम प्रधान संघ की हुई बैठक, विधायक हुए शामिल

## माझी-प्रधानों का उत्थान कर रही सरकार: महंती

संवाददाता। चाकुलिया

चाकुलिया के जिला परिषद डाकबंगला में बुधवार को पारंपरिक ग्राम प्रधान संघ की एक बैठक संघ के अध्यक्ष ग्राम प्रधान अरूण बारिक की अध्यक्षता में हुई. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि विधायक समीर महंती शामिल हुए. ग्राम प्रधानों ने विधायक को गुलदस्ता देकर स्वागत किया. विधायक के समक्ष ग्राम प्रधानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा.

विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार माझी और प्रधानों के उत्थान के लिए तत्पर है. माझी और प्रधानों के सम्मान में वे अपने विधानसभा के हर प्रखंड कार्यालय में कुर्सी उपलब्ध करायी है, ताकि कार्यालय पहुंचने पर प्रधान और माझी को ससम्मान बैठने का स्थान मिले. माझी और प्रधान गांव के मालिक होते हैं और वे गांव के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं. मौके पर गौतम दास, बलराम महतो,राम बास्के, पिटला दास, विशाल बारिक, संघ के संरक्षक ग्राम प्रधान कोकिल महतो, सचिव मणीन्द्र नाथ महतो, मिहिर महतो, छोटू महतो, पंकज महतो, रतन लाल किस्कू आदि मौजूद रहे.



#### दिया संदेश

- माझी और प्रधान किसी भी गांव के मालिक होते हैं
- माझी-प्रधान गांव के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं

### जलमीनार निर्माण को लेकर भूमिपूजन किया

**कोडरमा।** सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत नवलशाही थाना क्षेत्र (डोमचांच प्रखंड)के खरखार पंचायत स्थित लहरियाटांड़ में जलमीनार का निर्माण कराया जाना है. बुधवार को स्थानीय मुखिया अंजू कुमारी ने विधिवत पूजा कर व नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया. उक्त योजना के अंतर्गत इस जलमीनार की क्षमता साढ़े चार लाख लीटर जल संग्रह की होगी. इस जलमीनार से खरखार पंचायत के सात गांव क्रमशः खरखार, नवलशाही, पहाड़पुर, लहरियाटांड, रतनपुर, पैसरा, उपरबाद में सुचारू रूप से पेयजल की आपूर्ति की जायेगी. उक्त कार्य को संवेदक द्वारा दो वर्षों में पूर्ण करते हुए घर-घर नल से जल पहुंचाया जाना है.

घोषणा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी का विस्तार, कमेटी में कुल 9 उपाध्यक्ष हुए

## बनाए गए 5 नए उपाध्यक्ष, मंच मोर्चा का भी हुआ गठन

संवाददाता। गिरिडीह

झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने जिला कमेटी का विस्तार करते हुए संगठन में चार नए उपाध्यक्ष बनाए हैं. मालूम हो कि पूर्व से भी पांच उपाध्यक्ष कार्यरत हैं. कुल मिलाकर कमेटी में 9 उपाध्यक्ष हो गए. बुधवार को स्थानीय परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में श्री सिंह ने कमेटी की घोषणा की.

उन्होंने बताया कि 13 व 19 जुलाई को आयोजित कोर कमेटी की बैठक में कमेटी विस्तार का निर्णय लिया गया था. उन्होंने कहा कि नए बनाए गए पार्टी पदाधिकारी की संगठन कार्य के अलावा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी. कहा कि कमेटी में तमाम समाज को प्रतिनिधित्व दिया गया है. लोकसभा व विधानसभा चुनाव के संदर्भ में श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में कौन कहां से लड़ेगा यह इंडिया में शामिल घटक दल के नेतृत्व तय करेंगे.



#### खास बातें

- बीते 13 व 19 जुलाई को कोर कमेटी की हुई थी बैठक
- बैठक में सदस्यों ने कमेटी के विस्तार का निर्णय लिया था

#### कमेटी में जोड़े गए चार नए उपाध्यक्ष

श्री सिंह ने बताया कि जिला कमेटी में नूर अहमद अंसारी, त्रिभुवन मंडल, सुमन सिन्हा और देवराज को उपाध्यक्ष बनाया गया है. वहीं मंच मोर्चा में अल्पसंख्यक मोर्चा के चंद रशीद अंसारी को अध्यक्ष व सफीक अंसारी को सचिव, अनुसूचित जाति मोर्चा के कमल दास को अध्यक्ष व संतोष हादी को सचिव, हलदर राय को किसान मोर्चा का अध्यक्ष व हेमराज यादव को सचिव, महिला मोर्चा की प्रमिला मेहरा को अध्यक्ष व ज्योति सोरेन को सचिव, पिछड़ा मोर्चा के शोभा यादव को अध्यक्ष तथा अंबिका राय को सचिव, कीड़ा मोर्चा के नूरुल को अध्यक्ष तथा मदन हेंब्रम को सचिव, युवा मोर्चा के दिलीप मंडल को अध्यक्ष व कालेश्वर सोरेन को सचिव बनाया गया है. मौके पर अजीत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे.

## बलथरवा से चुंगलो पथ के सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास



संवाददाता। गिरिडीह

गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने बुधवार को मटरुखा में बलथरवा से चंगलो स्कूल भाया तेलरख खेशमी पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया. 5.6 किलोमीटर लंबी सड़क तीन करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी. विदित हो कि एक लंबी समय से क्षेत्र के लोग उक्त सड़क के जीर्णोद्धार कार्य की मांग करते आ रहे थे. चुनाव के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से सड़क का कायाकल्प का वादा किया था. श्री सोनू ने कहा कि उक्त सड़क के जीर्णोद्धार कार्य से क्षेत्र के लोगों को सहूलियत होगी. मौके पर राजू कुमार, जीतन सोरेन, चंदेश्वर कुमार, गोपाल शर्मा, राजू मंडल, सहदेव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे

## ब्रीफ खबरें

### आरएसडब्ल्यूएम में एल्यूमिनी मीट

**रांची।** झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी के तहत बूटी मोड़ में संचालित आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड स्किल डिविजन मेगा सेंटर में बुधवार को एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया गया. इसमें मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, फिल्टर मैकेनिक असेंबली तथा स्पेशल स्विंग मशीन ऑपरेटर के प्रशिक्षण प्राप्त लगभग 50 बच्चे शामिल हुए. सेंटर हेड मैनेजर महेंद्र यादव ने कहा कि गांव के कोने-कोने से आए हुए गरीब बच्चे अपने अंदर कौशल का विकास कर रहे हैं.

### डीडीसी देवघर ने की समीक्षात्मक बैठक

**देवघर।** उप विकास आयुक्त देवघर डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता पर्यटन, कला - संस्कृति ,खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग द्वारा क्रियांवित योजनाओं की समीक्षा की गयी. समीक्षा के क्रम में उपस्थित पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए गये-जिसमें पर्यटन मद से देवघर जिला में कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में जिला अभियंता को कड़े शब्दों में सभी योजनाओं का कार्य इस माह में पूर्ण कर विपत्र समर्पित करने का निर्देश दिया गया.

### सड़क निर्माण को लेकर बीडीओ को सौंपा पत्र

**चांडिल।** कुकड़ू प्रखंड के पलाशडीह गांव के ग्रामीणों ने विद्युत वरण महतो के नेतृत्व में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा. ग्रामीणों ने बीडीओ से गांव की अधूरी पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग की. बीडीओ ने ग्रामीणों को मांग पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया. मौके पर मंगल चंद्र महतो, आशुतोष महतो, गुरुपद मांझी, रथु महतो आदि उपस्थित रहे.

### कंपनी के कार्यस्थल का किया गया निरीक्षण

**लातेहार।** अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम के लिए जिला खनन पदाधिकारी निर्देश पर बुधवार को रेलवे थर्ड लाइन निर्माण कार्य में लगे टीटीआइपीएल कंपनी का स्थलीय निरीक्षण खान निरीक्षक राजेश हांसदा ने किया. यह कार्रवाई उपायुक्त के निर्देश पर की गयी. निरीक्षण के क्रम में कार्यस्थल पर 2500 सीएफटी बालू व तीन हजार सीएफटी पत्थर चिप्स का भंडारण पाया गया. इसके बाद डीएमओ ने कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है.

### जल सहियाओं ने एक दिवसीय धरना दिया

**बहरागोड़ा।** झारखंड राज्य जल सहिया संघ के बैनर तले बहरागोड़ा नेताजी शिशु उद्यान परिसर में जल सहियाओं ने धरना प्रदर्शन किया. 50 माह का मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान को लेकर जल सहियाओं ने जिला परिषद सदस्य भूपति नायेक को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में लिखा है कि बहरागोड़ा प्रखंड के करीब 350 जलसहिया को विगत 50 माह से मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है. उन्होंने पूर्व सरकार द्वारा दिये जा रहे 1000 रुपये मासिक मानदेय बकाये के साथ भुगतान करने को कहा.

### बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार अंचलाधिकारी को

**लातेहार।** निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव ने अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो को अपना पदभार सौंपा है. बता दें कि मेघनाथ उरांव का यहां से साहिबगंज जिला में तबादला हो गया है लेकिन अभी तक बतौर बीडीओ यहां किसी की पदस्थापना नहीं की गयी है. इस कारण उरांव ने अंचलाधिकारी को बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है. प्रभार ग्रहण करने के टोप्पो ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी.

### नयी सीडीपीओ अर्चना सिन्हा ने योगदान दिया

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नये बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के रूप में अर्चना सिन्हा ने बुधवार को यहां योगदान दिया. उन्होंने प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सह बीडीओ मेघनाथ उरांव से प्रभार ग्रहण किया. प्रभार ग्रहण करने के बाद अर्चना सिन्हा ने कहा कि सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास के लिए संचालित योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया मेरी प्राथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि ग्रामीणों किसी को भी समस्या हो तो उनसे मिल सकते हैं.

---

### वेतन भुगतान की मांग को लेकर न्यू एडीएम बिल्डिंग पर चार घंटे तक प्रदर्शन

# सप्लाई मजदूरों का आंदोलन समाप्त

**संवाददाता।बेरमो**



सप्लाई मजदूरों का आंदोलन वार्ता के बाद समाप्त हो गया. एक्सग्रेसिया असैनिक विभाग के मजदूरों का वेतन भुगतान की मांग को लेकर न्यू एडीएम बिल्डिंग पर चार घंटे तक प्रदर्शन किया गया. इसके बाद उप महाप्रबंधक कार्यलय में वार्ता हुई. इस संबंध में संयुक्त मोर्चा के संयोजक बृजकिशोर सिंह ने बताया कि वार्ता में सप्लाई मजदूरों का एरियर जो पिछले एक साल से बकाया है, 13 अक्टूबर से भुगतान करने का आश्वासन मिला है. इसके अलावा आउट साइड सिविल नार्थ जोन के मेंटेनेंस विभाग के मजदूरों का दो दिनों के अंदर भुगतान कर दिया जायेगा.

**मोर्चा से वार्ता कर एक्सग्रेसिया की घोषणा करने की मांग :** बैठक में प्रबंधन को बताया गया कि जब सप्लाई मजदूर डीवीसी कर्मी के स्थान पर या उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं तो उन्हें भी इंसेंटिव का लाभ दिया जाए और दुर्गापूजा के अवसर पर प्रबंधन प्रति वर्ष सप्लाई मजदूरों के लिए एकतरफा एक्सग्रेसिया की घोषणा करती है जो कम होता है. इस बार संयुक्त मोर्चा से वार्ता कर एक्सग्रेसिया की घोषणा करने की मांग की गई . प्रबंधन ने प्रतिनिधियों की भावना से मुख्यालय को अवगत कराने का आश्वासन दिया. रिटायर या मृत सप्लाई मजदूरों के ग्रेच्युटी भुगतान पर प्रबंधन ने कहा कि इसपर तेजी से काम चल रहा है. पांच मजदूरों के ग्रेच्युटी सेटलमेंट की मुख्यालय से अनुमति आ गई है. अब बजट की मांग की जाएगी जो आते ही शीघ्र भुगतान कर दिया जायेगा. वार्ता में प्रबंधन की ओर से डीजीएमबीजी होल्कर, उप प्रबंधक रोहित कुमार, वरीय प्रबंधक(एफ) सुशील कुमार, प्रबंधक ( एफ ) बिहारी चौधरी संयुक्त मोर्चा के तरफ से संयोजक ब्रज किशोर सिंह, डीवीसी यूसीडब्ल्यू के महासचिव नवीन पाठक, उपाध्यक्ष अशीम तिवारी, डीवीसी ठेका मजदूर संघ के सचिव संजय मिश्रा, अमरजीत सिंह, एचएमकेयु के सचिव नागेश्वर महतो, एमएसएस के अध्यक्ष रामचंद्र महतो शामिल थे.


---

### आओ जानें

### धर्मों के अनुसार जनसंख्या वितरण

| धर्म | कुल जनसंख्या | प्रतिशत | पुरुष | महिला |
|---|---|---|---|---|
| हिंदू | 22376051 | 67.83 | 11563951 | 10812100 |
| मुसलमान | 4793994 | 14.53 | 2467219 | 2326775 |
| ईसाई | 1418608 | 4.3 | 699902 | 718706 |
| सिख | 71422 | 0.22 | 38189 | 33233 |
| जैन | 14974 | 0.05 | 7763 | 7211 |
| बौद्ध | 8956 | 0.03 | 5217 | 3739 |
| अन्य | 4235786 | 12.84 | 2113699 | 2122087 |
| धर्म नहीं बताया | 68343 | 0.21 | 34375 | 33968 |

स्रोत :-भारत की जनगणना, 2011



---

### वक्ताओं ने सम्मेलन में बताए समस्याओं के विभिन्न उपाय

# सरयू राय ने भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को बनाया मुद्दा

**संवाददाता।धनबाद**



लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर बुधवार को धनबाद के कोयला भवन सभागार में भारतीय जनतंत्र मोर्चा की ओर से एक दिवसीय प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया. प्रतिनिधि सम्मेलन का मुख्य विषय भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी के 'कारण और निवारण' था. बताते चलें कि वर्ष 1974 में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के कुशल नेतृत्व में जो आंदोलन हुआ था, उसमें भी यही मुद्दे प्रमुख थे. सम्मेलन में सभी वक्ताओं ने भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र से जुड़ी दिक्कतों को दूर करने के उपाय बताए.

**भाजमो के सभी जिलाध्यक्षों ने भी विचार रखे :** एक दिवसीय प्रतिनिधि सम्मेलन में विषय प्रवेश सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक, पीएन सिंह ने किया. धन्यवाद ज्ञापन आशीष शीतल मुंडा एवं मंच संचालन धनबाद जिलाध्यक्ष उदय सिंह ने किया. सम्मेलन में भ्रष्टाचार, मंहगाई और बेरोजगारी के कारण और उसके निवारण को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कई उपाय सुझाये गए हैं.

**भ्रष्टाचार दूर करने के उपाय :** भ्रष्टाचार निवारण कानूनों का कड़ाई से अनुपालन एवं उक्त गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध त्वरित गति से न्यायिक प्रक्रिया अपनाते हुए सख्त से सख्त सजा कम समय में दिलाने हेतु ज्यादा से ज्यादा फास्ट ट्रैक कोर्ट का निर्माण, सरकारी विभागों में ई-फाइलिंग और फाइल ट्रैकिंग सिस्टम की अनिवार्यता हो, ताकि सभी विभागीय कार्य एक निश्चित समय-सीमा के अंदर संपन्न हो जाए.

**महंगाई से निजात के उपाय**

- दैनिक उपयोग में आने वाली आवश्यक वस्तुओं के बढ़ती कीमतों पर लगाम
- वितरण प्रणाली पर नियंत्रण हेतु उचित एवं सुदृढ़ प्रबंधन व्यवस्था बनाना एवं उसे लागू करना
- सरकार के आर्थिक नीतियों के परिहीणता और मुद्रास्फीति की कुप्रबंधन के कारण बढ़ती महंगाई के प्रभावों को विश्लेषित कर उनपर नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्रवाई करना
- मांग और आपूर्ति के बीच समन्वय बनाए रखना
- किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य दिलाना
- गुणवत्तायुक्त बीज और जैविक खाद किसानों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना
- फसलों को होने वाली बीमारियों एवं प्राकृतिक मार से नष्ट हुए फसलों हेतु क्षतिपूर्ति राशि की व्यवस्था करना.

**बेरोजगारी दूर करने के उपाय,वक्ताओं ने बताएं**

- औद्योगिक क्षेत्रों की धीमी वृद्धि, बीमार उद्योगों का जीर्णोद्धार
- उद्योग-धंधों में व्याप्त त्रुटियों को दूर कर उन्हें रोजगारपरक बनाना
- कुटीर और लघु उद्योगों में ह्रास के कारणों को चिन्हित कर उनके निदान हेतु ठोस उपाय करना
- आउटसोर्सिंग पर एजेंसियों की बहाली और संविदा पर नियुक्ति बहाली को समाप्त करना
- स्थायी नियुक्ति के लिए मार्ग प्रशस्त करना
- न्यूनतम मजदूरी दर को मंहगाई के अनुरूप बढ़ाना
- मजदूरों को समय पर भुगतान करना

---

# डीजल लोको शेड के पास लगी आग

**संवाददाता ।जमशेदपुर**

टाटानगर डीजल लोको रिपेयरिंग शेड के पास बुधवार की शाम कचरे के ढेर में अचानक आग लग गई. जानकारी मिलने पर शेड में कार्यरत रेलकर्मी मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में आग बुझाने का प्रयास किया. कुल 17 अग्निशामक यंत्र से पहले तो आग बुझाने की कोशिश की गई लेकिन जब वे नाकाम रहे तो झारखंड अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गई. मौके पर अग्निशमन विभाग की एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. बता दें कि शेड से निकलने वाले कचरे को यहां अक्सर फेंक दिया जाता है, जिनमें तेल व मोबिल की मात्रा रहती है और उनमें आसानी से आग लगने का खतरा रहता है. इससे पूर्व भी कचरे में आग लग चुकी है.



आग बुझाते रेल कर्मचारी.

### सीएस को सशरीर पेश होने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के मुख्य सचिव को सशरीर तलब किया है. अदालत ने राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिए जाने पर मुख्य सचिव को 9 नवंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया है. अदालत स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है. इस मामले में न्याय मित्र राजीव रंजन मिश्रा ने अदालत को सुझाव दिया है कि राज्य सरकार वैसे ही मामलों में अपील या एसएलपी दाखिल करे, जो जीतने लायक है. इसके लिए संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी जिम्मेवार होने चाहिए. अगर एसएलपी और अपील में सरकार के खिलाफ कोई आदेश पारित होता है, तो संबंधित अधिकारियों से उक्त मामले में वसूली की जाए. चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई.

# शराब टेंडर की जांच के लिए पीआईएल पर हुई सुनवाई

**संवाददाता।रांची**

झारखंड में थोक शराब के लिए जारी टेंडर में गड़बड़ी की जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. अब इस मामले में 2 जनवरी को सुनवाई होगी. इसके साथ ही अदालत ने प्रार्थी को भी सरकार के जवाब पर प्रति उत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया है. सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पक्ष रख रहे वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में सरकार ने जुलाई में जवाब दाखिल कर दिया है. इस पर अदालत ने कहा कि सरकार की ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है. सिर्फ प्रार्थी की ओर से 12 मई को एक शपथ पत्र दाखिल किया गया है. अदालत ने फिर से सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि प्रार्थी और उनके वकील पर आपराधिक मामले दर्ज हैं. ऐसे में उक्त याचिका पर सुनवाई नहीं की जानी चाहिए.

**उमेश कुमार ने याचिका दाखिल की है :** प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने अदालत को बताया कि इस मामले में उनके सहायक अधिवक्ता के चचेरे भाई को धनबाद पुलिस ने बिना कारण उठा लिया था और 45 घंटे थाने में रखा. ऐसा सत्ता पक्ष के एक विधायक के कहने पर किया गया. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा व जस्टिस आनंद सेन की अदालत में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. इस संबंध में प्रार्थी उमेश कुमार ने याचिका दाखिल की है.

---

# टाटा मोटर्स कान्वाई चालकों ने उपायुक्त से लगाई गुहार

**संवाददाता।जमशेदपुर**



ज्ञानसागर प्रसाद

टाटा मोटर्स कान्वाई चालक संघ ने बुधवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को ज्ञापन सौंप कर कान्वाई चालकों को उनका हक दिलाने का आग्रह किया. इस संबध में कान्वाई चालक संघ के नेता ज्ञानसागर प्रसाद ने कहा कि टाटा मोटर्स प्रबंधन द्वारा पूर्व उपायुक्त एवं उप श्रमायुक्त द्वारा दिए गए आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है. पूर्व उपायुक्त नितिन मदन कुलकर्णी वर्ष 2001 और अमित कुमार ने 2017 में कान्वाई चालकों को न्यूनतम मजदूरी, मेडिकल सुविधा देने का आदेश टाटा मोटर्स को दिया था लेकिन टाटा मोटर्स प्रबंधन द्वारा उपायुक्त के आदेश की अवहेलना करते हुए कान्वाई चालकों के साथ अन्याय किया जा रहा है. यहां तक कि पूर्व में कान्वाई चालकों को बोनस के तौर पर एकमुश्त राशि भी दी जाती थी. अब प्रबंधन द्वारा कान्वाई चालकों को सरकार द्वारा निर्धारित अति कुशल मजदूर की न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जाती है. प्रसाद ने कहा कि उपायुक्त से आग्रह किया गया कि टाटा मोटर्स द्वारा चेचिस शहर से बाहर भेजी जाती है, उसका थर्ड पार्टी इंश्योरेस किया जाता है, जबकि नियमानुसार चेचिस का फर्स्ट पार्टी इंश्योरेंस किया जाना चाहिए. इससे सरकार को प्रतिदिन करोड़ों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है. इसकी जांच कराई जाए.

### दूसरे दिन भी कृषक मित्रों की भूख हड़ताल जारी

**गिरिडीह।** झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ जिला इकाई बुधवार को दूसरे दिन भी झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में भूख हड़ताल पर डटे रहे. काबिले गौर है मोर्चे ने कृषक मित्र पार्टी कार्यालय को पूरी तरह अपने कब्जे में कर लिया है. कार्यालय में ही दरी पर कृषक मित्र भूख हड़ताल पर बैठे हैं. भूख हड़ताल का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कृषक मित्रों को भी आंगनबाड़ी तथा शिक्षकों के तर्ज पर सुविधा देने का वादा किया था. पार्टी के घोषणा पत्र में भी कृषक मित्र को मानदेय देने का वादा किया गया था, पर सारी घोषणाएं चुनावी साबित हुई. भूख हड़ताल में मुख्य रूप से केदारनाथ, अजय सिंह, गजेंद्र राणा, राजेश प्रसाद, मोहन वर्मा, सदानंद पाठक, मनोज राम, दिनेश यादव सहित कई कृषक मित्र शामिल हैं.

# कोलियरी को बंद होने नहीं देंगे : संघ

**संवाददाता।निरसा**



जनता मजदूर संघ के मुगमा क्षेत्र अध्यक्ष कमल बनर्जी के नेतृत्व में प्रदर्शन.

जनता मजदूर संघ के बैनर तले बुधवार को चापापुर कोलियरी के समक्ष कमल बनर्जी के नेतृत्व में धरना दिया गया. जनता मजदूर संघ के मुगमा क्षेत्र अध्यक्ष कमल बनर्जी ने बताया की ईसीएल मैनेजमेंट चापापुर कोलियरी को बंद करने की साजिश चल रही थी. श्रमिकों के स्थानांतरण की रणनीति इनके द्वारा तैयार की जा रही थी. खदान चलाने का इन लोगों का मन नहीं रहता है. ये लोग अंडरग्राउंड माइंस को बंद करना चाहते हैं, ओपनकास्ट के माध्यम से उत्पादन करना चाहते हैं और मोटी काली कमाई से अपनी जेब भरना चाहते हैं. आज हमलोग अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं. जबतक खदान चालू नहीं होगा तब तक बैठे रहेंगे. आखिरकार जनता मजदूर संघ की श्रमिक हित की लड़ाई में प्रबंधन को झुकना पड़ा. प्रबंधन ने कहा की खदान बंद नहीं किया जाएगा. जनता मजदूर संघ के नेतृत्व में चापापुर कोलियरी मजदूरों की बड़ी जीत हुई. श्रमिक भाईयों के हर लड़ाई में जनता मजदूर संघ कदम से कदम मिलाकर चलेगा. धरना में जनता मजदूर संघ के मुगमा क्षेत्र के अध्यक्ष कमल बनर्जी,एरिया सचिव पीएन राय, परितोष राय, सुरेश रविदास, किस्टो मंडल, धर्मेंद्र यादव, अशोक मंडल, नीलू भक्ति, राजू दास, वैधनाथ रवानी , रविलाल हेंब्रम, सनातन हाड़ी, एवं चापापुर कोलियरी के श्रमिक मौजूद थे.

**चापापुर कोलियरी**

- जबतक खदान चालू नहीं होगा तब तक बैठे रहेंगे : संघ
- जनता मजदूर संघ की लड़ाई में प्रबंधन को पड़ा झुकना

### थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**जामताड़ा।** दुर्गापूजा के मद्देनजर बुधवार को नारायणपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में अधिकारियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने पर बल दिया. कहा कि इस क्षेत्र में पर्व त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की परंपरा रही है. इस वर्ष भी उसी परंपरा का निर्वहन करना है. शांति समिति के सदस्य व प्रशासन एक दूसरे का सहयोग करेंगे. कहा कि लोग किसी अफवाह में न पड़े अगर कहीं किसी तरह की बात सुनने को मिलती है, तो प्रशासन से संपर्क कर सच्चाई का पता अवश्य लगा लें. पर्व में प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे. 24 अक्टूबर को विजयदशमी मनाई जाएगी. सड़क किनारे लगाने वाले मेले की जानकारी प्रशासन ने ली. कहा कि सड़क किनारे लगने वाले मेला में उचित रोशनी अवश्य रखना है. ताकि कोई घटना घटित नहीं हो. वही आमजनों ने भी बेरिकेडिंग सड़क पर लगाने की मांग रखी.

---

**नाराज** कहा, काफी कम मानदेय पर कराया जा रहा है काम, परिवार चलाना भी मुश्किल

# किसान मित्रों का मंत्री के आवास के बाहर किया धरना-प्रदर्शन

**संवाददाता।चक्रधरपुर**



मंत्री जोबा माझी के आवास के बाहर धरना प्रदर्शन में बैठे किसान मित्र

झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ के बैनर तले अपने विभिन्न मांगों को लेकर किसान मित्रों ने बुधवार को चक्रधरपुर के पम्प रोड स्थित झारखंड की समाज कल्याण एवं महिला, बाल विकास विभाग की मंत्री जोबा माझी के आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन किया. इस दौरान किसान मित्रों ने कहा कि वे वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में अपनी सेवा देते आ रहे हैं. किसान मित्रों को काफी कम मानदेय देकर काम कराया जा रहा है. इससे परिवार चलाना भी मुश्किल होता है. मानदेय वृद्धि को लेकर कई बार किसान मित्रों ने मांग उठायी लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है. 13 वर्षों से कृषक मित्र के रूप में राज्य एवं केंद्र सरकार के सभी प्रकार के कृषि कार्य करते हैं. किसान क्रेडिट कार्ड, बीज खाद एवं दवा वितरण, कृषक पाठशाला संचालन, किसानों को प्रशिक्षण दिलाना, झारखंड राज्य फसल राहत योजना से किसानों को जोड़ना, पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को जोड़ना, किसा ऋण माफी योजना का किसानों को लाभ दिलाना इत्यादि कार्य जिम्मेवारीपूर्वक करते हैं. मांगों में किसानों का मानदेय लागू करने, किसान मित्रों को स्थायी करना शामिल है. ये सभी मांगें मुख्यमंत्री से मिलकर अवगत कराना चाहते हैं. किसान मित्रों ने कहा कि जब तक मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तो तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा. इस मौके पर कृतिवास प्रधान, रमाय बरजो, मधुसूदन सुरीन, कुशो प्रधान, नरेन्द्र मुंडा, वनवासी महतो, पोमा हांसदा, रीता सुरीन, नारंगा बानरा, सोमा बोदरा, शिवशंकर नायक, प्रियंका प्रधान, लक्ष्मी पूर्ति के अलावे पोड़ाहाट अनुमंडल की विभिन्न प्रखंडों के किसान मित्र मौजूद थे.

**क्या कहा**

- मांगों पर विचार नहीं किया गया तो जारी रहेगा धरना
- किसान मित्रों को स्थायी किया जाए, हम वर्षों से दे रहे सेवा

# पीडीएस को दुरुस्त करने के लिए गठित हुआ जांच दल

**संवाददाता ।गोड्डा**

जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के खिलाफ लगातार मिल रहे शिकायत के आलोक में उपायुक्त जिशान कमर के आदेश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत जन वितरण प्रणाली के दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है. उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ गोड्डा एसडीओ महगामा जिला भू -अर्जन पदाधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी समेत जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के द्वारा जिले के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया गया. जांच के क्रम में अगस्त, सितंबर एवं अक्टूबर माह में आवंटित खाद्यान्न की मात्रा, उपलब्ध कराये गये खाद्यान्न की मात्रा, वितरित खाद्यान्न की मात्रा, वितरण के बाद बचे खाद्यान्न की मात्रा से संबंधित जांच की जा रही है. पूर्व में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा लाभुकों को यह बताया गया था कि अगस्त एवं सितंबर माह में कम मात्रा में खाद्यान्न मिला है इस वजह कम वितरण किया गया. इस पर विगत दिनों जांच कर कई जन वितरण प्रणाली दुकानदार के विरुद्ध मामला दर्ज कराया जा चुका है. उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अगले आठ दिनों के अंदर शत प्रतिशत खाद्यान्न का डीएसडी सुनिश्चित कराने एवं डीएसडी निविदा में अंकित वाहनों से ही खाद्यान्न का ढुलाई कर निविदा के अनुरूप गाड़ियों की संख्या उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया.

# बेरमो को जिला बनाने का सपना रह गया अधूरा

बोकारो । संवाददाता

झारखंड अलग राज्य गठन होने के बाद से ही बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल की जनता में उम्मीद जगी थी कि बेरमो को जिला और जैनामोड़ को अनुमंडल तथा पेटरवार प्रखंड की बारह पंचायतों को मिलाकर चांदो प्रखंड बनाया जाएगा. राज्य गठन के 23 साल पूरे होने को हैं लेकिन जनता की यह मांग आज भी अधूरी है. बेरमो को जिला और जैनामोड़ को अनुमंडल तथा चांदो को प्रखंड बनाने का वादा सिर्फ चुनावी जुमला बनकर रह गया है. लोगों का तर्क है कि जब इससे कम जनसंख्या और क्षेत्रफल वाले इलाके को जिला बनाया गया है तो बेरमो को क्यों नहीं जिला का दर्जा दिया जाये.



बोकारो जिले का जैनामोड़ शहर.

**कई जिलों से अधिक क्षेत्रफल :** बेरमो अनुमंडल में गोमिया, पेटरवार, कसमार, बेरमो, नावाडीह जरीडीह , चंद्रपुरा प्रखंड शामिल है तथा इसका क्षेत्रफल 45.22 वर्ग किलोमीटर है जो राज्य के कई जिले रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा आदि से भी अधिक है. बेरमो अनुमंडल का बेरमो, फुसरो, चंद्रपुरा, कथारा, जरीडीह इलाका औद्योगिक व कोलमाइंस वाला क्षेत्र है. गोमिया का ललपनिया, नावाडीह, बीटीपीएस, महुआटांड़, झुमरा पहाड़ आदि इलाका औद्योगिक व ग्रामीण इलाका है. बेरमो अनुमंडल क्षेत्र में कुल 22 थाना और ओपी है. विधि व्यवस्था एवं विकास योजनाओं की सही मॉनिटरिंग के लिए बेरमो को जिला और जैनामोड़ को अनुमंडल तथा चांदो को प्रखंड बनाने की मांग लंबे समय से ग्रामीण कर रहे हैं.

**खास बातें**

- पेटरवार का चांदो भी नहीं बन पाया प्रखंड
- काफी पुरानी है क्षेत्र के लोगों की यह मांग

**सड़क से सदन तक आंदोलन :** पिछले एक साल से बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति ने धारदार आंदोलन भी सड़क से सदन तक शुरू किया है लेकिन इसके बावजूद अब तक सरकार या प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं हुई है.

चलकरी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता काशीनाथ केवट, जैनामोड़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश सिंह एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि बेरमो विधानसभा क्षेत्र में पड़नेवाले वाले पेटरवार के दस पंचायतों और जरीडीह के बारू एवं कसमार प्रखंड के सोनपुरा पंचायत को मिलाकर चांदो प्रखंड निर्माण की मांग के समर्थन में वर्षों से आंदोलन चलाया जा रहा है. जनहित में बारह पंचायत वाले चांदो को प्रखंड का दर्जा दिया जाना बहुत जरूरी है. बारह पंचायतों से प्रखंड मुख्यालय की अत्यधिक दूरी होने के कारण अपेक्षित विकास नहीं हो सका. एक जिला बनने की जो अर्हता चाहिए, उसे बेरमो क्षेत्र पूरा भी करता है लेकिन न जानें क्यों बेरमो को जिला बनाने की मांग पर सरकार उदासीन बनी हुई है.

## आओ जानें
### शाकाहारियों की जनसंख्या

- भारत : 39%
- मेक्सिको : 19%
- ताइवान : 13-14%
- इजराइल : 13%
- ऑस्ट्रेलिया : 12.1%
- अर्जेंटीना : 12%
- फिनलैंड : 12%
- स्वीडन : 12%
- ऑस्ट्रिया : 11%
- डेनमार्क : 10%
- जर्मनी : 10%
- यूके : 10%
- न्यूजीलैंड : 10%
- वियतनाम : 10%
- जापान : 9%
- नॉर्वे : 9%
- इटली : 8.9%
- पोलैंड : 8.4%
- ब्राजील : 8%
- कनाडा : 7.6%
- बेल्जियम : 7%
- चिली : 6%

## ब्रीफ खबरें

### आज होगा मेंटेनेंस, 5 घंटे नहीं रहेगी बिजली

**घाटशिला।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल घाटशिला की ओर से गुरुवार को अमाईनगर विद्युत शक्ति उपकेंद्र अंतर्गत 11 केवी घाटशिला फीडर का मेंटेनेंस कार्य किए जाने को लेकर सुबह 10 बजे से संध्या 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत सहायक अभियंता अमरजीत प्रसाद ने बताया कि दुर्गा पूजा को देखते हुए 11 केवी घाटशिला फीडर के लाइन के मेंटेनेंस कार्य के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली काटी जाएगी.

### कटे होंठ वाले मरीजों के लिए जांच शिविर 17 को

**जमशेदपुर।** जन्मजात कटे होंठ व तालु वाले रोगियों के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए जांच शिविर का आयोजन 17 अक्टूबर को आनन्द मार्ग प्राइमरी स्कूल गदरा शिव मंदिर के पास में आनंद मार्ग आश्रम में किया जाएगा. निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल, प्रिवेंशन ऑफ क्रुएलिटी एनिमल्स एंड प्लांट्स एवं ऑपरेशन स्माइल के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा. कुपोषित बच्चों को लेक्टोजन एवं औषधि निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा.

### दुर्गापूजा को लेकर निरसा में शांति समिति की बैठक

**धनबाद।** दुर्गा पूजा को लेकर निरसा पुराना थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में पूजा समन्वय समिति के सदस्य, पंडालों के अध्यक्ष, सचिव और अन्य समाजसेवी उपस्थित थे. वक्ताओ ने कहा गया कि पूजा के दौरान जुलूस में आपत्तिजनक गाना नहीं बजेगी. इसके अलावा साफ-सफाई बिजली व्यवस्था पंडाल में अग्निशमन की व्यवस्था आदि चीजों का विशेष ख्याल रखा जाएगा. पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है.

### उपनिदेशक ने सफाई प्रबंधन का दिया निर्देश

**धनबाद।** दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ के मद्देनजर राज्य शहरी विकास अभिकरण ( सूडा ) के उपनिदेशक कृष्ण कुमार ने धनबाद नगर निगम को सफाई व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिये हैं. उपनिदेशक ने इस संदर्भ में विशेष टीम गठित करने का निर्देश दिया है. उपनिदेशक ने कहा है कि निकाय अंतर्गत सभी वार्डों में शत प्रतिशत वेस्ट कलेक्शन सुनिश्चित किया जाये. निकाय अंतर्गत सभी जलाशयों की स्वच्छता सुनिश्चित किया जाये.

### इसरी बाजार मुखिया संघ की बैठक हुई संपन्न

**डुमरी।** इसरी बाजार उत्तरी पंचायत सचिवालय सभागार में बुधवार को मुखिया संघ की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष जगदीश प्रसाद महतो ने किया. इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी. जिसमें पीडीएस में मिल रही शिकायत, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, पशुपालन, जल नल योजना, शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी, टीएडीए, मुखिया के द्वारा मनरेगा के कामों को 5 लाख तक की राशि की स्वीकृति आदि पर चर्चा की गई.

### वार्ड सदस्यों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**हुसैनाबाद, पलामू ।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत के वार्ड सदस्यों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण शिविर में हुसैनाबाद प्रखंड के 22 पंचायतों के सभी वार्ड सदस्यों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जाएगा. मौके पर प्रशिक्षण पदाधिकारी आशुतोष कुमार सिंह और प्रेम प्रकाश ने कहा कि यह प्रशिक्षण दिनांक 11 अक्टूबर से प्रारंभ होकर होकर 31 अक्टूबर तक चलेगा. चार मुख्य प्रशिक्षकों के द्वारा सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

### बैठक में हुई टीबी मुक्त कार्यक्रमों की समीक्षा

**साहिबगंज।** बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय टीबी मुक्त कार्यक्रमों कि समीक्षा बैठक आयोजित की गयी. वहीं उपायुक्त रामनिवास यादव ने योजना अंतर्गत टीबी मरीजों को मिलने वाली राशि की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए जिन प्रखंडों में भुगतान लंबित है, उसके लंबित रहने का कारण जानते हुए अगले 07 दिनों के भीतर टीबी से संबंधित सभी भुगतान 90% करने का निर्देश दिया.

## विश्व बालिका दिवस पर बाल विवाह से मुक्ति वाली पुस्तक का विमोचन

# भारत में 2050 तक बाल विवाह 6% तक कम हो जाएगा : सचिव

संवाददाता। बोकारो

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सहयोगिनी की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सहयोग से न्याय सदन सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिले के अधिकारियों ने ''व्हेन चिल्ड्रन हैव चिल्ड्रनः टिपिंग प्वाइंट टू एंड चाइल्ड'' नामक पुस्तक का विमोचन किया.

कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा की सचिव निभा रंजन लकड़ा सहित जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा, बाल कल्याण समिति की प्रीति प्रसाद, रेनू रंजन सहयोगिनी की अध्यक्ष सुचित्रा सिंह, कल्याणी सागर जिला परिषद सदस्य सुनीता टुडू आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. डालसा की सचिव निभा रंजना लकड़ा ने कहा कि भारत जिस तरह से बाल विवाह के मुद्दे से निपट रहा है उसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है लेकिन आगे का रास्ता अभी भी लंबा है.

भारत में बाल विवाह की वर्तमान दर अभी भी 23.3 प्रतिशत है. यूनिसेफ का अनुमान है कि यदि पिछले 10 वर्षों की प्रगति जारी रही, तो 2050 तक भारत में बाल विवाह छह प्रतिशत तक कम हो जाएगा.



पुस्तक के विमोचन पर मौजूद अतिथि.

### जमीन पर काम कर रहे हैं : अनीता

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा ने कहा कि हम बाल विवाह को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए लगातार जमीन पर काम कर रहे हैं . हम व्यवहार परिवर्तन के दो पहलुओं पर काम कर रहे हैं . पहला है जागरूकता पैदा करना . दूसरा महत्वपूर्ण पहलू मौजूदा कानूनों और नीतियों को लागू करना है . सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि अब, यह पुस्तक हमें एक स्पष्ट तस्वीर देती है कि इस अपराध को उचित रणनीति के साथ कैसे समाप्त किया जाए . यह सरकारी एजेंसियों से लेकर समुदायों और हमारे जैसे लोगों तक सभी के लिए एक रोडमैप है . उन्होंने कहा कि सहयोगिनी पूरे देश में 300 से अधिक जिलों में स्थानीय और जमीनी स्तर पर बाल विवाह को समाप्त करने के लिए काम करने वाले 160 संगठनों में से एक है .

### बाल विवाह मुक्त भारत के लिए तैयारी

सभी संगठन 16 अक्टूबर को राष्ट्रीय बाल विवाह मुक्त भारत दिवस के लिए तैयारी कर रहे हैं, जब संदेश फैलाने के लिए हजारों गांवों में जागरूकता कार्यक्रम, प्रतिज्ञा, सड़क शो, कैंडल मार्च, कार्यशालाएं और कई अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएगी . कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य सुनीता टुडू , तबस्सुम खातून ,फुलेंद्र रविदास, गौतम सागर, निक्की कुमारी, अंजली कुमारी, डॉ . अनामिका आदि ने भी संबोधित किया है . इस दौरान कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन की मोबिलाइजर प्रतिभा कुमारी ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण कराया . कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रगति शंकर, मो . स्कान सिंह, अखिलेश्वर पांडे, रेखा कुमारी, सोनी कुमारी, अंजू देवी, मंजू देवी, सूरजमानी देवी, पूर्णिमा देवी, अनंत कुमार सिंहा, अशोक कुमार, प्रवीण कुमार, विकास गोस्वामी, मिनटी कुमारी सिंहा आदि उपस्थित थी . कार्यक्रम का संचालन कुमारी किरण ने किया .

# सबर युवक को हाथी ने पटका, जख्मी

संवाददाता । चाकुलिया

प्रखंड अंतर्गत कालियाम पंचायत के सालबनी गांव निवासी महादेव सबर नामक 27 वर्षीय युवक को बुधवार की सुबह तुतरीशोल जंगल में एक हाथी ने पटक दिया. इससे वह जख्मी हो गया. महादेव सबर का बायां पैर टूट गया है. वह जंगल में मशरूम चुनने गया था. घायल अवस्था में उसे ग्रामीणों ने उठाकर तुतरीशोल गांव में लाकर रखा, घटना की सूचना पाकर पंचायत के मुखिया दासो हेम्ब्रम पहुंचे. उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग और 108 एंबुलेंस को दी. जानकारी के मुताबिक महादेव सबर जंगल में मशरूम चुनने गया था. इसी दौरान सामने एक हाथी आ गया. इस हाथी को देखकर सबर भागने लगा. एक अन्य हाथी ने उसे पटक दिया. हाथी ने उसके बाएं पैर को अपने पैर से कुचल कर तोड़ दिया. किसी तरह उसकी जान बच गई. सूचना दिए जाने के बावजूद 108 एंबुलेंस नहीं पहुंचा. इसके बाद मुखिया के प्रयास से घायल युवक को एक टेंपो से चाकुलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया.



### जंगली हाथियों ने धान की फसल को रौंदा

**चाकुलिया।** प्रखंड में जंगली हाथियों का उपद्रव बढ़ता ही जा रहा है . जंगली हाथियों द्वारा खेत में खड़ी धान की फसल को रौंद कर और खाकर बर्बाद करने का सिलसिला जारी है . मंगलवार की रात करीब 12 हाथियों ने जमुआ पंचायत के जमुआ गांव में जम कर उत्पात मचाया . हाथियों ने कई किसानों के खेत में खड़ी धान की फसल को नष्ट कर दिया . हाथियों ने सुदान मुंडा, कुश मुंडा, सलाई बेसरा, खांदी मांडी के खेत में खड़ी धान की फसल को खाया और पैरों से रौंद कर नष्ट कर दिया .

### डालटनगंज रेलवे स्टेशन में विजिलेंस टीम का छापा

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन में टिकट बुकिंग काउंटर पर मंगलवार की देर शाम निगरानी की टीम ने छापेमारी की. घंटे भर चली छापेमारी में एक-एक टिकट और पैसे का मिलान किया गया. इस दौरान दो टिकट काउंटर पर अधिक पैसे बरामद हुए. एक काउंटर पर 85 रुपये, जबकि दूसरे पर 25 रुपये अधिक मिले. टिकट काउंटर से अधिक रुपये मिलने के बाद निगरानी की टीम दस्तावेज को अपने साथ ले गई है और पूरे मामले में बुकिंग क्लर्क से जवाब मांगा गया है. बताया गया कि टिकट से अधिक रकम की वसूली की शिकायत पर धनबाद से रेलवे की विजिलेंस टीम पलामू पहुंची थी.

# 21 भारी वाहनों से वसूले 8 लाख रुपये फाइन : राजेश

संवाददाता। धनबाद

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को तोपचांची, बलियापुर, महुदा सहित विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया, जिसमे 21 भारी वाहनों से आठ लाख रुपये से अधिक की फाइन वसूली की गई .

जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, बिहार, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र इत्यादि राज्यों के लगभग 100 से अधिक वाहनों की टैक्स फेल, ओवरलोड, फिटनेस, ओवर साइज इत्यादि की जांच की गई. जांच के क्रम में 14 ट्रक, 6 हाईवा तथा 1 ट्रेलर सहित 21 वाहनों से मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत आठ लाख रुपये से अधिक की फाइन वसूली गई. अधिकतर वाहनों ने ऑनलाइन फाइन जमा कर दिया है. वहीं ओवरलोड गाड़ियों को जब्त कर संबंधित थानों में रखा गया है. उन्होंने कहा कि जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आगे भी इस प्रकार का अभियान जारी रहेगा. अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी सहित परिवहन कार्यालय के कर्मी मौजूद थे.

# मार्च 2024 तक पूरा होगा थर्ड लाइन : जीएम

संवाददाता । घाटशिला

दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) अनिल कुमार मिश्रा घाटशिला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने बुधवार को अपने स्पेशल सैलून से पहुंचे. निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि थर्ड लाइन के काम का निरीक्षण किया गया. जमशेदपुर के पहले से आदित्यपुर रेलवे स्टेशन तक दुर्गा पूजा के बाद काम शुरू हो जाएगा. उम्मीद है कि मार्च 2024 तक थर्ड लाइन का काम पूरा कर लिया जाएगा. साथ ही उन्होंने अमृत भारत स्टेशन के संबंध में बताया कि लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का कायाकल्प किया जाएगा. वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को लेकर कहा कि किसी भी ट्रेन का ठहराव पब्लिक डिमांड पर रेल मंत्रालय द्वारा निर्धारित होता है. स्टेशन के बाहर अस्थाई दुकानदारों को स्थाई दुकान देने के संबंध में उन्होंने कहा कि रेलवे की पॉलिसी में नहीं है. रेलवे की जो भी जमीन है उसे और बेहतर तरीके से सजाया संवारा जाएगा. स्थाई दुकान बनाने के लिए राज्य सरकार का काम है, चाहे तो वह कर सकती. उनके साथ खड़कपुर डिवीजन के डीआरएम केआर चौधरी सहित अन्य कई रेलवे के वरिय पदाधिकारी मौजूद थे.



### जीएम ने किया स्टेशन का किया निरीक्षण

**चाकुलिया ।** साउथ ईस्टर्न रेलवे जोन के महाप्रबंधक (जीएम) अनिल कुमार मिश्रा, खड़कपुर रेल डिवीजन के डीआरएम के आर चौधरी और सीनियर डीसीएम ओम प्रकाश चरण ने बुधवार को चाकुलिया स्टेशन का निरीक्षण किया. जीएम ने स्टेशन परिसर में निर्मित शौचालय का निरीक्षण किया. पुरूष शौचालय में बल्ब नहीं रहने और शौचालय से दुर्गंध आने पर जीएम ने चाकुलिया स्टेशन प्रबंधक को फटकार लगाते हुए शौचालय दुरूस्त करने की बात कही. उन्होंने फुट ओवरब्रिज का अवलोकन किया और प्लेटफॉर्म नंबर एक से पांच तक यात्रियों के जाने लिए बनाए गए फुट ओवरब्रिज को घुमावदार देख संबंधित पदाधिकारी को सीधा फुट ओवरब्रिज निर्माण कराने की दिशा में पहल करने की बात कही. स्टेशन परिसर में लगे ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन को देखा और कंट्रोल रूम में जाकर स्टेशन मास्टर से विभिन्न तकनीक से संबंधित जानकारी ली.

### जीएम के आगमन को लेकर लिया जायजा

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा के आगमन से पूर्व बुधवार को चक्रधरपुर के डीआरएम अरुण जे राठौर ने टाटानगर स्टेशन और यार्ड की लाइन का निरीक्षण किया . इस दौरान उन्होंने टाटा से आदित्यपुर के बीच बन रही थर्ड लाइन की प्रगति रिपोर्ट ली, ताकि वे रेल जीएम को इससे अवगत करा सके . डीआरएम ने आसनबनी से सलगाझुड़ी केबिन तक थर्ड लाइन बिछाने से लेकर ट्रैक्शन व सिग्नल के कार्य की जानकारी आरवीएनएल के इंजीनियर से ली . निरीक्षण में परिचालन, इंजीनियरिंग, ट्रैक्शन, सेफ्टी समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल थे . सभी ने डीआरएम को प्वाइंट व खंभा नंबर के अनुरुप ही विकास कार्य से अवगत कराया .

# बीएसएल के खिलाफ नारेबाजी

संवाददाता । बोकारो

विस्थापित अप्रेंटिस संघ बोकारो ने एचआरडी कार्यालय के समक्ष 11 अक्टूबर को प्रदर्शन कर बोकारो इस्पात प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की. संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों का आरोप है कि बीएसएल की ओर से 11 अक्टूबर से ग्रेड एस वन का स्कील टेस्ट बोकारो में होना था, लेकिन बोकारो प्रबंधन ने स्कील टेस्ट के स्थान परिवर्तन कर इसे चास नाला में कर दिया. इसलिए संघ की ओर से इस कार्यक्रम को बाधित करने के लिए नारेबाजी व प्रदर्शन किया गया. संघ के प्रदीप सोरेन ने कहा कि बोकारो प्रबंधन ने विस्थापित विरोधी मानसिकता के तहत हमलोगों से पहले ली गई परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया. जबकि हमलोगों की परीक्षा का रिजल्ट अभी तक जारी नहीं किया है.

**जल्द रिजल्ट जारी करने की मांग :** सुनिल कुमार ने बोकारो प्रबंधन से जल्द से जल्द पुरानी परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की मांग की. इस दौरान लोगों ने कहा कि नई बहाली की विज्ञप्ति अगर आने वाले दिनों में बीएसएल प्रबंधन नहीं निकालती है तो बोकारो स्टील प्लांट के प्रशासनिक भवन के सभी गेटों को जाम किया जायेगा. इस दौरान संघ की ओर से जो मुख्य प्रमुख मांगें रखी गयी, उनमें से 30 अप्रैल 2023 को हुई एसीटीटी की परीक्षा का परिणाम अविलंब जारी करते हुए विस्थापितों को ही सौ प्रतिशत लेने, सभी विस्थापित अप्रेंटिस का प्लांट ट्रेनिंग के बाद बीएसएल में नियोजन सुनिश्चित करने, सभी तरह की बहाली में विस्थापितों के लिए अधिकतम उम्र सीमा को पूर्व की भांति 45 वर्ष करने, बीएसएल से अप्रेंटिस पूरा कर चुके सभी विस्थापितों की बदहाल आर्थिक स्थिति को देखते हुए बोकारो स्टील प्लांट में अविलंब एचएसडब्ल्यू का गेटपास बनाकर वैकल्पिक रोजगार देने की मांग शामिल है. कार्यक्रम में हकीम रजवार, सुनील कुमार, सुभाष कुमार, शाहिद राजा, राकेश सिंह, विनोद सोरेन, अमित सिंह, कैसर इमाम, प्रफुल कुमार, प्रमोद कुमार, धनराज कुमार, अशोक कुमार, किशोर कुमार, दुर्गा चरण महतो, अमजद हुसैन, चंद्रकांत कुशवाहा, अमोद कुमार,अरबिंद कुमार, सुरेंद्र कुमार व अन्य लोग मौजूद थे.




बीएसएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते अप्रेंटिस संघ के सदस्य.

## कार्यक्रम आशा-लता दिव्यांग विकास केंद्र में सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन

# दिव्यांगजनों के जीवन में बदलाव के लिए तत्पर : उपायुक्त

संवाददाता । बोकारो

दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव को लेकर जिला प्रशासन सदैव तत्पर है. जब भी आशा-लता दिव्यांग विकास केंद्र में आने का अवसर प्राप्त होता है, मन में एक सकारात्मक भाव उत्पन्न होती है. इसी दिशा में दिव्यांगजनों के समावेशी विकास को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है. उक्त बातें बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहीं. वह बुधवार को आशा-लता दिव्यांग विकास केंद्र परिसर में आयोजित सहायक उपकरण वितरण समारोह में उपस्थित दिव्यांगजनों एवं अतिथियों को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांजनों को चिन्हित करने को लेकर लगातार लगाए जाने वाले शिविरों, विभिन्न योजनाओं से अच्छादित करने, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ( एलिम्को ) के सहयोग से उपकरण तैयार व वितरण कराने को लेकर किए जाने वाले कार्यों के बारे भी विस्तृत जानकारी दी. मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री भी उपस्थित थीं.



बोकारो में सहायक उपकरण वितरण करते अधिकारी.

**बोले डीसी**

- केंद्र में आकर मन में उत्पन्न होता है सकारात्मक भाव
- दिव्यांगजनों के समावेशी विकास को लेकर हो रहे कार्य

### 342 दिव्यांगों के लिए उपलब्ध कराया सहायक उपकरण

कार्यक्रम के दौरान बीएसएल के अधिशासी निदेशक बीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि कंपनी लगातार आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए काम करती है . इसी कड़ी में दिव्यांगजनों के भी जीवन में सुधार एवं उनके सहूलियत को लेकर इन्हें सहायक उपकरण सीएसआर के तहत उपलब्ध कराने का काम कर रही है . मौके पर अधिशासी निदेशक, बीएसएल सुरेश रंगनी, राजन प्रसाद एवं संस्था के निदेशक बीएस जयसवाल ने भी संबोधित किया .इस अवसर पर उपायुक्त, उप विकास आयुक्त एवं अन्य अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप से दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरण वितरण किया . समारोह में कुल 342 दिव्यांगजनों (जिसमें चास प्रखंड के 117 दिव्यांग, चंदनकियारी प्रखंड के 69 दिव्यांग एवं जरीडीह प्रखंड के 156 दिव्यांग शामिल है) के बीच सहायक उपकरण एलिम्को द्वारा उपलब्ध कराया गया . मौके पर अपर समाहर्ता सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मेनका, महाप्रबंधक सीएसआर चौधरी रत्नेश, के सुधांश, सीएसआर के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, अशोक कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे .

# सप्लाई मजदूरों का प्रदर्शन एरियर भुगतान की मांग

संवाददाता। बेरमो

डीवीसी के बोकारो थर्मल स्थित न्यू एडीएम बिल्डिंग के निकट डीवीसी सप्लाई मजदूरों ने बुधवार को एरियर भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. इस संबंध में संयुक्त मोर्चा के संयोजक ब्रजकिशोर सिंह ने कहा कि पिछले एक वर्ष से लगभग 540 सप्लाई मजदूरों का एरिया भुगतान नहीं हुआ है. इसी मांग को लेकर यहां प्रदर्शन किया जा रहा है. जब तक उनके साथ सकारात्मक वार्ता नहीं होती है तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा. उन्होंने यह भी कहा कि डीवीसी कर्मचारियों के लिए जिस प्रकार इंसेंटिव का घोषणा की गई है, उसी प्रकार सप्लाई मजदूरों के लिए भी इंसेंटिव की घोषणा की जाए. इसके साथ ही एक्सग्रेसिया की घोषणा नहीं हुई है. डीवीसी प्रबंधन शीघ्र सप्लाई मजदूरों के लिए एक्सग्रेसिया की घोषणा करें. वही मृत कर्मचारियों के आश्रितों को ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया गया है. इस संबंध में भी कई बार डीवीसी प्रबंधन के अधिकारियों के साथ वार्ता की गई है, लेकिन कोई भी सकारात्मक पहल नहीं हुई, जिसके कारण मजदूरों में निराशा व्याप्त है. उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उक्त मांगों पर प्रबंधन वार्ता करे और मांगों को पूरा करे. अन्यथा प्रदर्शन जारी रहेगा. इस प्रदर्शन में नवीन पाठक, असीम तिवारी, संजय मिश्रा, अमरजीत सिंह, नागेश्वर महतो, रामचंद्र महतो, मिथिलेश सिन्हा, लक्ष्मी लाल, अनिल सिंह सहित अन्य मजदूर शामिल थे.

# 21 बड़े नक्सली मामलों की जांच अब करेगी एनआईए

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के 21 बड़े नक्सली मामलों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( एनआईए) को सौंपी गई है. झारखंड पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड पुलिस के द्वारा 21 बड़े नक्सली मामलों की जांच एनआईए को जांच के लिए ट्रांसफर किया गया है. इसके अलावा माओवादियों को धन और रसद की आपूर्ति करने वाले ठेकेदारों की प्रोफाइलिंग और निगरानी की जा रही है. बड़े नक्सली मामले की जांच के क्रम में एनआईए ने भाकपा माओवादी संगठन के छह बड़े नेताओं की संपत्ति जब्त की है, जबकि झारखंड पुलिस ने 28 बड़े नक्सलियों की करीब आठ करोड़ की चल-अचल संपत्ति जब्त कर ली है.

### इन बड़े मामलों की जांच कर रही एनआईए

- लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र स्थित रूप पंचायत के जंगल में माओवादियों की मौजूदगी मामले की जांच.
- माओवादियों और अपराधियों को अवैध तरीके से हथियार व सुरक्षा बलों की कारतूस की सप्लाई का मामला.
- चाईबासा जिले के टोकलो थाना क्षेत्र स्थित लांजी गांव में आईडी विस्फोट में तीन जवानों के शहीद होने का मामला.
- लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में 22 नवंबर 2019 को चार पुलिसकर्मियों की हत्या का मामला.
- सरायकेला- खरसावां के कुकरूहाट बाजार में पुलिस बल पर हमला कर पांच पुलिसकर्मियों की हत्या करने का मामला
- लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में नक्सलियों के जर्मन मेड हथियार बरामद होने का मामला.
- टीपीसी नक्सलियों द्वारा झारखंड और बिहार में लेवी वसूलने का मामला.
- गिरिडीह के मधुवन थाना क्षेत्र में पकड़े गए 16 नक्सलियों की निशानदेही पर 1125 आधार कार्ड, 160 एटीएम और 200 बैंक अकाउंट बरामदगी का मामला.
- भाकपा माओवादी नक्सली की निशानदेही पर 5 मार्च 2018 को गिरिडीह के डुमरी थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में हथियार और नक्सली साहित्य बरामदगी का मामला.
- गिरिडीह के डुमरी थाना क्षेत्र में लेवी के 6 लाख रुपये के साथ नक्सली मनोज कुमार की गिरफ्तारी का मामला.
- लोहरदगा के बुलबुल जंगल से भारी मात्रा में हथियार बरामदगी का मामला.
- चतरा पुलिस द्वारा कुख्यात टीपीसी उग्रवादी कमलेश गंझू की 14 अप्रैल 2017 को 36 लाख रुपये, एक एके-47, एक पिस्तौल और 56 गोली के साथ गिरफ्तारी का मामला.

आओ जानें

### देश के इन राज्यों में कितने प्रशासनिक अधिकारियों के पोस्ट खाली हैं

| | | | |
|---|---|---|---|
| झारखंड | : 67.6 | पंजाब | : 29.3 |
| कर्नाटक | : 14.5 | राजस्थान | : 37.3 |
| केरला | : 6.9 | आंध्रप्रदेश | : 23.2 |
| मध्यप्रदेश | : 41.4 | बिहार | : 25.8 |
| तमिलनाडु | : 11.0 | छत्तीसगढ़ | : 64.7 |
| तेलंगाना | : 8.0 | गुजरात | : 30.0 |
| उत्तरप्रदेश | : 36.1 | हरियाणा | : 34.6 |
| उत्तराखंड | : 77.1 | | |
| पश्चिम बंगाल | : 24.3 | | |
| महाराष्ट्र | : 22.0 | | |
| ओडिशा | : 23.3 | | |



## ब्रीफ खबरें

### छत से नीचे गिरने से युवक गंभीर, रेफर

**मनोहरपुर ।** बुधवार सुबह वॉलपुट्टी करने के दौरान एक युवक घर के छत से नीचे गिर गया. इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे उपचार के लिए मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. वहां चिकित्सकों ने युवक का प्राथमिक उपचार के बाद राउरकेला रेफर कर दिया है. घायल युवक 28 वर्षीय प्रदीप महतो मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत पंद्रह खोली मुहल्ला का रहने वाला है. वह वॉलपुट्टी का काम करता था.

### नदी में बहे सुरेंद्र कोरबा का शव हुआ बरामद

**लातेहार ।** पिछले चार अक्टूबर को छिपादोहर थाना क्षेत्र में कोयल नदी के तेज बहाव में बहने वाले सुरेंद्र कोरबा का शव बरामद कर लिया गया है. नवरनागू के ढोल पथना के पास नदी से उसका शव बरामद हुआ. परिजनों ने उसकी पहचान की. वह गणेशपुर का रहने वाला था और नदी पार कर अपने घर जा रहा था. इसी क्रम में तेज धार में बह गया. परिजनों ने काफी खोजबीन की पर पता नहीं चल पाया. आठ अक्टूबर को परिजनों ने इसकी सूचना छिपादोहर थाना को दी.

### 3 लाख 40 हजार की ठगी की शिकायत

**तोपचांची ।** बुधवार को तोपचांची थाना में तीन लाख चालीस हजार की ठगी का मामला सामने आया. भुक्तभोगी युवक उज्जवल कुमार मंडल ने तोपचांची थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. वह तोपचांची थाना क्षेत्र के कांडेडीह के निवासी हैं. उज्वल मंडल ने बताया कि हृदय एक्वा की मालकिन छाया मंडल के द्वारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के नाम पर तीन लाख चालीस हजार रुपये की ठगी की गयी है. पैसा पूरा देने के बाद आज तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट नहीं लगाया गया.

### पुलिस ने की 37 पेटी विदेशी शराब जब्त

**तांतनगर ।** तांतनगर ओपी पुलिस को दशहरा मेला के पहले बड़ा पोखरिया में बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने ओपी क्षेत्र के बड़ा पोखरिया में छापेमारी कर विदेशी शराब की 37 पेटी जब्त की है. पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि तांतनगर ओपी क्षेत्र के बड़ा पोखरिया में दशहरा मेला में खपाने के लिए गाड़ी से बड़ी मात्र में विदेशी शराब की पेटियां उतारी गयी है. एसपी ने तांतनगर ओपी पुलिस त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया. ओपी प्रभारी राहुल कुमार राम ने टीम गठित कर छापेमारी की.

### महिला के साथ की छेड़खानी, मामला दर्ज

**तोपचांची ।** बुधवार को तोपचांची थाना क्षेत्र में महिला के साथ छेड़खानी का मामला आया है. भुक्तभोगी महिला ने थाना में आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाई है. पीड़िता ने बताया कि स्थानीय भू-माफियाओं के द्वारा जमीन हड़पने के इरादे से कागज पर हस्ताक्षर के लिए हमारे घर में दिनदहाड़े घुस गए. हमने कागज में हस्ताक्षर करने को लेकर विरोध किया तो हमारे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट करने लगे. महिला ने कहा कि भू-माफिया ने गलत इरादे से हमारे कपड़े फाड़ दिये.

### अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद डाला, मौत

**पलामू ।** सतबरवा थाना क्षेत्र के ताबर गांव में एनएच 75 पर अज्ञात वाहन के कुचलने से ताबर गांव के ही 25 वर्षीय युवक पंकज सिंह की मौत हो गई. सतबरवा थाना पुलिस ने बुधवार को क्षत-विक्षत स्थिति में शव बरामद किया. मेदिनीनगर के राजा मेदिनी राय मेडिकल एंड कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया. मृतक के भाई पप्पू ने बताया कि उसका छोटा भाई ताबर स्थित आदिवासी टोला के पुराने घर से नए घर रांची रोड पर आ रहा था, जहां पर वह छोटी दुकान भी चलाता है.

### ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की हुई मौत

**रांची ।** रांची के डोरंडा स्थित डिबडीह पुल के पास से बुधवार को पुलिस ने शव बरामद किया है. पुलिस के अनुसार ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हुई है. मृत व्यक्ति की शिनाख्त राजकुमार के रूप में की गई है. वह अरगोड़ा का रहने वाला था. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.

रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला था जवान

# जवान की संदेहास्पद स्थिति में मौत, गर्दन पर रस्सी के निशान



संवाददाता। रांची

रांची पुलिस लाइन में पदस्थापित जवान की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई. उनके गर्दन पर रस्सी के गहरे जख्म के निशान मिले हैं. जवान अभिषेक कुमार सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर के पास स्थित माचिस गली में विनोद कुमार के मकान में किरायेदार के रूप में रहते थे.

अभिषेक की पत्नी अक्षरा कुमारी ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि मंगलवार की देर रात खाना खाने के बाद उनके पति को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और कुछ देर बाद ही वे उल्टियां करने लगे. इसके बाद अभिषेक कुमार को अक्षरा कुमारी आनन-फानन में सेवा सदन अस्पताल ले गईं.

प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने अभिषेक को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी, जिसके बाद अक्षरा कुमारी अपने पति अभिषेक को लालपुर थाना क्षेत्र स्थित आर्किड अस्पताल में ले गईं, जहां इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गई.

**गले पर फांसी के फंदे पर लटकाने जैसा निशान मिला :** मृत जवान अभिषेक के गले पर फांसी के फंदे पर लटकाने जैसा निशान मिला है. पुलिस ने अभिषेक की पत्नी का बयान लिया है, जिसमें पत्नी ने मौत का कारण बीमारी बताया है. लेकिन पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत कैसे हुई, इसका पता चल पाएगा. अभिषेक कुमार बिहार के मुंगेर जिले के रहने वाले थे.



# मेकॉन कॉलोनी के गार्ड की पिटाई से मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता । रांची

### खास बातें

- मृतक की पहचान रामनाथ महतो के रूप में हुई है
- लोगों के अनुसार युवक को पीट-पीटकर मार डाला गया

डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित मेकॉन कॉलोनी के गार्ड पर एक शख्स की पीटकर हत्या करने का आरोप लगा है. परिजनों का आरोप है कि गार्ड के द्वारा मेकॉन खटाल बस्ती के रहने वाले रामनाथ महतो नाम के युवक की पिटाई की गई थी. जिस वजह से बुधवार को रामनाथ महतो की अस्पताल में मौत हो गई.

**शव के साथ मेकॉन कंट्रोल रूम पहुंचे स्थानीय लोग :** रामनाथ महतो के शव लेकर मेकॉन कंट्रोल रूम में भारी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे. लोगों का आरोप है कि रामनाथ महतो की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है. मौके पर हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा, डोरंडा, जगरनाथपुर, चुटिया और एयरपोर्ट थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान पहुंचे. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रामनाथ से बीते नौ अक्टूबर को हुए एक दुर्घटना के मामले में मेकॉन कॉलोनी में कार्यरत गार्ड के द्वारा 50 हजार रुपये मांगा गया था. इसी पैसे को लेकर रामनाथ का गार्ड से विवाद हुआ. इसी दौरान कई गार्ड ने मिलकर रामनाथ की पिटाई कर दी. जिसके बाद उसे गुरुनानक अस्पताल में भर्ती कराया था. बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

रांची में आईटी एक्ट के सबसे अधिक 56 केस

# राज्य में 4 साल से 90 केस लंबित

संवाददाता। रांची

रांची जिले में आईटी एक्ट के सबसे अधिक केस लंबित हैं. झारखंड पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य भर में चार साल से अधिक समय से आईटी एक्ट के 90 केस लंबित हैं.

राज्य के 15 जिलों में एक अप्रैल तक आईटी एक्ट के 423 केस अनुसंधान के लिए लंबित थे , जो एक अक्टूबर को कम होकर सिर्फ 90 रह गये हैं. जिनमें सबसे अधिक रांची जिले में 56 केस लंबित हैं.

**जानें क्या है आइटी एक्ट की धारा 66 ए :** किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या सोशल मीडिया के माध्यम से किसी समूह, व्यक्ति या संस्था के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उसे प्रचारित किये जाने के मामले में इस धारा के तरह मामला दर्ज करने का प्रावधान था. इसमें पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर सकती थी.

### किस जिले में आईटी एक्ट के कितने मामले लंबित

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हजारीबाग | 05 | साहिबगंज | 02 | बोकारो | 03 |
| दुमका | 07 | पलामू | 04 | लातेहार | 02 |
| धनबाद | 03 | गढ़वा | 04 | सीआईडी | 01 |

#### धारा 66 ए के तहत दर्ज नहीं होंगे मामले

सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दिये जाने के बाद यह बात सामने आयी है कि कुछ पुलिस पदाधिकारी आइटी एक्ट की धारा 66-ए के तहत मामला दर्ज कर रहे हैं. जिसे सुप्रीम कोर्ट ने गंभीरता से लिया था. जिसके बाद गृह मंत्री ने सभी राज्यों के डीजीपी को निर्देश दिया था कि इस धारा में केस दर्ज नहीं किये जायें. जिस भी थाने में इस धारा के तहत केस दर्ज किया जायेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी.

### जमशेदपुर में स्कूटी सवार से मारपीट करने का आरोपी धराया

**जमशेदपुर ।** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत खाऊ गली के समीप एक स्कूटी सवार से मारपीट करने और उसका विडियो बनाकर वायरल करने का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है. पकड़ा गया आरोपी समीर राज उर्फ हैप्पी कदमा के शास्त्रीनगर का रहने वाला है. हालांकि समीर राज की गिरफ्तारी पिछले वर्ष गणेश पूजा विर्सजन के दौरान किट्टु सिंह नामक युवक पर जानलेवा हमला कर जख्मी करने के मामले में हुई है. वह घटना के बाद से ही फरार चल रहा था. इधर, बिष्टुपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया. पुलिस के अनुसार समीर राज द्वारा मारपीट किये जाने का विडियो तेजी से वायरल हो रहा था. जिसमें समीर राज उर्फ हैप्पी अपने दोस्त के साथ एक स्कूटी चालक को रुकवाकर मारपीट कर रहा था.

# बोकारो स्टील प्लांट के जीएम पर ठगी का मामला दर्ज

संवाददाता । बोकारो



बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस-2 एंड सीसीएस के जीएम हीराधान प्रसाद यादव पर सेक्टर-4 थाना में 9 लाख 90 हजार की ठगी का मामला दर्ज हुआ है. उन्होंने सेक्टर-4 ई में रहने वाले गोपाल कुमार झा से दोस्ताना कर्ज लेकर समय पर नहीं दिया. वहीं जब अपना रुपया मांगने वह जीएम के सेक्टर-4 डी स्थित आवास पर बीते दिनों गए, तो जीएम ने अपने पुत्र के साथ जान से मारने की धमकी दी.

घटना को लेकर सेक्टर-4 थाना में मंगलवार को आवेदन दिया गया था, जिसके बाद थाना में देर रात प्राथमिकी दर्ज कर ली गई. पुलिस को झा ने बताया है कि जीएम हीराधन प्रसाद यादव ने अपने बेटे की पढ़ाई, मेडिकल खर्च और अन्य काम के लिए अलग-अलग किश्तों में 9 लाख 90 हजार रुपये ऑनलाइन माध्यम से लिया था. जिसे वापस करने के लिए जून 2023 तक का समय लिया था. जब समय पूरा होने पर उनके घर अपना रुपया वापस मांगने गया, तो जीएम और उनका पुत्र कुमुद रंजन यादव ने मिलकर गली- गलौज करना शुरू कर दिया. उसके बाद सभी मिलकर उन पर पथराव करने लगे. साथ ही धमकी दी कि अगर रुपया मांगने का प्रयास करेंगे, तो जान से मरबा देंगे.

# विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता । गिरिडीह

बेंगाबाद प्रखंड के खुटरीबाद गांव में मंगलवार की देर रात एक विवाहिता की मौत संदिग्ध अवस्था में हो गई. जानकारी के अनुसार, पीरटांड प्रखंड के सिमरकोडी निवासी सदाकत अंसारी की बेटी गुलजार बीबी (27) की शादी 2012 में बेंगाबाद प्रखंड के खुदरीबाद निवासी सलामत मियां के पुत्र कमरुद्दीन अंसारी के साथ धूमधाम से हुई थी. सदर अस्पताल में गुलजार के भाई आलम अंसारी ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात कमरुद्दीन के चाचा ने दूरभाष पर सूचना दी कि मियां-बीवी के बीच नोकझोंक हो रही है.

सूचना पर रात में ही गांव पहुंचा, तो बहन एक कमरे में रस्सी से झूलती नजर आई. आलम ने बताया कि यह आत्महत्या नहीं, हत्या का मामला है. बताया कि बहनोई कमरुद्दीन का एक महिला के साथ वर्षों से प्रेम संबंध चल रहा है. बहन को मार कर वह दूसरी शादी करना चाह रहा था. जिसमें बहन रोड़ा बन रही थी. उन्होंने बताया कि मामले को सुलझाने के लिए स्थानीय स्तर पर कई बार बैठक हुआ पर कमरुद्दीन पर कोई असर नहीं पड़ रहा था.

### झूलती हुई लाश जमीन को छू रही थी : परिजन

पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचे आलम ने बताया कि मंगलवार की रात जब बहन की ससुराल पहुंचा, तो घर के सारे लोग फरार थे. झूलती हुई लाश जमीन से छू रही थी. पीठ पर कई गहरी जख्म के निशान हैं. मुंह फुल हुआ था, जो कई संदेह पैदा करती है. कहा कि अस्पताल में भी ससुराल से कोई नहीं आया. कहा कि सारा मामला निपटाकर बेंगाबाद थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा.

### कार व टेंपो में टक्कर एक की मौत, 6 घायल

**बहरागोड़ा ।** बरसोल थाना क्षेत्र के एनएच 49 पर बारासती चौक के पास बुधवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन महिला, दो पुरुष व एक दस साल का बच्चा बुरी तरह से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार टेंपो में सवार होकर पश्चिम बंगाल के फेंको से बहरागोड़ा जा रहे थे उसी समय तेज रफ्तार से हुंडई क्रेटा कार कोलकाता से जमशेदपुर की और जा रहा था. बारासती चौक के पास तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर टेंपो के पीछे टक्कर मार कर डिवाइडर पर चढ़ गई. उसी दौरान टेंपो चालक बंगाल के बालियाबढ़ा थाना अंतर्गत जुगडीहा गांव के जगत दास (52) की मौके पर ही मौत ही गई. टेंपो में बैठे पिंडरापाल निवासी गोपा महापात्र (50), तोपसिया निवासी माया दंडपाट (34), सुकमल दंडपाट (62), शिमदी गांव निवासी राहुल नायक(13), बरसोल निवासी मोनोरंजन नायक (60) व पार्वती नायेक ( 35 ) बुरी तरह से घायल हो गये.

# 39 प्रशिक्षु डीएसपी की हुई पोस्टिंग

संवाददाता। रांची

सप्तम से दशम झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त सत्र 2022-23 बैच के पुलिस अकादमी हजारीबाग में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 39 प्रशिक्षु डीएसपी को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जिला आवंटित किया गया है. इससे संबंधित आदेश झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी कर दिया गया है. इन सभी डीएसपी का 12 महीने का जिलों में व्यावहारिक प्रशिक्षण होगा.

### किस डीएसपी को कौन सा जिला हुआ आवंटित

- विनोद कुमार : चाईबासा
- मो. अरमानुल हक : रांची
- पूजा कुमारी : सरायकेला
- राजीव रंजन : पलामू
- वसीम रजा : चतरा
- सुनील कुमार सिंह : धनबाद
- अकरम रजा : जमशेदपुर
- प्रदीप साव : लातेहार
- सन्नी वर्धन : जमशेदपुर
- चिरंजीव मंडल : गढ़वा
- फौजान अहमद : रामगढ़
- कुमार गौरव : गोड्डा
- अनुभव भारद्वाज : हजारीबाग
- प्रदीप कुमार : चाईबासा
- प्रशांत कुमार : बोकारो
- अजय आर्यन : पाकुड
- कैलाश महतो : गिरिडीह
- रामप्रवेश कुमार : खूंटी
- रविकांत साव : सिमडेगा
- रूपक कुमार सिंह : साहेबगंज
- राजेश यादव : पलामू
- रोहित साव : जमशेदपुर
- दिवाकर कुमार : कोडरमा
- आकाश भारद्वाज : दुमका
- अर्चना स्मृति खलको : धनबाद
- दुसरु वानसिंह : रांची
- अमित सिंह : लोहरदगा
- अमित रविदास : दुमका
- रमाकांत रजक : देवघर
- प्रशांत कुमार : हजारीबाग
- विनित कुमार किंडो : रांची
- नीलम कुजुर : गिरिडीह
- शिवशंकर मरांडी : गुमला
- प्रदीप कुमार : धनबाद
- प्रभात कुमार बेक : रांची
- पूजा कुमारी : हजारीबाग
- ताराश सोरेन : देवघर

### मरीज की मौत पर परिजनों ने एंबुलेंस चालक को पीटा

**पलामू ।** एमएमसीएच में प्रसव के बाद रांची रिम्स रेफर किए गए महिला मरीज की मौत होने पर परिजनों ने एम्बुलेंस चालक की पिटाई कर दी. साथ ही उसका मोबाइल फोन ले लिया. हालांकि कुछ परिजनों के हस्तक्षेप से एम्बुलेंस चालक को छोड़ा गया. परिजनों ने एमएमसीएच के डाक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है. हालांकि इस संबंध में किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी है. मंगलवार को शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज कंदाखाड़ की छोटी रानी पति गौतम कुमार को प्रसव पीड़ा के बाद एमएमसीएच में भर्ती किया गया था. 11 बजे के आसपास सीजेरीयन ऑपरेशन से महिला का प्रसव कराया गया. शाम में उसकी हालत बिगड़ गयी. रेफर किए जाने पर परिजन यहीं इलाज कराने के पक्ष में थे. मरीज को किडनी में समस्या थी. पेशाब नहीं हो पा रहा था. रेफर करने के कई घंटे बाद रात 10 बजे मरीज को रांची ले जाया जा रहा था, लेकिन चंदवा के अमझरिया घाटी में मौत हो गयी.

**दिया निर्देश** पर्व-त्योहार को लेकर डीजीपी ने की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक

# सोशल मीडिया पर निगरानी रखें, क्राइम को रोकें

संवाददाता। रांची

आगामी पर्व त्योहारों को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को जिले के एसएसपी, एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समीक्षा बैठक की. इस दौरान डीजीपी ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया. समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने जिलों में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए की गई तैयारियों, शांति समिति की बैठकों, साम्प्रदायिक सद्भाव में खलल डालनेवाले असामाजिक तत्वों की पहचान और कार्रवाई, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ, शराब, भूमि विवाद से संबंधित मामले त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता एवं सुगम यातायात के संबंध में चर्चा की गई. इसके अलावा प्रत्येक जिले में नियंत्रण कक्ष में 24X7 पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति करने और प्रत्येक घटित घटना की सूचना पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारियों और डीजीपी ऑफिस देने का निर्देश दिया.




**संवेदनशील जगहों को चिन्हित करने का निर्देश :** डीजीपी सभी जिले के एसएसपी एसपी को जिला के संवेदनशील जगहों को चिन्हित करने का निर्देश दिया. साथ ही स्थानीय लोगों से लगातार सम्पर्क बनाये रखते हुए सघन गश्ती और चेकिंग करने का निर्देश दिया है.

पूजा स्थलों तक जाने वाले रास्तोंपर समुचित ट्रैफिक व्यवस्था और भीड़-भाड़ वाले पंडालों के निकट रौशनीयुक्त और सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया, ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा छिनतई जैसे अपराधों से भी बचा जा सके कुछ जगहों से पूजा के नाम पर जबरन चन्दा वसूली की बाते भी सामने आती है उस पर भी रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने की जरूरत है.

**सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का दिया निर्देश:** बैठक में डीजीपी ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण या आपत्तिजनक पोस्ट डालकर अथवा अफवाह फैला कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने, साथ ही त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया, ताकि उपद्रवी किसी तरह का धार्मिक उन्माद नहीं फैला सकें. सभी धार्मिक स्थलों की लगातार निगरानी रखने और हुड़दंगियों से निपटने हेतु कारगर कदम उठाते हुए विधि-व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने पर जोर दिया. मूर्ति विसर्जन जुलूस के मार्गों में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों और विवादस्पद क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति किये जाने का निर्देश दिया.

# अफजल हत्याकांड में सरफराज और इरशाद को हुई उम्रकैद

संवाददाता । धनबाद

चौदह वर्षीय किशोर अफजल असरफ की हत्या के पांच साल पुराने मामले में कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी भद्रीचक जोगता निवासी इरशाद अंसारी उर्फ गुड्डू व फतेहपुर निवासी सरफराज खान उर्फ सागर खान को उम्रकैद की सजा सुनाई. साथ ही 13 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया.

अफजल के पिता मिनाहजुल के बयान पर 6 मार्च 2018 को जोगता थाने में घटना की घटना की प्राथमिकी दर्ज हुई थी. प्राथमिकी के मुताबिक तीन मार्च 2018 की शाम सात बजे अफजल असरफ आरोपित इरशाद अंसारी उर्फ गुड्डू के साथ एटीएम से पैसे निकालने गया था. देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की. लेकिन कहीं पता नहीं चला. तीन दिन बाद 6 मार्च को अफजल का शव भागा रेलवे स्टेशन के समीप रेल लाइन किनारे से बरामद किया गया. पुलिस ने शव के समीप से आरोपी गुड्डू का मोबाइल फोन व बाइक जब्त किया था.

जांच के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों इरशाद अंसारी उर्फ गुड्डू व सरफराज खान उर्फ सागर खान को गिरफ्तार किया था. सरफराज की जेब से एटीएम से निकाले गए 10 हजार रुपए भी बरामद किए थे. इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया था. सुनवाई के दौरान समित प्रकाश ने 16 गवाहों का बयान दर्ज कराया था.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय सामान्य है. क्रोध से बचें. शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी मेa कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है.

**वृषभ** विवाद से बचें. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेंगे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा. किये गए कार्य से आय होगी.

**मिथुन** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें. जल दान करें.

**कर्क** आय के लिए दिन शुभ है. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा.

**सिंह** कुछ मानसिक तनाव होगा. रोजगार में वृद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. आय बनी रहेगी.

**तुला** चोट व रोग से हानि की आशंका है, लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. जल्दबाजी न करें.

**वृश्चिक** मानसिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा. धर्म में मन लगेगा. अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा.

**मकर** किसी से विवाद हो सकता है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी.

**कुंभ** व्यापार में लाभ होगा. साथ ही दांपत्य जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. किये गए कार्य का लाभ होगा. अन्न का दान करें.

**मीन** किसी रोग से परेशानी हो सकती है. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल्दबाजी में कोई व्यवहार न करें. जल का दान करें.

### एक्सपो उत्सव 2023 : सज धज कर तैयार है आयोजन स्थल, सभी तैयारियां पूरी

# राज्यपाल आज करेंगे उद्घाटन

**संवाददाता। रांची**

रांची के सबसे बड़े ट्रेड फेयर एक्स्पो उत्सव 2023 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. मोरहाबादी मैदान में आयोजन स्थल सजधज कर तैयार है. इसका आयोजन जेसीआई रांची द्वारा 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक किया जाएगा. यह एक्सपो का 26 वां संस्करण होगा. 12 अक्टूबर को एक्सपो उत्सव का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे. उसके बाद आम जनों के लिए एक्सपो खुल जाएगा. एक्सपो का प्रवेश शुल्क 20 रुपये होगा, जो यहां आकर टिकट काउंटर पर या ऑनलाइन भी ले सकते हैं. ऑनलाइन टिकट के लिए www.stallbooking.expoutsav.com पर जाकर बुक कर सकते हैं.

एक्सपो 2023 के मुख्य संयोजक संजय जैन ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो हम सभी के लिए बेहद खास होने वाला है. इस वर्ष एक्सपो के दौरान यंग एंटरप्रेन्योर्स एवं कॉलेज स्टूडेंट्स के



**एक्सपो में आयोजित होनेवाली प्रतियोगिताएं**

- मिसेज एक्सपो, रांची–12 अक्टूबर को संध्या 4 :00 बजे
- ट्रेजर हंट–13 अक्टूबर को 3 :00 बजे
- डॉग शो 13 अक्टूबर को 3 :30 बजे
- एक्सपो सुपर तंबोला 13 अक्टूबर को 6 :00 बजे
- हेल्दी बेबी एंड मॉम शो– 14 अक्टूबर को 11 :00 बजे
- वॉइस ऑफ एक्सपो– 14 अक्टूबर को अपराह्न 3 :00 बजे
- फैशन शो– 14 अक्टूबर को संध्या 7 :00 बजे
- पेंटिंग कंपटीशन– 15 अक्टूबर को 11 :00 बजे
- डांस कंपटीशन 15 अक्टूबर को 5 :30 बजे

है, जिसमें देश के जाने-माने लेखक शिव खेड़ा द्वारा मार्गदर्शन कराया

स्टार्टअप्स अपना स्टॉल लगा रहे हैं. इस बार एक्सपो में शैलबाई डिवाइन द्वारा

मेडिकल कैंप, एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड की ट्रक भी रहेगी एवं प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है.

**सुबह 11.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक होगी खरीदारी :** जेसीआई रांची के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने बताया कि 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस एक्सपो में रांचीवासी सुबह 11:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक खरीदारी का आनंद ले सकते हैं. एक्सपो मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई राँची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि इस बार एक्सपो में 300 से अधिक स्टॉल धारक अपना स्टॉल लगा रहे हैं. सचिव तरुण अग्रवाल ने बताया कि इस बार एक्सपो उत्सव 2023 के टाइटल स्पॉन्सर अदिति ओरो डेंटल केयर, शैलबाए डिवाइन, अनअकैडमी एवं एसोसिएट पार्टनर तेजस्विनी कंस्ट्रक्शन, फोटोन गैलेक्सी, बागला सिक्योरिटीज एंड ऑटोमेशन, अल्पाइन मैंगो टैंगो, कैफिनेटर्स, बालाजी नमकीन, एआरबी फोटोग्राफी एवं स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हैं.

## व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का विमोचन



**संवाददाता। गढ़वा**

लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान (एलजीएसएस) के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजमाता गुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय में बीडीओ देवानंद राम ने व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन पुस्तक का विमोचन किया. कार्यक्रम में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने भी संबोधित किया. सीडब्लूसी राजीव रंजन तिवारी ने बालिकाओं को उनके मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्य के बारे में बताया.कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्राओं को बाल विवाह का विरोध करने की शपथ दिलाई गई. साथ ही 16 अक्टूबर को राज्यव्यापी शपथ ग्रहण समारोह होने वाला है, इसकी भी जानकारी दी गई. अनुमंडल झारखंड जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष संजय प्रसाद ने भी बालिकाओं को संबोधित किया.

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन अनिमा बेक ने कहा कि महिलाएं ही आज महिलाओं की सबसे बड़ी शत्रु है. एक पत्नी अपने पति का साथ देते हुए भ्रूण हत्या जैसी जघन्य पाप कर बैठती हैं.

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ रंका बीडीओ देवानंद राम, रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, मीडिया संघ के अध्यक्ष संजय प्रसाद, राजमाता गुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भरत लाल चौधरी, प्रोफेसर मुन्नी देवी, अमृता कुमारी, कस्तूरबा गांधी स्कूल की वार्डेन अनिमा बेक, लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर गणेश कुमार ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया.

## बारीडीह स्त्री सत्संग सभा की महासचिव बनीं दलजीत कौर



**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर की बारीडीह स्त्री सत्संग सभा का पुनर्गठन किया गया है. इसमें सर्वसम्मति से प्रधान बीबी दविंदर कौर देबा ने बीबी दलजीत कौर रानी को महासचिव मनोनीत किया है. इसके साथ ही अन्य पदधारियों के मनोनयन का अधिकार भी दे दिया गया है. कमेटी की उपस्थिति में बीबी दलजीत कौर, दविंदर कौर, सतनाम कौर को गुरु घर की ओर से सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर महासचिव सुखविंदर सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि वे सभी को जोड़ कर गुरु घर की सेवा अच्छे ढंग से करेंगी. इस दौरान बीबी निर्मल कौर, बीबी निर्मल कौर निम्मो, सतपाल कौर, नरेंद्र कौर, मनप्रीत कौर, बलविंदर कौर, राजेंद्र कौर, कमेटी के चेयरमैन सरदार करतार सिंह, प्रधान कुलविंदर सिंह, मार्गदर्शक बलविंदर सिंह, डेपुटी प्रेसिडेंट ज्ञानी कुलदीप सिंह खुशीपुर, ज्वाइंट सेक्रेटरी जसवंत सिंह, साधु सिंह, अमृत सिंह, पूर्व प्रधान जसपाल सिंह, सविंदर सिंह, एएसआई गुरुचरण सिंह समेत अन्य उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### महालया 14 एवं कलशस्थापना 15 अक्टूबर को

**जमशेदपुर** । महालया के साथ दुर्गा पूजा की शुरुआत हो जाती है. इस वर्ष महालया और पितृपक्ष अमावस्या दोनों एक ही दिन 14 अक्टूबर को है. इसी दिन मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देना शुरू करते हैं. ज्योतिषाचार्य पंडित कमलेश तिवारी ने बताया कि सनातन धर्म में महालया का बहुत ही विशेष महत्व होता है. काशी पंचाग के अनुसार, महालया के दिन को नवरात्रि और पितृपक्ष का संधिकाल भी कहते हैं. ऐसी मान्यता है कि इस दिन मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा कर माता को घर में आगमन के लिए निवेदन किया जाता है. साथ ही इस दिन पितृ देवों को जल तिल अर्पित कर नमन किया जाता है. वहीं 15 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ नौ दिनों तक चलने वाली शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो जायेगी. प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जायेगी.

### मानकी मुंडा संघ की पदयात्रा 15 अक्टूबर से



**घाटशिला**। मानकी मुंडा संघ की पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के तत्वावधान में 15 अक्टूबर से बहरागोड़ा से चार दिवसीय पदयात्रा प्रारंभ की जाएगी. इस संबंध में संघ के जिला प्रवक्ता आसित सिंह सरदार ने प्रेसवार्ता में बताया कि आदिवासी समुदाय के हित में सात सूत्री मांगों को लेकर यह पदयात्रा की जाएगी. पदयात्रा के पहले दिन क्षेत्र के विधायक, जिला परिषद एवं अन्य विशिष्ट जनों की उपस्थिति में आदिवासी पाहन द्वारा पूजा-अर्चना कर पदयात्रा को रवाना किया जाएगा. आदिवासी मानकी मुंडा, डाकुआ, देउरी, पाहन, घटवाल आदि मिलाकर बहरागोड़ा के बिना पानी फुटबॉल मैदान से शुरू किया जाएगा. 18 अक्टूबर की सुबह संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा डीसी को सरकार के नाम 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा जायेगा. प्रेस वार्ता में जिला सलाहकार रुद्र नारायण सिंह, जिला अध्यक्ष रोशन पूर्ति, संजय बेहरा, फकीर हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे.

### लोकनायक की जयंती पर रक्तदान शिविर

**चांडिल**। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर विस्थापित मुक्ति वाहिनी ने चांडिल डैम स्थित फीड मील में रक्तदान शिविर का आयोजन किया. इस शिविर में भारी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली. जमशेदपुर ब्लड बैंक के सौजन्य से आयोजित एकदिवसीय शिविर में विस्थापितों की संख्या अधिक रही. इस अवसर पर विस्थापित मुक्ति वाहिनी के श्यामल मार्डी ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है. हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए. रक्तदान शिविर से पहले विस्थापित मुक्ति वाहिनी ने स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 121वीं जयंती मनायी. वहां उपस्थित लोगों ने लोकनायक की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. सभी ने स्वतंत्रता सेनानी के दिखाये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. रक्तदान शिविर में डॉ. रीता सिंह, नारायण गोप, भीमसेन मांझी, तापस कुंडू, वॉलिंट्री ब्लड डोनेशन एसोशिएशन के मिर्नाल रक्षित, तरूण कांति घोष, नरेश कुमार समेत कई स्वास्थ्य कर्मी व रक्तदाता मौजूद रहे.

### डुमरिया में बाल विवाह रोकने का संकल्प

**डुमरिया** । डुमरिया प्रखंड के बकुलचंदा स्थित पंचायत सचिवालय में बुधवार को मुखिया सरस्वती बास्के की उपस्थिति में बाल विवाह रोकने के लिए विचार-विमर्श किया गया. मुखिया के साथ उपस्थित महिलाओं ने बाल विवाह रोकने की शपथ ली. इस अवसर पर मुखिया सरस्वती ने कहा कि बालिका वर्ग की पढ़ाई-लिखाई पूरी होने पर वे अपने भविष्य में सफल हो सकती हैं. कम उम्र में विवाह होने पर शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो जाती हैं. उपस्थित सहिया और सेविकाओं ने बाल विवाह के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया. इस मौके पर पर कला मंदिर संस्था के रुरल मोविलाइजर गालू मुर्मू और अन्य उपस्थित थे.



पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

# शक के घेर में जांच एजेंसियां

## एजेंसियों की कार्रवाई पर जनता को शक, कहा- सरकार के दबाव में आकर

# सिर्फ विपक्षियों पर निशाना ठीक नहीं

**केन्द्रीय जांच एजेंसियों पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप, सरकार के इशारे पर तो नहीं हो रही है कार्रवाई**

**जांच एजेंसियों का काम अति महत्वपूर्ण, सबकी निगाहें टिकीं हैं**

किसी भी देश की जांच एजेंसियां बहुत खास महत्व रखतीं हैं. उन पर देश की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां होती हैं. देश की आंतरिक सुरक्षा, भ्रष्टाचार, वित्त या आर्थिक मामलों की निगरानी में इसका विशेष योगदान होता है. ये एजेंसियां स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर काम करने वाली होती हैं, पर ये केन्द्र सरकार के अधीन होती हैं. ऐसे में हाल के दिनों में इन पर विश्वसनीयत को लेकर जिस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं. इससे ये एजेंसियां संदेह के घेरे में आ गई हैं. देश में भ्रष्टाचार तो खत्म होना ही चाहिए. लेकिन हाल के दिनों में जिन राजनीतिक दलों के नेताओं के यहां छापेमारी की जा रही है, उनमें ज्यादातर नेता विपक्षी दलों के हैं. इस कार्रवाई को केन्द्र सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ बता रही है. वहीं विपक्षी दल के नेता इसे बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता रहे हैं. उनका कहना है कि जांच एजेंसियों की यह कार्रवाई सरकार के दबाव में आगामी चुनाव को देखते हुए की जा रही है. लोगों का कहना है कि सरकार भ्रष्टाचार जरूर मिटाए. पर बदले की भावना से प्रेरित होकर कार्रवाई करना ठीक नहीं है. शुभम संदेश की टीम ने इस संदर्भ में राज्य के विभिन्न जिलों में लोगों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.



### चक्रधरपुर

#### जांच एजेंसियों पर दबाव बनाना उचित नहीं : सरिता

बीएड उत्तीर्ण छात्रा सरिता कश्यप ने कहा कि जांच एजेंसियों पर दबाव बनाना उचित नहीं है. अक्सर यह आरोप लगते हैं कि सरकार विपक्षियों के खिलाफ इन जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करती है. जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रहने देना चाहिए. जांच एजेंसियों का राजनीतिक दुरुपयोग नहीं होना चाहिए. यह तभी संभव है जब सरकार के नियंत्रण में जांच एजेंसियां काम नहीं करे. इस दिशा में सरकार को भी सोचने की जरुरत है.

#### सत्ता पक्ष के प्रभाव में नहीं आएं जांच एजेंसियां : मीतू

शिक्षिका मीतू मिश्रा कहती हैं कि जांच एजेंसियां सत्ता पक्ष के प्रभाव में नहीं आए. स्वविवेक, सही तरीके और निष्पक्ष भाव से एजेंसियों को काम करने की जरूरत है. वह सीबीआई हो या ईडी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट हो या फिर अन्य गठित जांच एजेंसियां. अगर सत्ता पक्ष इसका दुरुपयोग करेगा, तो जनता का विश्वास इन एजेंसियों से भी उठ जाएगा. अब तक लोगों में यकीन है कि इन एजेंसियों को जांच की जिम्मेदारी मिलेगी, तो न्याय मिलेगा.

#### सत्ता पक्ष के इशारे पर काम करती हैं जांच एजेंसियां: डॉली

बीएड उत्तीर्ण छात्रा डॉली मिंज कहती हैं कि जांच एजेंसियों को स्वविवेक से काम करने देना चाहिए. सभी को पता है कि जांच एजेंसियां निष्पक्ष जांच नहीं करती हैं. सब कुछ सत्ता पक्ष के इशारे पर होता है. अगर यही हाल रहा, तो वह दिन दूर नहीं, जब वास्तविक न्याय लोगों से कोसों दूर चली जाएगी. ऐसे में न्याय की उम्मीद नहीं रह जाएगी. उस पर दबाव बनाने से जांच प्रभावित होना तय है.

#### जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रहने देना चाहिए : उर्मिला

एसएल गुप्ता ट्रस्ट ग्रुप की चेयरपर्सन उर्मिला गुप्ता का कहना है कि जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है. बदले की भावना से काम किया जाता है. सत्ता पक्ष विपक्षियों के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करता है. ऐसे में पहले से लोगों को जांच के परिणाम की भनक हो जाती है कि क्या खुलासा होने वाला है. निष्पक्ष जांच के लिए सरकार को इन जांच एजेंसियों को पूरी तरह छूट देनी चाहिए.

#### केंद्र के इशारे पर काम करती हैं जांच एजेंसियां : डॉ. काजल

मार्खम कॉलेज की व्याख्याता डॉ काजल किरण का कहना है कि सत्ता पक्ष के प्रभाव में आकर दुर्भावना से जांच होती है. जांच एजेंसियां वही रिजल्ट देती है, जो केंद्र सरकार चाहती है. सिर्फ दिखावे के लिए जांच एजेंसियां काम करती हैं. ऐसे में विपक्षियों में भय का वातावरण तैयार किया जाता है कि अगर वह सत्ता पक्ष के खिलाफ हुआ, तो सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स की जांच बैठा दी जाएगी. इससे देश का हित नहीं होने वाला है.

### लातेहार

#### केंद्रीय जांच एजेंसियों का सम्मान करती हूं: सुधा सिंह

कामकाजी सुधा सिंह ने कहा कि उनके मन में राष्ट्रीय जांच एजेंसियों के लिए खास सम्मान है. केंद्रीय जांच एजेंसियां अपना काम खुद करती हैं और इसमें वह दखल अंदाजी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती है. वैसे भी उनके कामों मे बेवजह दखलअंदाजी नहीं करनी चाहिए. हां, पूर्वाग्रह या राजनीतिक द्वेष की भावना से उनका इस्तेमाल नहीं होना चाहिए. बीते कुछ सालों से केंद्रीय जांच एजेंसियों की सक्रियता बढ़ी है.

#### भ्रष्टाचार के विरुद्ध काम करती है एजेंसियां: मेघा

अंबाकोठी की मेघा सिंह ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसिया भ्रष्टाचार के विरूद्ध काम करती है. हाल ही की कार्रवाई में केंद्रीय जांच एजेंसियों के चंगुल में कई राजनेता व अन्य भ्रष्टाचारी आये हैं. जांच एजेंसियां निष्पक्ष हो कर काम करती हैं. उनके काम करने का तरीका भी अलग होता है. इन पर किसी का दवाब कोई काम नहीं करता है. भारत एक लोकतांत्रित देश है और यहां सब के लिए कानून बराबर है.

#### एजेंसियों पर पक्षपात करने का आरोप गलत है: साक्षी

छात्रा साक्षी कुमारी ने कहा कि उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है.जांच एजेंसियों पर पक्षपात करने का आरोप लगाना गलत है. हो सकता है कि कुछ एक मामलों में ऐसा रहा होगा. लेकिन केंद्रीय जांच एजेंसियां निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से काम करती है. जनता बहुत जागरूक हो चुकी है. जनता सब देखती है और समझती भी है. अगर कहीं कुछ गलत होता है तो जनता का रियेक्शन सबसे पहले आता है.

### घाटशिला

#### गलत करने वाले जा रहे हैं सलाखों के पीछे : पार्वती मुर्मू

घाटशिला प्रखंड के पावड़ा गांव निवासी पार्वती मुर्मू ने कहा कि केंद्र में चाहे बीजेपी की सरकार हो या कांग्रेस की, सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स पर दबाव में काम करने का आरोप लगाता रहा है. लेकिन छापेमारी में बरामद हो रहे अरबों रुपए और दस्तावेज बताते हैं कि कहीं न कहीं दाल में कुछ काला है. बात सही या गलत है तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खुला हुआ है. वैसे लोगों को न्यायालय में इसके खिलाफ जाना चाहिए.

#### जांच एजेंसियों को स्वतंत्रता नहीं मिलती : पोमा मार्डी

घाटशिला निवासी एसएससी परीक्षा की तैयारी कर रही पोमा मार्डी ने केंद्रीय जांच एजेंसी के संबंध में कहा कि जांच एजेंसियों को कार्य करने में स्वतंत्रता नहीं मिलती है. इस कारण निष्पक्ष रूप से जांच नहीं होती है. केंद्र सरकार जिनकी सूची एजेंसी को थमाती है उनके यहां जांच होती है. केंद्र सरकार के इशारे पर ही जांच एजेंसी काम करती है. आयकर विभाग की अधिकतर छापेमारी विपक्ष के नेताओं के यहां ही होती है.

### चंदवा

#### एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से काम करना चाहिए : श्रीराम शर्मा

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीराम शर्मा का कहना है कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तब भ्रष्टाचार नहीं होता था. किसी भी जांच एजेंसी पर सरकार का अंकुश नहीं होता था. पर इस समय यह सुनने को आता है कि एजेंसियां सरकार के दबाव में काम करती है. यह देश के लिए अच्छा संदेश नहीं है. इनको स्वतंत्र छोड़ना चाहिए. जिससे अपने हिसाब से स्वतंत्र होकर काम कर सकें. इस दिशा में सरकार को सोचने की जरुरत है.

#### एजेंसियां स्वतंत्र नहीं, इशारे पर कार्रवाई : असगर खान

राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष असगर खान ने केंद्र सरकार पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहते हैं जिस राज्य में भाजपा नेतृत्व की सरकार है, वहां किसी जांच एजेंसी का काम नहीं होता, खान कहते हैं मध्यप्रदेश में ढाई सौ मामले दर्ज हैं, पर वहां किसी एजेंसी का छापा किसी मंत्री या विधायक के यहां नहीं पड़ता है. इससे पता चलता है कि जांच एजेंसियां स्वतंत्र नहीं हैं.

#### जांच एजेंसियों का हो रहा है दुरूपयोग : अयूब खान

चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे अयूब खान ने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा जांच एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को डराने के लिए समन, घरों में छापेमारी, गिरफ्तारी की जा रही है. हाल ही में आम आदमी पार्टी के प्रखर नेता राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी ने इंदिरा गांधी शासनकाल की आपातकाल की याद दिला दी. विपक्षी दलों के नेताओं, मीडिया कर्मियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के ऊपर जिस प्रकार से हमले किए जा रहे हैं, निःसंदेह देश में अघोषित आपातकाल लागू हो गया है.

### आदित्यपुर

#### भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई सराहनीय : डॉ. वीणा सिंह

आदित्यपुर निवासी डॉ. वीणा सिंह कहती हैं कि इन दिनों जिस तरह से देश में ईडी और सीबीआई ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की है, वह सराहनीय है. पूर्व की सरकारों ने इन एजेंसियों के हाथ बांध रखे थे. हमारी मांग है कि वो सरकार के इशारे पर नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से कार्रवाई करें, ताकि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों पर देशवासियों का विश्वास बना रहे.

#### एजेंसियों की कार्रवाई की भी जांच हो : रूपा सामंता

महिला अधिवक्ता रूपा सामंता कहती हैं कि सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों पर देशवासियों का जो भरोसा है, उसपर अब उंगली उठ रही है. वर्तमान समय में देश में कुछ लोगों के विरुद्ध की गई कार्रवाई पर प्रश्नचिह्न है. देश में इन स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई की भी जांच होनी चाहिए. मेरी सरकार से मांग है कि इन केंद्रीय एजेंसियों को पीएमओ कार्यालय से मुक्त कर दिया जाये.

### बोकारो

#### एजेंसियों पर दबाव डालना ठीक नहीं है : तारा देवी

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के मधुकरपुर निवासी पूर्व मुखिया एवं गृहिणी तारा देवी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का जो काम है, उस पर किसी का नियंत्रण एवं दबाव नहीं होना चाहिए. देश में अलग अलग राजनीतिक दलों के लोगों में भले ही इस बात पर बहस छिड़ी हो, लेकिन केंद्रीय एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से काम करने की छूट मिलनी चाहिए. इससे देश में भ्रष्टाचार पर नकेल कसी जा सकती है. उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता है कि केंद्रीय एजेंसियों पर कोई दबाव है.

#### काम से लगता नहीं कि जांच एजेंसियां स्वतंत्र हैं: नियोति दे

बोकारो निवासी कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति दे ने कहा कि वर्तमान में झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी की ओर से जो बार बार सम्मन भेजकर परेशान किया जा रहा है, उससे लगता है कि केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र नहीं, बल्कि केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है. केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र होकर अगर काम करे तो निश्चित तौर पर बड़े बड़े मामलों का खुलासा हो सकता है, लेकिन सिर्फ गैर भाजपा शाषित प्रदेशों में ही ईडी की कार्रवाई हो रही है.

### चक्रधरपुर

#### एजेंसियां स्वतंत्रत रूप से नहीं कर रहीं काम : निभा

चक्रधरपुर निवासी जवाहर लाल नेहरु कॉलेज की छात्रा निभा कुमारी ने कहा कि केन्द्रीय जांच एजेंसियां स्वतंत्र रुप से काम नहीं कर रही हैं. इस कारण भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है. जांच एजेंसियों को पर किसी का हस्ताक्षेप या दबाव नहीं होना चाहिए. जांच एजेंसियां अगर स्वतंत्र रुप से सही तरीके से कार्य करेंगी तो बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं के यहां जांच होगी. विपक्ष के नेता को ही चिहिन्त कर सिर्फ जांच की जाती है.

#### सत्ताधारी के इशारे पर काम करती है एजेंसियां : संध्या

चक्रधरपुर निवासी गृहिणी संध्या देवी ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर केन्द्रीय जांच एजेंसियां काम करती है, जो गलत है. उन पर कार्रवाई होनी चाहिए. केन्द्र सरकार के ऊपर से जनता का भरोसा नहीं उठना चाहिए. जांच एजेंसियों को कार्य में स्वतंत्रता मिलनी चाहिए. जानबूझकर विपक्षी दल के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है. गलत तरीके से जो लोग पैसा कमा रहे हैं उन पर कार्रवाई होनी चाहिए. जांच में निष्पक्षता होना जरुरी है.

### साहिबगंज

#### जांच एजेंसियों पर दबाव नहीं होना चाहिए : पानो देवी

साहिबगंज प्रखंड कोदर्जन्न गांव निवासी पानो देवी ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर रही है .उस पर किसी का नियंत्रण एवं दबाव नहीं होना चाहिए. देश में अलग अलग राजनीतिक दलों के लोगों में भले ही इस बात पर बहस छिड़ी हो, लेकिन केंद्रीय एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से काम करने की छूट मिलनी चाहिए. इससे देश में किसी पाटी के लोग हो जो भ्रष्टाचार में लिप्त होंगे उस पर नकेल कसी जा सके.

#### भाजपा शासित राज्यों में ईडी की कार्रवाई: दुखनी देवी

साहिबगंज मखमलपुर गांव निवासी गृहिणी दुखनी देवी कहा कि वर्तमान में झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री को ईडी की ओर से जो बार बार समन भेजकर परेशान किया जा रहा है, उससे लगता है कि केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र नहीं, बल्कि केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है. केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र होकर अगर काम करे तो निश्चित तौर पर बड़े बड़े मामलों का खुलासा हो सकता है, लेकिन सिर्फ गैर भाजपा शासित प्रदेशों में ही ईडी की कार्रवाई हो रही है.

#### राजनीतिक दबाव में काम नहीं करना चाहिए : सुनीता

साहिबगंज महाविधालय की पीजी सेमेस्टर 5 की छात्रा सुनीता किस्कू ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियां को राजनीतिक दबाव में काम नहीं करना चाहिए. केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र होकर काम करने से लोगों का केंद्रीय एजेंसियों पर विश्वास बढ़ता है. वर्तमान में केंद्रीय एजेंसियां जिस प्रकार से छापेमारी कर रही है इससे कहीं न कहीं राजनीतिक दबाव की बू आती है. लेकिन जिनके खिलाफ ये केंद्रीय एजेंसियां छापेमारी कर रही है वह भी दूध के धुले नहीं है.





### गोड्डा

#### एजेंसियां नहीं आरोप लगाने वाले दबाव में : सरिता गाडिया

गृहणी सरिता गाडिया कहती है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां दबाव में नहीं हैं, बल्कि आरोप लगाने वाले दवाब में हैं. अब तक सब मिल जुलकर अपने मन के मुताबिक काम कर रहे थे. पक्ष हो या विपक्ष आपसी ताल मेल बिठाकर एक दूसरे के काम आ रहे थे. केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद सब कुछ बदल गया. यह बदलाव कुछ लोगो को रास नहीं आ रहा है तो आवाज उठना स्वाभाविक है. आए दिन रेड की खबर मिलती है. रेड में क्या मिलता है और क्या सजा होती है यह भी जनता को बताया जाना चाहिए. ये एजेंसियां काफी महत्वपूर्ण होतीं हैं और इनके जिम्मे देश की सुरक्षा आर्थिक स्थिति की निगरानी जैसे काम होते हैं. वैसे स्वतंत्र रुप से इनका काम करना जरुरी है. सरकार को इसमें सहयोग करने की जरुरत है.

#### विपक्षी नेताओं के ठिकानों पर अधिक छापे : सीमा बजाज

गृहणी सीमा बजाज कहती हैं कि केंद्रीय जांच एजेंसियां जिस प्रकार काम कर रही हैं उसे लगता है कि वह दबाब में है. जितनी भी छापामारी हुई हैं या मामले दर्ज किए गए हैं. उसमें अधिकांश मामलों में विपक्ष से जुड़े हुए लोग हैं. कुछ जगहों पर भाजपा के लोगों के यहां भी छापेमारी हुई है. भ्रष्टाचार का सारा ठेका विपक्ष के ही पास है. जांच एजेंसियों के कामकाज से दिखता है कि वह निष्पक्ष होकर काम नहीं कर रही है. ऐसे लोगों को तो जनता के सामने अपना हिसाब देना ही होगा. केंद्र सरकार भी चाहती है कि आप अपनी कमाई का पाई पाई हिसाब सरकार को देते रहिए और बेफिक्र होकर अपना काम कीजिए. सरकार की राजस्व की चोरी करेंगे तो सरकार तो उसकी वसूली करेगी ही.

#### किसी पर सीधे आरोप लगा देना उचित नहीं है : विनिता देवी

गृहणी विनीता देवी कहती हैं कि जांच एजेंसियों पर सीधे आरोप लगा देना ठीक नहीं है. जांच एजेंसी के अधिकारियों पर भी निगरानी होती है. आज क्यों सवाल उठ रहे हैं. जांच एजेंसी जब तक दवाब में थी तब तक कोई सवाल नहीं उठाया गया. जब फ्री होकर काम कर रही है तो सवाल उठ रहे हैं. जहां भी रेड हुए हैं तो वहां सत्यता तो होती ही है. जब्ती भी होती है. इसे और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए.इसलिए जांच एजेंसियों शक की नजर से देखना अच्छा नहीं है. ये एजेंसियां काफी महत्वपूर्ण होतीं हैं और इनके जिम्मे देश की सुरक्षा आर्थिक स्थिति की निगरानी जैसे काम होते हैं. वैसे स्वतंत्र रुप से इनका काम करना जरुरी है. सरकार को इसमें सहयोग करने की जरुरत है. इस समय केन्द्रीय जांच एजेंसियों के कारण ही देश में बड़े बड़े घोटाले उजागर हो रहे हैं और आरोपियों को सजा भी मिल रही है. इन्हें शक के घेर में देखना ठीक नही है.

#### जांच एजेंसी का भय आम को नहीं, खास को है : बबिता साह

गृहणी बबिता साह कहती है कि जांच एजेंसी का डर आम लोगों को नहीं है. बल्कि आम लोग तो और खुश होते हैं जब देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की जाती है. यह कार्रवाई सभी के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के होना ही चाहिए.इनकी कार्रवाई से अगर किसी को डर है तो वे खास लोग ही हैं. जिन्होंने भ्रष्ट तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित कर रखी है. ऐसे लोगों को तो जनता के सामने अपना हिसाब देना ही होगा. केंद्र सरकार भी चाहती है कि आप अपनी कमाई का पाई पाई हिसाब सरकार को देते रहिए और बेफिक्र होकर अपना काम कीजिए. सरकार की राजस्व की चोरी करेंगे तो सरकार तो उसकी वसूली करेगी ही. इसलिए जिन हो लोगों को लग रहा है कि उनके खिलाफ हो रही कार्रवाई गलत है. वे कोर्ट का सहारा ले सकते हैं. इसमें शोर मचाने की कोई जरुरत नहीं है.

### जामताड़ा

#### एजेंसियों को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए : बिमला देवी

बिमला देवी ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए.ईडी,इनकम टैक्स व सीबीआई की जांच में किसी प्रकार का दवाब या फिर राजनीति नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि सरकारी सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई भी आवश्यक है. यह बात दीगर है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों पर केंद्र सरकार के इशारे पर कार्रवाई का आरोप लगते रहते हैं.लेकिन इन एजेंसियों को स्वतंत्र रखना चाहिए.

#### भ्रष्टाचार के खिलाफ भी कार्रवाई जरूरी है : सुनीता देवी

पूर्व वार्ड पार्षद सुनीता देवी ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर पक्ष-विपक्ष की अपनी-अपनी राय है.मगर भ्रष्टाचार से हुई काली कमाई के खिलाफ कार्रवाई भी जरूरी है.यह बात दीगर है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों पर केंद्र सरकार के इशारे पर कार्रवाई का आरोप लगते रहते हैं.लेकिन इन एजेंसियों को स्वतंत्र रखना चाहिए. इनकी कार्रवायी पर आमजनों को काफी भरोसा होता है.

#### आरोपों में कितनी सच्चाई है यह भी देखना चाहिए : अंजना देवी

अंजना देवी ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई की खबरें टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से मिलती रहती है.जिसमें केंद्रीय जांच एजेंसियों पर विपक्ष द्वारा आरोप भी लगाए जा रहे हैं.लेकिन इन आरोपों में क्या सच्चाई है,इसके लिए न्यायालय के फैसले का इंतजार करना होगा.अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी.

#### दुर्भावना से किसी के खिलाफ कार्रवाई न हो : देवंती देवी

देवंती देवी ने कहा कि भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ सीबीआई,ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है.जिसमें अधिकांश विपक्षी दलों के नेता ही निशाने पर आ रहे हैं.इस पर किसी दुर्भावना से कार्रवाई नहीं होनी चाहिए.जिसका दूरगामी असर होता है.



### जमशेदपुर

#### विपक्ष पर दबाव के लिए हो रहा है ईडी का उपयोग : नलिनी सिन्हा

पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस पार्टी कि जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष नलिनी सिन्हा का कहना है कि केंद्र की मोदी सरकार सच को छिपाने के लिए विपक्ष पर दबाव बनाने के उद्देश्य से सरकारी जांच एजेंसियों सीबीआई व ईडी का उपयोग कर रही है. जिस प्रकार से सीबीआई और ईडी जांच एजेंसियों द्वारा एकपक्षीय कार्रवाई की जा रही है, इससे कहीं न कहीं इनकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं. एक तरफ वैसे नेता जिन पर घोटालों के आरोप हैं और जो केंद्र सरकार से जुड़े हुए हैं, उनके खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो रही है.

#### हो रहा सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग : सबिता सोरेन

ग्रेजुएट कॉलेज की छात्रा सबिता सोरेन का कहना है कि सरकार की हिफाजत के लिए विपक्ष के नेताओं पर सरकारी एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है. इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि किस प्रकार सरकार द्वारा अपने चहेतों को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है और विपक्ष के नेताओं पर दबाव बनाने के लिए लगातार कार्रवाई हो रही है. जिन मामलों में जांच हो गई, मामले को बंद कर दिया गया. उस मामले में बिना न्यायालय से अनुमति लिए जांच शुरू की जा रही है. जिससे लग रहा है कि एक साजिश के तहत विपक्ष के नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ही कार्रवाई की जा रही है.

#### केंद्र के निर्देश पर काम कर रही एजेंसियां : झरना महतो

एआइडीएसओ की सदस्य एवं को-ऑपरेटिव कॉलेज की छात्रा झरना महतो का कहना है कि केंद्रीय जांच एजेंसी केंद्र सरकार के निर्देश पर विपक्ष के नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है. केवल विपक्ष के नेताओं को ही टारगेट किया जा रहा है.संसद में विपक्ष के नेताओं द्वारा पूछे गए सवाल से डर गई है केंद्र सरकार. अडानी मामले में केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाना यह बताने के लिए काफी है कि सरकार किस प्रकार और किस उद्देश्य से इन जांच एजेंसियों का उपयोग कर रही है. ऐसे में जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है.

#### हो रही एकपक्षीय कार्रवाई उचित नहीं : वंदना माझी

जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की छात्रा वंदना माझी का कहना है कि सरकारी जांच एजेंसियों द्वारा की जा रही एकपक्षीय कार्रवाई उचित नहीं है. जांच एजेंसियों की विश्वनीयता पर सवाल उठते है, लेकिन यह भी सच है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां अक्सर सरकार के दबाव में ही काम करती हैं. तभी तो केवल कुछ लोगों को टारगेट कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. झारखंड की बात करें तो पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा सरकार में रहते हुए किए घोटालों के सारे सबूत पार्टी के संरक्षक एवं जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय द्वारा पेश किए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई .

#### जांच एजेंसियों को सरकार नियंत्रित नहीं कर सकती : स्नेहा मुखी

नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में मास कॉम की छात्रा स्नेहा मुखी ने कहा कि सीबीआई, ईडी अथवा आय कर विभाग, जो भी केंद्रीय जांच एजेंसियां हैं, उन पर यह आरोप लग रहे हैं कि वे सरकार के दबाव में काम कर रही है. यह मात्र एक आरोप है. सरकारी जांच एजेंसियां लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोक आस्था का प्रतीक होती है. ऐसी संस्थाएं अपने काम की गंभीरता को समझती हैं और अपना काम पूर्णतयः तथ्यों के आधार पर करती हैं. ऐसी संस्थाओं को सरकार नियंत्रित नहीं कर सकती हैं. इसके अलावा यदि वाकई ये किसी दबाव में काम करती हैं, तो यह जन आस्था पर चोट है.

#### जांच एजेंसियां स्वतंत्र होती हैं किसी का दबाव नहीं : यशी

नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी मास कॉम की छात्रा यशी सिंह ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां निष्पक्ष संस्थाएं होती हैं. ऐसी एजेंसियों में काम करने वाले लोग पूर्ण रूप से अपने काम में दक्ष और अनुसंधान के कार्यों में कुशल होते हैं. ऐसी एजेंसियों पर सरकार नियंत्रण नहीं कर सकती है, ये स्वतंत्र होती हैं. बावजूद यदि ये किसी दबाव में काम करती हैं, तो यह सही नहीं है. हालांकि मेरे विचार में ईडी हो या को अन्य ऐसी एजेंसी जो कि जांच एजेंसियों की तरह काम करती हैं उन पर सरकार का दबाव संभव नहीं प्रतीत होता है.

#### पक्ष या दबाव में काम नहीं करतीं केंद्रीय एजेंसियां : सुरभि गुप्ता

द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन में बीएड की छात्रा सुरभि गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियां किसी दबाव में काम कर रही हैं, यह विपक्ष या किसी का व्यक्तिगत मत अथवा आरोप हो सकता है. क्योंकि सभी का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है. लेकिन मेरा मत है कि केंद्रीय एजेंसियां किसी के पक्ष में काम नहीं करती हैं. क्योंकि उनकी योग्यता एवं देशभक्ति ज्यादा महत्वपूर्ण होती है. चाहे किसी की भी सरकार हो वे अपना ईमानदारी से काम करती हैं.

#### अपनी सुविधा को देख काम कर रहीं जांच एजेंसियां : पूजा

द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन में बीएड की छात्रा पूजा नाग कहती हैं कि जो भी किसी कार्य को करता है, उसके पक्ष और विपक्ष में बातें उठती रहती हैं. इस क्रम में आरोप भी लगते हैं. मेरा मानना है कि केंद्रीय एजेंसियां सरकार के पक्ष में काम करती हैं क्योंकि उनमें कार्यरत अधिकारियों की पदस्थापना व स्थानांतरण केंद्र सरकार के हाथ में होता है और कोई भी पदाधिकारी यह नहीं चाहते कि हम अपनी सुविधा अनुसार जहां पोस्टेड हैं उसे दूसरे जगह चले जाएं. अतः देखा जाये, तो कहीं न कहीं केंदीय एजेंसियां किसी दबाव में काम कर रही हैं.



### पाठक इस विषय पर आज दें अपनी राय

क्या केंद्रीय एजेंसियां राजनीतिक दबाव में काम करती हैं. सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग जैसी जांच एजेंसियां राजनीतिक दलों के नेताओं पर शिकंजा कस रहीं हैं. विपक्ष के नेता जहां इसे सत्ता पक्ष द्वारा विपक्ष को केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से परेशान करनेवाली कार्रवाई बता रहे हैं, वहीं सत्ता पक्ष ने उनके आरोपों को निराधार बताते हुए केंद्रीय एजेंसियों के स्वतंत्र रूप से काम करने की बात कही है.

**नोट** पाठक 50 से 75 शब्दों में अपनी राय नाम, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो के साथ वाट्स एप नंबर 8102917469 पर भेजें. आपकी राय 13 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित की जाएगी.

## ब्रीफ खबरें

### बरारी कब्रिस्तान में अवैध उत्खनन पर रोक की मांग

**जोड़ापोखर।** आम आदमी पार्टी के महासचिव मदन राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल लोदना एरिया 10 के महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उल्लेख किया की धनबाद जिला झरिया विधानसभा अंतर्गत बरारी पुराना कब्रिस्तान जहां बरारी के रहने वाले का पूर्वज सैकड़ों वर्षों से मृत्यु के बाद दफनाया जाता आ रहा है. एवं उनके याद में समय समर पर त्यौहार के रूप में कब्रिस्तान उनके पूर्वजों के कब्र में जाकर उनके धर्म ग्रंथ कुरान शरीफ पढ़ा जाता है. वहीं दुआ की जाती है. इससे उनके परिवार के लोगों को पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है.

### हुसैनाबाद में याद किये गए जयप्रकाश नारायण

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत बुधवार को शहर के हृदय स्थली कहे जाने वाली जेपी चौक पर स्थापित देश के महान स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जयन्ति मनाई गई. लोगों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया. मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष शशी कुमार कहा कि जेपी नारायण भारत में एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था लाना चाहते थे जिससे मनुष्य की शक्ति और क्षमताओं को सफल अभिव्यक्ति मिलने के मार्ग में आने वाली बाधाएं समाप्त हों, यथासम्भव सामाजिक और आर्थिक विषमता समाप्त हो और सबको अवसर की समानता प्राप्त हो.

### पंचिंग कराने पर राशन कार्डधारियों ने किया विरोध

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड के लांगो के राशन कार्डधारियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) साधु चरण देवगम से जन वितरण प्रणाली की लक्ष्मीबाई महिला समूह द्वारा बिना राशन दिये पंचिंग कराने की शिकायत की. उन्होंने बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर राशन डीलरों पर कार्रवाई की मांग की है. इस दौरान आक्रोशित कार्डधारियों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में विरोध-प्रदर्शन भी किया. मौके पर अर्जुन सिंह मेलोगांडी, कृष्णा हो, वीरसिंह होनहागा, देवला मार्डी, रानु मुर्मू, कृष्णा पूर्ति, निताई सरदार सहित कई कार्डधारी उपस्थित रहे.

### दुर्गा पूजा को लेकर डीसी ने की बैठक

**गढ़वा।** दुर्गापूजा एवं दशहरा को लेकर डीसी शेखर जमुआर ने समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की. बैठक में एसपी दीपक कुमार पांडेय समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे. डीसी ने शांति समिति के लोगों से दुर्गा पूजा को लेकर जानकारी ली. इस दौरान बताया गया आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाना है.

## पेज एक का शेष

### टेंडर मैनेज करना अब नहीं होगा...

**10 लाख से ऊपर के टेंडर डालने के नियमों में सरकार ने किया बदलाव :** राज्य सरकार ने 10 लाख से ऊपर के टेंडर डालने के नियमों में कई बड़े बदलाव किए हैं. अब नए नियमो के तहत टेंडर डालने की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी. अभी नियम है कि टेंडर डालने के बाद उसकी एक प्रति ऑफलाइन सिक्योरिटी मनी का ड्राफ्ट ऑफलाइन डालना पड़ता है. मगर अब इस नियम में बदलाव किया गया है. अब ऑफ लाइन टेंडर की प्रति जमा नहीं करना होगा. यहां तक सिक्योरिटी मनी जो ड्राफ्ट के तौर पर देनी पड़ती है, वह राशि भी अब ऑन लाइन ही भुगतान करनी होगी. यहां तक सरकार ने यह तय किया है कि अगर कोई टेंडर ऑनलाइन डालने के बाद उसे वापस लेता है, तो उसकी सिक्योरिटी मनी जब्त कर ली जाएगी.

**ऐसे होता है टेंडर मैनेज का खेल**

टेंडर मैनेज करने के लिए दो कंपनी या एजेंसी या निजी व्यक्ति सेंटिंग करके दो-दो पेपर से टेंडर डालते हैं. इसके बाद टेंडर मैनेज करने का खेल शुरू होता है. जब टेंडर मैनेज हो जाता है, तो एक व्यक्ति अपना डाले गए टेंडर आवेदन को वापस ले लेता है. इसमें बड़ा खेल ऊपर से लेकर नीचे तक होता है. इसको लेकर कई बड़े सवाल उठते रहे हैं. इंजीनियरों एवं बड़े अफसरों पर टेंडर मैनेज, मनचाहे कंपनी या व्यक्ति को काम देने सहित कई तरह के आरोप लगते रहे हैं. इन सबसे बचने के लिए सरकार ने यह बड़ा फैसला लिया है और टेंडर डालने के नियमों में कई अहम बदलाव किया है.

---

### गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश के निर्देशानुसार की गई कार्रवाई

# प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल के बसों की हुई जांच

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)



**मिली कमियां**

- सुधार के लिए 15 दिनों का दिया गया समय
- स्कूल के दस बसों की जांच की गई

गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश के निर्देशानुसार बुधवार को डीटीओ शैलेश कुमार प्रियदर्शी एमभीआई रंजीत मरांडी, वाजिद हसन व अविनाश राज ने प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल जामतारा के स्कूली बसों की जांच की, जिसमें कई कमियां पायी गईं. इसमें सुधार के लिए 15 दिनों का समय दिया गया. वहीं सुधार नही होने पर कार्रवाई की बात कही गई. जांच के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त द्वारा निर्णय लिया गया व निर्देश दिया गया है कि वैसे विद्यालयों जिसमे बसें चलाई जाती हैं, उसकी जांच की जाए व जो भी कमियां पाई जाती हैं, उसे सुधार का निर्देश दिया जाए ताकि बच्चों की भविष्य सुरक्षित हो. बताया कि प्रोग्रेसिव स्कूल के दस बसों की जांच की गई, जांच में बहुत कमियां पाई गई, जिस पर सुधार के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है. बताया कि अभिभावक अपने बच्चों को भविष्य सुरक्षित करने के लिए स्कूलों में भेजते हैं पर बच्चों के साथ विद्यालय प्रबंधन खिलवाड़ कर रहा है. वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं है, अग्निशमन यंत्र नहीं है, प्रदूषण कागज नहीं है, फिटनेस फेल पाया गया, कुछ चालक का लाइसेंस नहीं है,खलासी ड्राइवर का वर्दी नहीं है, परमिट भी नहीं है. बताया कि स्कूल प्रबंधन ने लिखित रूप से दिया है कि सारी कवियों को 15 दिनों के अंदर दूर कर लिया जाएगा. बताया कि अन्य विद्यालयों में भी स्कूली वाहनों की जांच पड़ताल की जाएगी.

### गैंगस्टर प्रिंस खान को हथियार पहुंचाता था विकास सिंह

**धनबाद ।** अवैध हथियार रखने के मामले में जेल में बंद विकास सिंह की जमानत याचिका मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को खारिज कर दी. गैंगस्टर प्रिंस खान के सहयोगी विकास सिंह के खिलाफ गोविंदपुर थाने में पिछले दो अक्टूबर को अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज किया गया था. पुलिस ने उसे उसी रात धनबाद बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. ज्ञात हो कि जेल में बंद प्रिंस खान के शूटर नसीम अंसारी उर्फ मेजर ने पूछताछ में विकास सिंह को प्रिंस खान का हथियार सप्लायर बताया था. नसीम की निशानदेही पर ही पुलिस ने उसे बस स्टैंड के पास से पकड़ा था.

## आओ जानें

### झाररखंड सामान्य ज्ञान

- 1. जमशेदपुर में नमक सत्याग्रह का नेतृत्व किसने किया था ?–ननि गोपाल मुखर्जी
- 2. बेन्टोनाइट (मुल्तानी मिट्टी ) के उत्पादन में कौन सा जिला अग्रणी है ?–साहेबगंज
- 3. झारखंड का पहला वृतिचित्र 1854 में किसके निर्देशन में बनाया गया ?– राधाकृष्ण
- 4. झारखण्ड की लेडी टारजन किसका उपनाम है ?– जमुना टुडू
- 5. बाघ किस जनजाति का पवित्र पशु है ?– बैगा
- 6. भादो महोत्स्व कहाँ मनाया जाता है ?– मलूटी (दुमका)
- 7. जोजोहातु किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ?– क्रोमाइट
- 8. भटिंडा (मुनीडीह) जलप्राप्त किस नदी पर है ?– कतरी नदी
- 9. मानभूम में झंडा सत्याग्रह कब हुआ ?–1945
- 10. झारखंड में मटर प्रसंस्करण केंद्र कहाँ है ?– नगड़ी (रांची)

---

### कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के जंगलों में नक्सली बनाए हुए हैं आशियाना

# कोल्हान जंगल से भागकर कहां जाएंगे भाकपा माओवादी नक्सली

शैलेश सिंह । किरीबुरु







सारंडा स्थित नक्सलियों की पूर्व राजधानी थोलकोबाद में बाइक से भ्रमण करते केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं कोल्हान जंगल में नक्सलियों का बंकर एवं नक्सलियों की फाईल तस्वीरें.

सारंडा से पलायन करने के बाद भाकपा माओवादी नक्सली सारंडा सीमा से लगा पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के जंगलों में वर्षों से अपना न सिर्फ आशियाना बनाए हुए हैं, बल्कि पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के लिये भी निरंतर चुनौती बने हुए हैं. कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के जंगलों से नक्सलियों का पैर पूरी तरह से उखाड़ फेंकने हेतु भारत सरकार का गृह मंत्रालय एवं झारखंड सरकार आपसी तालमेल से हर प्रकार की कोशिश जारी रखे हुए है. इसके बावजूद नक्सली अपनी क्रूर कृत्यों व विध्वंसक कार्यवाहियों की वजह से पुलिस को बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं.

उल्लेखनीय है कि कोल्हान जंगल से पूर्व नक्सलियों ने सारंडा को अपना सुरक्षित जोन व सारंडा स्थित थोलकोबाद को अपना मुख्यालय बना रखा था. वर्ष 2001 से 2011 तक नक्सली सारंडा में भारी कोहराम मचाया. सारंडा के गांवों में नक्सलियों के बिना इजाजत कोई भी प्रवेश नहीं करता था. सारंडा के हर क्षेत्र में नक्सली दिन व रात में खुलेआम बाइक से या हथियार के साथ घूमते मिल जाया करते थे. एक प्रकार से सारंडा में लगभग एक दशक तक उनकी समानांतर सरकार चलती रही. वर्ष 2011 में ऑपरेशन एनाकोंडा के तहत केंद्र सरकार के आदेशानुसार भारी तादाद में झारखंड पुलिस व सीआरपीएफ के जवान चारों दिशाओं से सारंडा में कूच किया. लगभग एक माह तक नक्सलियों व पुलिस के बीच लंबा संघर्ष के बाद सारंडा को नक्सलियों से मुक्त कर विकास कार्यों को गति देने हेतु ऑपरेशन एनाकोंडा रिटर्न चलाया गया. पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयराम रमेश ने सारंडा में लगभग 450 करोड़ रुपये की योजना से सारंडा के गांवों में तमाम प्रकार की विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की कार्य योजना शुरू हुआ. लेकिन अपेक्षाकृत विकास योजनाएं धरातल पर नहीं उतर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई.

सितंबर 2014 में पहली बार रक्षा मंत्री (तब गृह मंत्री) राजनाथ सिंह नक्सलियों की राजधानी सारंडा के थोलकोबाद में पहुंचे थे एवं थोलकोबाद के जंगल में स्वंय मोटरसाईकल चलाकर एक प्रकार से सारंडा को नक्सल मुक्त होने का संदेह सारंडा वासियों को दिया. वास्तविकता यहीं देखी गई की नक्सली सारंडा से भागकर सीमावर्ती कोल्हान व पोड़ाहाट जंगल को अपना शरणस्थली बना लिये.

कोल्हान जंगल से लगा पोड़ाहाट जंगल के टेबो थाना अन्तर्गत संकरा के जंगलों में वर्ष 2015 में लगातार न्यूज के संवाददाता से बातचीत के दौरान 25 लाख रूपये के इनामी भाकपा माओवादी के तब के दक्षिणी छोटानागपुर जोनल कमेटी के प्रवक्ता वीर सिंह मुंडा उर्फ संदीप दा (अब जेल में) ने कहा था कि सारंडा हमारा रोल मॉडल है, सारंडा से हम पीछे हटे हैं लेकिन सारंडा जंगल को छोडे.नहीं हैं. बड़ा सवाल यह है कि सीआरपीएफ ने पश्चिम सिंहभूम के कोल्हान जंगल को नक्सलियों से मुक्त कराने हेतु फार्वर्ड आपरेटिंग बेस स्थापित किया है. निरंतर कार्यवाही जारी है. नक्सलियों व पुलिस के अलावा ग्रामीणों को भी इस संघर्ष में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है. लेकिन कोल्हान जंगल को नक्सल मुक्त कब किया जायेगा, नक्सली कोल्हान जंगल से भागकर पुनः सारंडा जंगल को अपना नया आशियाना तो नहीं बनायेंगे, यह बड़ा सवाल बना हुआ है.

## भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, कई युवा हुए शामिल

संवाददाता। मझगांव

**खास बातें**

- राज्य के युवाओं को नहीं मिल रहा है रोजगार
- हर जगह बड़ी संख्या में युवा भाजपा में हो रहे शामिल

कुमारडुंगी प्रखंड वन विश्वागार परिसर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कुमारडुंगी मंडल में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष नारायण हेंब्रम की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई.

बैठक में कई युवा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए, जिसमें सुभाष चन्द्र गोप, जगमोहन सिंकू, मेरेलाल गगराई, रंजन बालमुचू ,रमाकांत नायक ,धर्मेंद्र पिंगुआ,सुखलाल हेंब्रम, शिशिर तिरिया ने भाजपा का दमन थामा. बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रत्याशी भूषण पाठ पिंगुवा ने कहा कि आज पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार की सीमा चर्म पर है. अफसर शाही हावी हो चुकी है. राज्य के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है. सरकार के लोग जेब भरने में लगे हुए हैं. हर जगह लूट चल रहा है. इसी का नतीजा है कि हर जगह बड़ी संख्या में युवा भाजपा में शामिल हो रहे हैं. आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष का सफाया निश्चित है.

### वीमेंस यूनिवर्सिटी में कर्मचारी की स्थायी नियुक्ति



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में पहली बार अनुकंपा के आधार पर स्थायी नियुक्ति की गयी है. यह नियुक्ति चर्तुथ वर्गीय कर्मचारी डी तुषार राजू की हुई है. डी तुषाप राजू के पिता स्वर्गीय डीवी राजू ने 27 वर्षों तक जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज में तृतीय वर्गीय कर्मचारी के रूप में सेवा दी थी. यूनिवर्सिटी बनने के बाद स्वर्गीय डीवी राजू के पुत्र डी तुषार राजू को कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया. इस अवसर पर कुलसचिव डॉ राजेंद्र जायसवाल, संगीत विभागाध्यक्ष डॉ सनातन दीप व अन्य उपस्थित थे.

## नॉन लाइसेंस पूजा समितियों को करें नियमित

संवाददाता। लातेहार




डीसी हिमांशु मोहन ने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा में असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जायेगी. उन्होंने असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर धारा 107 की कार्रवाई करने का निर्देश दिया. दुर्गा पूजा को लेकर समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में डीसी ने आगे कहा कि त्योहारों में सोशल मीडिया पर भ्रामक व सांप्रदायिक सामग्रियां पोस्ट करने वालों को चिन्हित किया जायेगा और उन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी. डीसी ने दुर्गा पूजा में विधि संधारण के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती करने का निर्देश संबंधित एसडीपीओ को दिया. उन्होंने तय रूट से प्रतिमा का विसर्जन कराने एवं विसर्जन के रास्ते में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों के पास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया. डीसी ने बैठक में पिछले कई वर्षों में दुर्गा पूजा के दौरान घटी अप्रिय घटनाओं की जानकारी ली. बैठक में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आफताब आलम ने जिले के नॉन लाइसेंस पूजा समितियों को लाइसेंस देने की मांग की. उन्होंने कहा कि जब ये नॉन लाइसेंस समितियां वर्षों से पूजा करती आ रही हैं, तो उन्हें भी रेगुलाइज करना चाहिए.

---

## ब्राइट वे एकेडमी में मना छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

संवाददाता। चाईबासा



ब्राइट वे एकेडेमी में बीकॉम सेमेसेटर-6 के सभी छात्र-छात्राओं को एक सादे समारोह में बुधवार को विदाई दी गई. फाइनल परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ हो रही है. समारोह में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ मुरारी लाल बैध ने कहा कि जिंदगी में दुःख और सुख आते-जाते रहते हैं.

आपको इससे घबराने की जरूरत नहीं है. हमेशा परिस्थितियों से मुकाबला करना सीखिए. जीत और हार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं. उन्होंने कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी है. इसलिए असफलता से घबराना नहीं, बल्कि उससे सीखते हुए और ज्यादा प्रयास करना चाहिए, ताकि सफलता आपके कदम चूमे. उन्होंने कहा कि आप अब ग्रेजुएट होने वाले हैं, आपके व्यवहार और संस्कार में दिखना चाहिए कि आप ग्रेजुएट हैं, न कि केवल कागज की डिग्री में. उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा से संबंधित गुरु मंत्र भी दिया. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की ओर से अंजलि दास, सुनीता केराई, सृष्टि दत्ता, विकास गोप, सरोज बिरुली, विमला लुगुन, पुष्पलता संवानयां ने भी संस्थान में बिताये छह वर्षों का अनुभव साझा किया. कार्यक्रम में संस्थान की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाई गई.

### एलबीएसएम कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

## छात्राओं ने जाना 'गुड टच एंड बैड टच'

संवाददाता । जमशेदपुर



कार्यक्रम में शामिल अतिथि, शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी.

जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर मिडटाउन एवं कॉलेज एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया. यह कार्यक्रम महावारी स्वच्छता तथा गुड टच एंड बैड टच विषय पर आधारित था.

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ एके झा ने की. इसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ रंजू कुमारी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) तथा दूसरी मुख्य वक्ता प्रीति सैनी उपस्थित थीं. प्राचार्य, अतिथियों एवं कार्यक्रम की को-ऑर्डिनेटर प्रो रितु व ज्योति कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. प्राचार्य ने अतिथियों को अंगवस्त्र और पौधा भेंट कर सम्मानित किया. मंच संचालन करते हुए प्रो रितु ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का थीम लड़कियों के अधिकारों में निवेश करें, हमारा नेतृत्व हमारा कल्याण है. मुख्य वक्ता डॉक्टर रंजू कुमारी ने महावारी स्वच्छता से सम्बन्धित बातों को छात्राओं के साझा किया. छात्राएं स्वयं को कैसे हाइजिन रखें इससे संबंधित जानकारी भी दी. उन्होंने बताया कि महावारी में कौन सी स्थिति असामान्य होती है और कब डॉक्टर को दिखाना जरूरी है. दूसरी मुख्य वक्ता प्रीति सैनी ने गुड टच और बैड टच से संबंधित बातों को छात्राओं से रू-ब-रू कराया और कहा कि दैनिक जीवन में बच्चे बहुत से ऐसे लोगों के संपर्क में आते हैं, जो अच्छे या बुरे हो सकते हैं.

## संस्था ने चाइल्ड हेल्प डेस्क को किया रेलवे को हैंडओवर

संवाददाता। बोकारो

**खास बातें**

- 1 अगस्त 2020 से सेवाओं का किया जा रहा था संचालन
- मिशन वात्सल्य स्कीम के तहत अब किया जाएगा संचालित

सामाजिक परिवर्तन संस्थान की ओर से 11 अक्टूबर को बोकारो रेलवे स्टेशन में एक कार्यक्रम आयोजित कर बोकरो रेलवे स्टेशन प्रबंधक को चाइल्ड हेल्प डेस्क हैंडओवर किया. संस्था की ओर से बोकारो रेलवे स्टेशन में चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से 1 अगस्त 2020 से चाइल्डलाइन के सेवाओं का संचालन किया जा रहा था. जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय भारत सरकार का संयुक्त सहयोग था.


इधर, अचानक भारत सरकार ने चाइल्ड लाइन की सेवा बंद कर केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई मिशन वात्सल्य स्कीम के तहत नई गाइडलाइन से अब संचालित किया जाएगा. इसी संदर्भ में रेलवे चाइल्डलाइन बोकारो द्वारा संस्था प्रमुख उमेश तिवारी द्वारा चाइल्डलाइन के सेवाओं का हैंडोवर स्टेशन प्रबंधक एके हालदर को 1 सितंबर 2023 को ही किया गया था. इसी को लेकर संस्था ने स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर निर्मित चाइल्ड हेल्प डेस्क को रेलवे प्रबंधक को सुपुर्द कर दिया. इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी भावुक होकर चाइल्डलाइन कर्मी की विदाई किये एवं यह सुनिश्चित किया कि भविष्य में कभी भी बच्चों के हित के रक्षा के लिए सभी लोग एकजुट होकर आगे कार्य करेंगे.

---

**आरोप-प्रत्यारोप** सठिया गए हैं चंपई सोरेन, अब रिटायरमेंट की जरूरतः गणेश

# बाबूलाल की संकल्प यात्रा फ्लॉप शो : चंपई

संजीव मेहता। आदित्यपुर





मंत्री चंपई सोरेन (बांये) व गणेश महली (दांए).

**आमना सामना**

- चंपई सोरेन दिमागी रूप से बीमार : गणेश महली
- इज्जत बचाने में लगी है भाजपा : चंपई सोरेन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को मंत्री चंपई ने फ्लॉप शो करार दिया है. बुधवार शाम वे आदित्यपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा दूसरे जिले के कार्यकर्ताओं को बुलाकर इज्जत बचाने में लगी है, उनके जिले के कार्यकर्ता गुटों में बंटे हुए हैं.

मंत्री ने कहा कि भाजपा में दोबारा नहीं आने की कसमें खाने वाले बाबूलाल से भाजपा के कार्यकर्ता भी सतर्क हो गए हैं, यही वजह है कि उनके सभा में जाने से परहेज कर रहे हैं. मंत्री के इस बयान पर जवाब देते हुए भाजपा के विधानसभा के प्रत्याशी गणेश महली ने कहा कि मंत्री चंपई सोरेन जी अब सठिया गए हैं, अब उन्हें रिटायरमेंट लेने की जरूरत है. गणेश महाली यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि मंत्री चंपई सोरेन दिमागी रूप से बीमार होते जा रहे हैं. उन्हें राजनीति से सन्यास लेने और नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की जरूरत है. बता दें कि मंत्री चंपई सोरेन ने 9 अक्टूबर को राजनगर में संपन्न हुए बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को फ्लॉप करार दिया है. भाजपा नेता ने मंत्री चंपई सोरेन पर आदित्यपुर और सरायकेला की जनता को गुमराह करने का भी आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि जिस जुडको की वजह से आदित्यपुर नगर निगम नरक में तब्दील हो चुकी है, उसी जुडको को सरायकेला के सौंदर्यीकरण का जिम्मा दे रहे हैं.

### चिकित्सक प्रकरण की जांच प्रतिवेदन डीसी को

**चाईबासा।** चाईबासा के पशु शल्य चिकित्सक डॉ योगेन्द्र कुमार द्वारा पशुपालकों को फ्री सैम्पल नॉट टू बी सोल्ड बेचे जाने आदि मामले पर स्थानीय लोगों से मिली शिकायत को उपायुक्त अनन्य मित्तल को सहायता कोषांग के माध्यम से दी गई. शिकायत पत्र पश्चिमी सिंहभूम जिला बीस सूत्री सदस्य सह कांग्रेस जिला महासचिव त्रिशानु राय ने दी. उपायुक्त के निर्देश तीन सदस्यीय जांच कमिटी बनाई गई थी. जिला पशुपालन पदाधिकारी पश्चिमी सिंहभूम डॉ. सुधाकर सिंह मुंडा की अध्यक्षता में अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार भगत, आदर्श ग्राम पदाधिकारी डॉ. अमरेन्द्र कुमार भूषण को सदस्य बनाया गया है. शनिवार को शिकायतकर्ता को जिला पशुपालन कार्यालय में जांच कमिटी के समक्ष अपना साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था.

## विसर्जन घाटों को दुरुस्त करने के लिए एसडीएम को लिखा पत्र



विसर्जन घाट की तस्वीर

संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर के आरआईटी थाना क्षेत्र के 12 पूजा पंडालों की मूर्तियों का विसर्जन रोड नंबर 32 स्थित सूर्य मंदिर घाट पर होता है. इनकी स्थिति बरसात और बाढ़ की वजह से खराब हो गई है. विसर्जन घाट जाने का रास्ता जर्जर और गड्ढानुमा हो गया है. खराब हो चुके घाट को दुरुस्त कराने की पहल जन कल्याण मोर्चा ने डीसी और एसडीएम सरायकेला को पत्र लिखकर की है लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है. बता दें कि आदित्यपुर में 37 पूजा पंडाल हैं. इनमें से 25 पंडाल की मूर्तियों का विसर्जन बिष्टुपुर स्थित बोधनवाला घाट पर होता है, जबकि 12 पंडालों की मूर्तियों का विसर्जन रोड नंबर 32 स्थित सूर्य मंदिर घाट पर होता है. वहां की स्थिति बाढ़ और बरसात से खराब हो चुकी है.

# महिला श्रम की महत्ता

एमएस स्वामीनाथन ने भारतीय किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के निर्धारण में महिला और घरेलू श्रम को भारत में मान्यता दी थी. अब दुनिया के स्तर पर पहली बार एक ऐसे अर्थशास्त्री को नोबल पुरस्कार दिया गया है, जिन्होंने जेंडर श्रम की महत्ता को रेखांकित किया. एक तरह से अबतक की दुनिया में बहुत कम ऐसे विचारक हुए हैं, जिनके लिए घरेलू श्रम की महत्ता रही है. प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार मिलना एक तरह से दुनिया की आधी आबादी के लिए नज़रंदाज़ कर दिये गये श्रम को सराहना व पुरस्कृत करना है. अमेरिका की गोल्डिन की विश्व भर में आर्थिक इतिहासकार व श्रम अर्थशास्त्री के रूप में बहुत प्रतिष्ठा है. हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर गोल्डिन ने पिछली लगभग दो सदियों के आंकड़ों के अध्ययन के आधार पर उन कारणों का पता किया है, जिनके चलते श्रम के मामले में महिलाएं पक्षपात का शिकार बनी हैं. उन्होंने बताया है कि विभिन्न कारणों से महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कम पारिश्रमिक मिलता है. वैश्विक श्रम बाजार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व चिंताजनक रूप से अल्प है. उनका अध्ययन यह भी बतलाता है कि कमाई और रोजगार दरों में लिंग अंतर कैसे और क्यों बदलता चला गया है. अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में दिया जाने वाला यह पुरस्कार अब तक 92 अर्थशास्त्रियों को मिला है.

> अबतक की दुनिया में बहुत कम ऐसे विचारक हुए हैं, जिनके लिए घरेलू श्रम की महत्ता रही है. प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार मिलना एक तरह से दुनिया की आधी आबादी के लिए नज़रंदाज़ कर दिये गये श्रम को सराहना व पुरस्कृत करना है.

गोल्डिन के पहले तक केवल दो महिलाएं ही यह पुरस्कार पा सकी हैं. प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस ने उनके बारे में कहा है कि- 'आर्थिक इतिहासकार और श्रम अर्थशास्त्री के रूप में गोल्डिन के शोध में महिला श्रम शक्ति, कमाई में जेंडर गैप, तकनीकी परिवर्तन, शिक्षा और आव्रजन सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है. उनके अधिकांश शोध अतीत के दृष्टिकोण से वर्तमान की व्याख्या करते हैं और चिंता के वर्तमान मुद्दों की उत्पत्ति की पड़ताल करते हैं. गोल्डिन महिला श्रम के बारे में 200 वर्षों के डेटा के आधार पर जो सच्चाइयां अपने निष्कर्षों के रूप में सामने लाई हैं, वे और भी कई सदियां पुरानी हैं और आज भी नंगी आंखों से देखकर ही यकीन करने के काबिल हैं. आधुनिकता और समानता पर आधारित लोकतांत्रिक प्रणाली ज्यादातर देशों में चलन में आ जाने के बावजूद आज भी यह एक ठोस वास्तविकता है कि महिलाएं श्रम और मेहनताने दोनों ही मामलों में भारी भेदभाव की शिकार हैं. पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की बेरोजगारी दर कहीं अधिक है. उन्हें पहले से ही अर्द्ध कुशल या अकुशल मानकर समान काम के लिए भी कम वेतन दिया जाता है. हाल ही में भारत के सन्दर्भ में ये आंकड़े सामने आये थे कि 2018-19 से 2022-23 के बीच जितने लोगों ने नियमित नौकरियां खोईं, उनमें ज्यादातर महिलाएं थीं.

## सुभाषित

**एकेन अपि सुपुत्रेण सिंही स्वपिति निर्भयम्।**
**सह एव दशभिः पुत्रैः भारं वहति गर्दभी।।**

सिंहनी को एक ही संतान भी है तो भी वह आराम करती है, क्योंकि उसकी संतान उसे भोजन लाकर देती है, परन्तु गधी को दस बच्चे होने पर भी स्वयं भार का वहन करना पडता है. अतः गुणवान आज्ञाकारी संस्कारित ज्ञानी एक ही संतान कुल का नाम रोशन कर देती है, वहीं अधिक संतान क्लेश विवाद का कारण बन जीवन में अशांति का कारण बन जाती है

# जंग की आग में इजरायल और फिलिस्तीन

**गाजा पट्टी पर काबिज आतंकी संगठन हमास ने जल-थल-नभ तीनों ओर से हमला बोलकर इजरायल को दहला दिया है. उसने इजरायल के दक्षिणी शहरों में तकरीबन सात हजार राकेट दागा है, जिसमें इजरायल के तीन सैकड़ा से अधिक लोगों की जान गई है. तकरीबन दो हजार से अधिक लोग बुरी तरह घायल हुए हैं. प्रतिकार में इजरायल ने भी हमास के ठिकानों पर बम बरसाकर कई सैकड़ा लोगों की जान ली है. दोनों के बीच अभी भी जंग जारी है.**



पश्चिम एशिया (मध्य-पूर्व) एक बार फिर जंग के मैदान में है. गाजा पट्टी पर काबिज आतंकी संगठन हमास ने जल-थल-नभ तीनों ओर से हमला बोलकर इजरायल को दहला दिया है. उसने इजरायल के दक्षिणी शहरों में तकरीबन सात हजार राकेट दागा है, जिसमें इजरायल के तीन सैकड़ा से अधिक लोगों की जान गई है. तकरीबन दो हजार से अधिक लोग बुरी तरह घायल हुए हैं. प्रतिकार में इजरायल ने भी हमास के ठिकानों पर बम बरसाकर कई सैकड़ा लोगों की जान ली है. दोनों के बीच अभी भी जंग जारी है. हमास ने इजरायल के कुछ सैनिकों और नागरिकों को बंधक भी बना रखा है. उसने दावा किया है कि इजरायल द्वारा अल-अक्सा मस्जिद को अपवित्र करने का बदला ले लिया है.

याद होगा गत वर्ष पहले अल-अक्सा मस्जिद कंपाउंड में इजरायली पुलिस और फिलिस्तीनियों के बीच जमकर झड़प हुई थी. उस झड़प में एक सैकड़ा से अधिक लोगों की जान गई और करोड़ों की संपत्ति नष्ट हुई. चरमपंथी संगठन हमास ने रेगिस्तान के बीच बसे शहर बीर-शिवा और एश्कलोन को निशाना बनाया और जवाब में इजरायल ने गाजा पट्टी स्थित कई महत्वपूर्ण इमारतों के साथ एसोसिएट प्रेस और अल जजीरा की कई महत्वपूर्ण इमारतों को ध्वस्त कर दिया. उस हमले में गाजा के सिटी कमांडर बसीम इस्सा मारे गए थे. भारत ने इजरायल पर हुए हमले की निंदा की है और कहा है कि इस कठिन समय में वह इजरायल के साथ है. अगर यह जंग थमा नहीं तो दुनिया कि शांति भंग हो सकती है. चूंकि इजरायल ने हमास के हमले को चुनौती के तौर पर लिया है ऐसे में उसे कड़ा सबक सिखाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है. अगर दोनों देशों के हालिया विवाद पर नजर दौड़ाएं तो हालात उस वक्त खराब हुए जब इजरायली सुप्रीम कोर्ट ने पूर्वी जेरुसलम के शेख जर्रा नामक स्थान से फिलिस्तीनियों के सात परिवारों को निकाले जाने का आदेश दिया. सुप्रीम कोर्ट ने उन घरों को खाली करने का आदेश दिया जो 1948 में इजरायल के गठन से पहले यहूदी रिलीजन एसोसिएशन के अधीन थे. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद फिलिस्तीनियों को निकालकर यहूदियों को बसाने की तैयारी हो रही थी. इससे फिलिस्तीनी भड़क गए. नतीजतन इजरायल के कई शहर और कस्बे दंगे की चपेट में आ गए. इन शहरों और कस्बों में अरब और यहूदियों के बीच मारकाट हुई. फिलहाल इजरायल ने अपना मिलिट्री ऑपरेशन तेज करने और गाजा बॉर्डर पर सैनिकों की संख्या बढ़ाने का एलान कर दिया है. इजरायल ने कहा है कि हमारी सेना के गाजा पट्टी और फिलिस्तीन में हमले तब तक बंद नहीं होंगे, जब तक दुश्मन पूरी तरह शांत नहीं हो जाते हैं. गौर करें तो इजरायल और हमास के बीच मौजूदा जंग वर्ष 2014 की गर्मियों में 50 दिन तक चले युद्ध के बाद अब तक की यह सबसे बड़ी जंग है. अच्छी बात है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय दोनों पक्षों से तनाव कम करने की अपील शुरू कर दी है. लेकिन हालात सुधरेंगे, इसमें संदेह है. ऐसा इसलिए कि दोनों पक्ष एक दूसरे का इतिहास-भूगोल बदलने पर आमादा है. दोनों के पीछे अंतरराष्ट्रीय गोलबंदी की सच्चाई भी किसी से छिपी नहीं है. इजरायल को अमेरिका का खुला समर्थन हासिल है, वहीं फिलिस्तीन के कट्टरपंथी संगठन हमास को सीरिया और ईरान का समर्थन हासिल है. ईरान इजरायल के खिलाफ हमास की खुलकर मदद करता है. हमास की अन्य आतंकी संगठनों से भी मिलीभगत है. उसकी मंशा विश्व में इस्लाम का परचम लहराना और इजरायल को नेस्तनाबूद करना है. अमेरिका ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम और मौजूदा तनाव को लेकर पहले से ही भड़का हुआ है. ऐसे में वह नहीं चाहता है कि हमास फिलिस्तीन में मजबूत और इजरायल कमजोर हो. गौरतलब है कि हमास फिलिस्तीनी सुन्नी मुसलमानों की एक सशस्त्र संस्था है, जो फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण की मुख्य पार्टी है. इसका गठन 1987 में मिस्र और फिलिस्तीन के मुसलमानों ने किया था. इसके सशस्त्र विभाग का गठन 1992 में हुआ. इसका उद्देश्य इजरायली प्रशासन के स्थान पर इस्लामिक शासन की स्थापना करना है. गाजा पट्टी क्षेत्र में इसका विशेष प्रभाव है. गाजा पट्टी इजरायल के दक्षिण-पश्चिम में स्थित तकरीबन 6-10 किमी चौड़ा और 45 किमी लंबा क्षेत्र है. इसकी तीन ओर इजरायल का नियंत्रण है और दक्षिण में मिस्र है. पश्चिम एशिया में स्थित इजरायल तीन ओर से अरब राज्यों से घिरा हुआ है. इजरायल का क्षेत्रफल तकरीबन 21946 वर्ग किमी तथा आबादी तकरीबन 70 लाख के आसपास है. फिलिस्तीन पर नजर डालें तो यह भूमध्य सागर के पूर्वी तट पर स्थित ऐतिहासिक राज्य था, जिसकी राजधानी जेरुसलम थी. यह विश्व के महान ऐतिहासिक स्थलों में से एक और यहूदी तथा ईसाई धर्मों का जन्म स्थान है. 1930 के दशक में जर्मनी में नाजी अत्याचारों के कारण भारी संख्या में यहूदी शरणार्थी यहां आकर बसे. इससे यहूदियों और अरबों में शत्रुता बढ़ गयी. वह शत्रुता अब विकराल रूप धारण कर चुकी है. अरब जगत इजरायल को एक खंजर की तरह मानता है, जो अरब जगत को काटकर टुकड़ों में विभक्त कर दिया है. 1948 में इजरायल में बसे अरबों के लिए अर्मिस्टाइस रेखा का निर्धारण हुआ, जिसके तहत गाजा पट्टी में अरब जो सुन्नी मुस्लिम हैं, का रहना सुनिश्चित हुआ. लेकिन 1948 से लेकर 1967 तक इस पर मिस्र का अधिकार रहा. 1967 की छः दिन की लड़ाई में इजरायल ने अरबों को निर्णायक रूप से पराजित कर इस पट्टी पर अपना अधिकार जमा लिया.

• देश-काल



अरविंद जयतिलक

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## जब राम ने उठाये सवाल

महर्षि अगस्त्य ने जब मेघनाद के वध करने की योग्यता एक मात्र लक्ष्मण में होने की बात कहीं, तब श्रीराम बोले 'हे गुरुदेव! मेघनाद और लक्ष्मण दोनों के बल और पराक्रम से मैं अवगत हूं. अगर शक्ति की बात की जाये तो निःसंदेह इन दोनों की कोई तुलना नहीं थी. लक्ष्मण के ब्रह्मचारी होने की बात मैं समझ सकता हूं किन्तु मैं वनवास काल में चौदह वर्षों तक नियमित रूप से लक्ष्मण के हिस्से का फल-फूल उसे देता रहा. मैं सीता के साथ एक कुटी में रहता था और बगल की कुटी में लक्ष्मण थे. मैं, सीता और लक्ष्मण अधिकतर समय साथ ही रहते थे फिर भी उसने सीता का मुख भी न देखा हो, भोजन न किया हो और चौदह वर्षों तक सोए न हों, ऐसा कैसे संभव है?' अगस्त्य मुनि सारी बात समझ कर मुस्कुराए. वे समझ गए कि श्रीराम क्या चाहते हैं. दरअसल सभी लोग सिर्फ श्रीराम का गुणगान करते थे लेकिन वे चाहते थे कि लक्ष्मण के तप और वीरता की चर्चा भी अयोध्या के घर-घर में हो तभी ऐसा पूछ रहे हैं. उन्होंने कहा कि 'क्यों ना स्वयं लक्ष्मण से इस विषय में पूछा जाये.' लक्ष्मण को बुलाया गया. सभा में आने पर उन्होंने सबको प्रणाम किया फिर श्रीराम ने कहा 'प्रिय भाई! तुमसे जो भी पूछा जाये उसका सत्य उत्तर दो. हम तीनों चौदह वर्षों तक साथ रहे फिर तुमने सीता का मुख कैसे नहीं देखा? फल दिए गए, फिर भी अनाहारी कैसे रहे? और चौदह वर्षों तक कैसे सोए नहीं? लक्ष्मण ने कहा 'भैया! जब हम भाभी को तलाशते ऋष्यमूक पर्वत गए तो सुग्रीव ने हमें उनके आभूषण दिखा कर पहचानने को कहा तो आपको स्मरण होगा कि मैं तो सिवाए उनके पैरों के नुपूर के कोई आभूषण नहीं पहचान पाया था, क्योंकि मैंने कभी भी उनके चरणों के ऊपर देखा ही नहीं था. मैं तो भाभी को केवल उनके चरणों से पहचानता हूं. उनके अतिरिक्त मैंने वनवास के समय शूर्पणखा एवं बालि की भार्या देवी तारा को ही देखा था किन्तु एक तो वे अनायास ही मेरे समक्ष आ गयी थीं और दूसरे वे दोनों पूर्ण मनुष्य नहीं थीं. शूर्पणखा राक्षसी थी और तारा वानर जाति की. रही बात निद्रा की तो जब आप और माता एक कुटिया में सोते थे, मैं रात भर बाहर धनुष पर बाण चढ़ाए पहरेदारी में खड़ा रहता था.

# महिलाओं के लिए सकारात्मक अवसर

• आधी आबादी

डॉ. ऋतु सारस्वत

महिला आरक्षण बिल यानी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को हाल ही में राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई. इस कानून के लागू होने पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा. लैंगिक समानता के लिए उठाया गया यह कदम स्वागतयोग्य है. राजनीतिक स्तर पर महिलाओं को समानता के उच्चतम पायदान पर खड़े करने की पहल विगत कई दशकों से की जा रही थी, परंतु तमाम उलझनों और ऊहापोह के बीच इसे आने में इतना लंबा समय लग गया. खैर, देर से आए दुरुस्त आए. परंतु यक्ष प्रश्न यह है कि क्या महिलाओं के लिए राजनीतिक पदों को प्राप्त करना सहज होगा? क्या देश की आम महिलाएं इसका लाभ ले पाएंगी या फिर राजनीतिक परिवारों की महिलाओं तक ही यह सीमित होकर रह जाएगा? क्या विधायक पति, भाई या पिता सत्ता पर अब परोक्ष रूप से काबिज होंगे? इन प्रश्नों ने अपने उत्तरों को ढूंढ़ने की कवायद आरंभ कर दी है. वर्ष 2017 में हिलेरी क्लिंटन ने अपनी किताब 'व्हाट हैपेंड' में लिखा 'यह पारंपरिक सोच नहीं है कि महिलाएं नेतृत्व करें या राजनीति के दांव पेंच में शामिल हों. यह न तो पहले सामान्य था और न ही आज... इसलिए जब भी अगर ऐसा होता है तो यह सही प्रतीत नहीं होता. लोगों ने हमेशा इस तरह की भावनाओं के आधार पर मत दिया है.' हिलेरी क्लिंटन ने समाज के उस चेहरे को उजागर किया है, जहां आधुनिकता और समानता के तमाम दावों के बीच महिलाओं की राजनीति में अस्वीकार्यता है. व्यावहारिक समानता के बावजूद अप्रत्यक्ष सामाजिक-राजनीतिक ढांचे महिलाओं को राजनीति में भागीदार बनने से रोकते हैं. अंतर संसदीय संघ की ओर से कराए गए सर्वे इन 'इक्वलिटी इन पॉलिटिक्स' में पाया गया कि सामाजिक रीति-रिवाजों के अलावा आर्थिक क्षमता और राजनीतिक दलों की संरचना भी महिलाओं के लिए बाधक है. अब प्रश्न यह उठता है कि पितृसत्तात्मक व्यवस्था महिलाओं को नेतृत्वशील पदों पर क्यों नहीं देखना चाहती? इसका उत्तर मुश्किल नहीं है 'राजनीति' सत्ता और शक्ति का केंद्र है. वह प्रभाव और निर्णय क्षमता की आधारभूमि है, जो कि पुरुषत्व भाव की छद्म तुष्टि का आधार बनती है. सत्ता को पुरुषत्व से जोड़कर देखने की मानसिकता इतनी गहरी जड़ें जमाए हुए है कि विश्व की कोई भी सामाजिक व्यवस्था, चाहे उसका स्वरूप विकसित हो या विकासशील, महिलाओं का राजनीति में प्रवेश स्वीकार नहीं करती. और किंचित जो महिलाएं इस ओर कदम बढ़ाती हैं उन्हें रोकने के लिए 'हिंसा' को, चुनावी चक्र में विभिन्न तरीकों से लक्षित और विनाशकारी उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जाता है.

> राजनीतिक स्तर पर महिलाओं को समानता के उच्चतम पायदान पर खड़े करने की पहल विगत कई दशकों से की जा रही थी, परंतु तमाम उलझनों और ऊहापोह के बीच इसे आने में इतना लंबा समय लग गया. खैर, देर से आए दुरुस्त आए. परंतु यक्ष प्रश्न यह है कि क्या महिलाओं के लिए राजनीतिक पदों को प्राप्त करना सहज होगा?

एक अध्ययन के मुताबिक विश्व भर में 35500 संसदीय सीटों (156 देशों) में महिलाओं की उपस्थिति मात्र 26.1 प्रतिशत है. रिपोर्ट यह भी बताती है कि 156 देशों में से 81 में राजनीतिक उच्च पदस्थ स्थानों में महिलाएं नहीं रही हैं. स्वीडन, स्पेन, नीदरलैंड और अमेरिका जैसे लिंग समानता के संबंध में अपेक्षाकृत प्रगतिशील माने जाने वाले देश भी इसमें शामिल हैं. इस सत्य को विश्व की तमाम संस्थाएं स्वीकार करती हैं कि महिलाओं की पूर्ण और प्रभावी राजनीतिक भागीदारी मानवाधिकार, समावेशी विकास और सतत विकास का मामला है. निर्णय लेने और राजनीतिक भागीदारी के सभी स्तरों पर पुरुषों के साथ समान शर्तों पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समानता, शांति और लोकतंत्र की उपलब्धि और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनके दृष्टिकोण और अनुभवों को शामिल करने के लिए आवश्यक है. दरअसल, वैधानिक तथा राजनीतिक स्तर पर जब भी बड़े बदलाव किए जाते हैं तो सामाजिक ढांचे में वह सहज ढल नहीं पाते. अनेक बार दबाव ही सामाजिक बदलाव की स्वीकार्यता का कारण बनता है. ठीक इसी तरह 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को समाज को अंगीकार करने में कुछ दशकों का समय लग सकता है. महिलाओं के लिए जहां एक ओर पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था के समक्ष खड़े होकर लड़ने की चुनौती है तो वहीं दूसरी ओर उनके भीतर आत्मबोध का अभाव है, जिसके चलते वे स्वयं को ही पीछे धकेल लेती हैं.एक अध्ययन के मुताबिक, पुरुष अवसरों को अपनी भविष्य की क्षमता के हिसाब से आंकते हैं, वहीं महिलाएं इस हिसाब से कि उन्होंने पूर्व में क्या उपलब्धियां अर्जित की हैं.

# पृथ्वी के ठोस आंतरिक कोर की खोज

• अनुसंधान

दयानिधि

विज्ञान की दुनिया तेजी से बदलती है. हर दिन एक नयी खोज रहस्यों से पर्दा हटा देती है और नए रहस्यों के संदर्भ में नयी खोज की यात्रा प्रारंभ हो जाती है. पृथ्वी के ठोस आंतरिक कोर को बनाने वाले लोहे के परमाणु खगोलीय रूप से उच्च दबाव, जो कि ग्रह पर सबसे अधिक है, आपस में मिलकर एक साथ जमा हो जाते हैं. ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय की अगुवाई में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि पृथ्वी के आंतरिक कोर में लोहे के परमाणुओं के कुछ समूह तेजी से घूमने में सक्षम हैं. लोहे से बनी धातु संरचना को बनाए रखते हुए हर सेकंड में अपना स्थान बदलते हैं. एक प्रकार की गति जिसे 'सामूहिक गति' के रूप में जाना जाता है. शोध के परिणाम, जो प्रयोगशाला प्रयोगों और सैद्धांतिक मॉडलों द्वारा निकाले गए थे, इनसे पता चलता है कि, आंतरिक कोर में परमाणु पहले की तुलना में कहीं अधिक घूमते हैं. शोध में कहा गया है कि परिणाम आंतरिक कोर के कई दिलचस्प गुणों को समझाने में मदद कर सकते हैं. जो लंबे समय से वैज्ञानिकों को परेशान कर रहे हैं, साथ ही पृथ्वी के जियोडायनेमो को शक्ति देने में आंतरिक कोर की भूमिका पर प्रकाश डालने में मदद कर सकते हैं. एक अनोखी प्रक्रिया, जो ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र को उत्पन्न करती है.

यूटी जैक्सन स्कूल ऑफ जियोसाइंसेज के प्रोफेसर और प्रमुख अध्ययनकर्ता जंग-फू लिन ने कहा, अब हम उस मूलभूत तंत्र के बारे में जानते हैं जो हमें पृथ्वी के आंतरिक कोर की गतिशील प्रक्रियाओं और विकास को समझने में मदद करेगा. यह अध्ययन जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित हुआ है. अत्यधिक तापमान और दबाव के कारण वैज्ञानिकों के लिए पृथ्वी के आंतरिक कोर का सीधे नमूना लेना असंभव है. इसलिए, लिन और उनके सहयोगियों ने एक छोटी सी लोहे की प्लेट लेकर और इसे तेज गति से चलने वाले प्रोजेक्टाइल से शूट करके प्रयोगशाला में इसे छोटे रूप में फिर से बनाया. प्रयोग के दौरान एकत्र किए गए तापमान, दबाव और गति संबंधी आंकड़ों को आंतरिक कोर में परमाणुओं के मशीन-लर्निंग कंप्यूटर मॉडल में डाल दिया गया था. वैज्ञानिकों का मानना है कि आंतरिक कोर में लोहे के परमाणु दोहराए जाने वाले षट्कोणीय विन्यास में व्यवस्थित होते हैं. लिन के अनुसार, आंतरिक कोर में लोहे की जाली की गतिशीलता को चित्रित करने वाले अधिकांश कंप्यूटर मॉडल केवल परमाणुओं की एक छोटी संख्या दिखाते हैं, जो आमतौर पर सौ से भी कम हैं, लेकिन एआई एल्गोरिथ्म का उपयोग करके, शोधकर्ता परमाणु पर्यावरण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने में सक्षम थे, जिससे लोहे के गुणों की अधिक विश्वसनीय भविष्यवाणी करने के लिए लगभग 30,000 परमाणुओं का सुपरसेल बनाया गया.इस सुपरसेल पैमाने पर, वैज्ञानिकों ने समग्र षट्कोणीय संरचना को बनाए रखते हुए परमाणुओं के समूहों को घूमते हुए, स्थान बदलते हुए देखा. शोधकर्ताओं ने कहा कि परमाणु की गतिविधि यह समझा सकती है कि आंतरिक कोर के भूकंपीय माप एक ऐसे वातावरण को क्यों दिखाते हैं, जो इस तरह के दबाव में अपेक्षा से कहीं अधिक नरम और लचीला है. उन्होंने कहा, भूकंप विज्ञानियों ने पाया है कि पृथ्वी का केंद्र, जिसे आंतरिक कोर कहा जाता है, आश्चर्यजनक रूप से नरम है, जैसे कि रसोई में मक्खन नरम होता है. हमने जो बड़ी खोज की है वह यह है कि ठोस लोहा पृथ्वी के अंदर आश्चर्यजनक रूप से नरम हो जाता है, क्योंकि इसके परमाणु हमारी कल्पना से कहीं अधिक तेजी से घूम सकते हैं. यह बढ़ी हुई गति आंतरिक कोर को कम कठोर बलों के खिलाफ कमजोर बनाती है. शोधकर्ताओं ने कहा कि भूकंपीय आंकड़ों में आश्चर्यजनक रूप से नरम भौतिक गुणों को समझाने तथा इसका उत्तर खोजने के लिए उनको प्रेरित किया. शोधकर्ताओं के अनुसार, पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को उत्पन्न करने वाली जियोडायनेमो ऊर्जा का लगभग आधा हिस्सा आंतरिक कोर के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है. जबकि बाहरी कोर बाकी हिस्सा बनाता है. परमाणु पैमाने पर आंतरिक कोर गतिविधि पर नई जानकारी भविष्य के शोध को आगे बढ़ाने में मदद कर सकती है. आंतरिक कोर में ऊर्जा और गर्मी कैसे उत्पन्न होती है, यह बाहरी कोर की गतिशीलता से कैसे संबंधित है और वे ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र को उत्पन्न करने के लिए कैसे मिलकर काम करते हैं यह रहने योग्य ग्रह के लिए एक प्रमुख हिस्सा है.

> ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय की अगुवाई में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि पृथ्वी के आंतरिक कोर में लोहे के परमाणुओं के कुछ समूह तेजी से घूमने में सक्षम हैं. लोहे से बनी धातु संरचना को बनाए रखते हुए हर सेकंड में अपना स्थान बदलते हैं. एक प्रकार की गति जिसे 'सामूहिक गति' के रूप में जाना जाता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# भारत में रोजगार निर्माण

**सोमवार** को जारी सालाना सावधिक श्रम शक्ति सर्वे (पीएलएफएस) के जुलाई-जून 2022-23 के आंकड़े दिखाते हैं कि समग्र बेरोजगारी की दर 3.2 फीसदी के साथ छह वर्षों के निचले स्तर पर पहुंच गई है. अन्य चीजों के समान रहते बेरोजगारी दर में गिरावट और श्रम शक्ति भागीदारी दर में इजाफा यह बताता है कि अर्थव्यवस्था में रोजगार तैयार हो रहे हैं. हां, रोजगार की गुणवत्ता पर अवश्य सवाल खड़े हो सकते हैं. 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए श्रम शक्ति भागीदारी की दर 2017-18 के 49.8 फीसदी से बढ़कर ताजा सर्वेक्षण में 57.9 फीसदी हो गई है. वर्तमान साप्ताहिक स्तर पर भी आंकड़ों में सुधार हुआ है. गुणवत्ता के संदर्भ में अभी काफी कुछ वांछित है. उदाहरण के लिए गैर कृषि क्षेत्रों की बात करें तो असंगठित माने जाने वाले प्रोपराइटरी और साझेदारी सेटअप में रोजगारशुदा लोगों का प्रतिशत 2020-21 के 71.4 फीसदी से बढ़कर ताजा सर्वेक्षण में 74.3 फीसदी हो गया है. हालांकि हालात में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन करीब 60 फीसदी कर्मचारियों के पास अपने काम का कोई लिखित अनुबंध नहीं है. असंगठित क्षेत्र के रोजगार आमतौर पर छोटे उपक्रमों में हैं, जहां बड़े पैमाने पर काम नहीं होता है. नतीजतन वेतन भी काफी कम होता है. भारत में रोजगार निर्माण की बात करें तो कई दीर्घकालिक मसले हैं और ये गुणवत्ता और मात्रा दोनों क्षेत्रों में हैं. एक समस्या श्रम शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी की भी रही है.



संयोगवश पीएलएफएस के ताजा आंकड़े उसी दिन जारी किए गए जिस दिन हार्वर्ड विश्वविद्यालय की क्लॉडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई. उन्हें यह पुरस्कार 'महिलाओं के श्रम बाजार संबंधी परिणामों के बारे में हमारी समझ बढ़ाने' के लिए दिया गया. शहरी और ग्रामीण इलाकों की महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी को मिला दिया जाए तो वह 15 वर्ष से अधिक आयु के मामलों में 2017-18 के 23.3 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में 37 फीसदी हो गई. वहीं ताजा सर्वेक्षण में पुरुषों के तुलनात्मक आंकड़े 78.5 फीसदी रहे. सैद्धांतिक तौर पर देखें तो महिलाओं की भागीदारी में इजाफा उत्साहित करने वाला है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### जड़/चेतन

**महान** संत कवि सूरदास ने कहा है-जिन जड़ ते चेतन कियो रचि गुण तत्व विधान.चरन चिकुर कर नख दिये नयन नासिका कान. इन दो पंक्तियों में सूरदास जी का कहना है कि जिस ईश्वर ने सत्व, रज, तम-इन तीन गुणों तथा पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश-इन पांच तत्वों द्वारा जड़ से चेतन बना दिया और हाथ पांव, आंख, नाक, बाल और नाखून दिये, उस ईश्वर के गुणों का स्मरण नहीं किया जाना बड़े ही दुःख की बात है. इस दोहे में दो शब्द जड़ और चेतन का प्रयोग किया गया है. दोनों संस्कृत मूल के और अनेक अर्थ वाले शब्द हैं. विशेषकर आध्यात्मिक चर्चाओं में. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार जड़ का अर्थ संज्ञा पुल्लिंग के रूप में है पेड़-पौधों का वह भाग जो जमीन के अंदर रहता है, मूल, आधार स्थल, बुनियाद, नींव, आश्रय, किसी चीज का नीचे वाला भाग, वह भाग जिसमें कोई वस्तु गड़ी या फंसी होती है, किसी समस्या या विवाद का मुख्य कारण. जैसे इस समस्या की जड़ उसका लालच है. जड़ का मतलब है जिसमें जीवन के लक्षण न हों, अचेतन अवस्था. इसी प्रकार संज्ञा पुल्लिंग के रूप में जड़ का अर्थ है पर्वत, जल, बर्फ, जिसमें जीवन के लक्षण न हों, निर्जीव, स्थिर, अचेतन, निश्चेष्ट, जिसमें व्यवहारिक समझ न हो, काव्य शास्त्र के अनुसार एक संचारी भाव, जिसमें आश्चर्य एवं भय के कारण होनेवाली स्तब्धता का बोध हो. इससे बना मुहाबरा है जड़ में मट्ठा डालना यानी समूल नष्ट करना. चेतन जड़ का विलोम यानी उल्टा अर्थ देने वाला शब्द है. चेतन का अर्थ संज्ञा पुल्लिंग के रूप में आत्मा, जीव, मनुष्य, आदमी है तथा विशेषण के रूप में जिसमें चेतना हो, चेतना युक्त. चेतना का अर्थ संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में ज्ञान, बुद्धि, याद, स्मृति, चेतनता, जीवन, सकर्मक क्रिया के रूप में सोचना, समझना तथा अकर्मक क्रिया के रूप में होश में आना तथा सावधान होना है.

# खुद को महान समझने वाले लोग

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

कुछ लोगों को अपने महान होने का हर समय एहसास होता रहता है. ऐसे लोग परम ज्ञानी होते हैं. एक क्षण के लिए भी उनके दिमाग से यह बात नहीं जाती है कि वे महान हैं. जब सामने वाला उनसे बात करता है, तब वे निरंतर इस बात का बोध स्वयं भी करते हैं तथा सामने वाले को भी कराते रहते हैं कि वे महान हैं तथा एक तुच्छ प्राणी से उनकी बातचीत हो रही है. सामने वाला अगर उनको महान नहीं समझता अथवा अज्ञानतावश कभी-कभी उनसे बात करते समय यह भूल जाता है कि वह महान व्यक्ति से बात कर रहा है, तब वे महान व्यक्ति उसको तुरंत इस बात का ज्ञान करा देते हैं कि वे महान हैं. महान होना इतनी महत्वपूर्ण बात नहीं है, जितना कि खुद को महान समझना. जब तक आदमी अपने आप को महान नहीं समझेगा, तब तक वह संसार में अपनी महानता का प्रदर्शन कैसे कर सकता है? और महानता तो ऐसी होनी चाहिए कि चेहरे से टपके, बातचीत में छलके और जीवनी लेखक उनकी महानता के सामने डरते-डरते नतमस्तक हो जाएं. कुछ भी लिखने से पहले आदमी चार बार सोचे कि मैं एक महान आदमी की जीवनी लिख रहा हूं. कई लोग जेब में सर्टिफिकेट लेकर घूमते हैं. उनके पास सबूत होते हैं, जिसके आधार पर वे अपने आपको महान बताते हैं. मजाल है कि कोई आदमी संदेह पैदा कर सके कि अमुक सज्जन महान नहीं हैं. अगर कोई गलती से भी चुप रहा, तब महान व्यक्ति उसको तुरंत टोक कर बता देते हैं कि भाई साहब आपको क्या जानकारी नहीं थी कि मैं महान व्यक्ति हूं. आपको कहना चाहिए था कि हम एक महान व्यक्ति से बातचीत कर रहे हैं और वे वास्तव में बहुत महान हैं. महानता के मामले में व्यक्ति को आत्मनिर्भर होना चाहिए. यह नहीं कि सीधेपन में जिंदगी गुजार दी और मरने के बाद कोई महान कह ही नहीं रहा है. परेशानी से बचने के लिए आदमी को अपने जीवन-काल में ही अपने नाम के आगे महान लिख लेना चाहिए अर्थात "महान श्री अमुक जी". इससे हमेशा पता चलता रहेगा कि अमुक सज्जन एक महान व्यक्ति हैं. नाम से पहले महान शब्द जोड़ने से बहुत से लोग यह तो कह सकते हैं कि आदमी अपना प्रचार खुद कर रहा है, लेकिन इस बात में शक की गुंजाइश बिल्कुल नहीं रहेगी कि महान व्यक्तियों की श्रेणी में किस-किसको रखा जाए. जब महान व्यक्तियों की सूची बनेगी, तब सबसे पहला ध्यान उन लोगों पर ही जाएगा, जिन्होंने अपने जीवन काल में सारी जिंदगी अपने गले में इस बात की तख्ती लटका रखी थी कि "मैं महान हूं."



# लाइफ लाइन

ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस महीना
अक्टूबर

## जिंदगी की इस जंग में भी...
# जीत मुमकिन है

**अक्टूबर का महीना ब्रेस्ट कैंसर को लेकर जागरुकता का महीना है. भारतीय महिलाओं में सबसे अधिक होने वाला कैंसर ब्रेस्ट कैंसर ही है. भयावहता की स्थिति यह है कि प्रत्येक चार मिनट में एक भारतीय महिला की पहचान ब्रेस्ट कैंसर पीड़ित के रूप में होती है. शहरी महिलाएं इसकी अधिक शिकार हैं, जबकि ग्रामीणों में ब्रेस्ट कैंसर का डंस अपेक्षाकृत कम है. शहरों में प्रत्येक 22 में से एक महिला ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं, जबकि ग्रामीण महिलाओं में यह अनुपात 60:1 का है. ये आंकड़े विश्व स्वास्थ्य संगठन और एम्स दिल्ली के शोध रिपोर्ट से प्राप्त निष्कर्ष हैं.**

डॉ गुंजेश कुमार सिंह
एचओडी, अंकोलॉजी डिर्पाटमेंट, मेडिका, रांची

वर्ष 2020 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार अपने देश में सभी कैंसरों में 13.5% मामले ब्रेस्ट कैंसर के हैं. इनमें से 50% से अधिक महिलाएं कैंसर के चौथे और पांचवे स्तर पर संघर्ष की रही हैं. विशेषज्ञों के मुताबिक इस स्टेज पर बचाव की संभावना कम हो जाती है. वहीं इलाज भी महंगा हो जाता है. यहां संसाधनों के अभाव में अपने देश की महिलाएं संघर्ष में हारती नजर आती हैं. आंकड़ों की भाषा में बात करें तो ब्रेस्ट कैंसर से उबरने वाली महिलाएं अगर यूएस में 80% हैं तो भारत में यह आंकड़ा महज 50% प्रतिशत है. इसका कारण है भारत में मरीज की ब्रेस्ट कैंसर रोगी के रूप में पहचान देर से होती है. नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के हालिया रिपोर्ट के मुताबिक कि जिस कैंसर से महिलाओं को सबसे ज्यादा खतरा देखा जा रहा है, उससे बचने के लिए सबसे कम टेस्ट हो रहे हैं. आइए, आज हम ब्रेस्ट कैंसर के मिथक-सच्चाई, पहचान, डायग्नोसिस, स्टेज और रिस्क फैक्टर की करें बात-

**04** मिनट में एक भारतीय महिला को स्तन कैंसर का पता चलता है.

**22** में से एक भारतीय शहरी महिला ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित

**60** में से एक भारतीय ग्रामीण महिला स्तन कैंसर से पीड़ित

**1.62** लाख नए मामले मिले वर्ष 2018 में स्तन कैंसर के

**50%** ब्रेस्ट कैंसर के मामले 22 से 50 साल के आयुवर्ग के हैं.

**87,090** मौतें हुईं वर्ष 2018 में स्तन कैंसर से.

## क्या है ब्रेस्ट कैंसर

ब्रेस्ट कैंसर कैंसर का एक प्रकार है जो ब्रेस्ट की सेल यानी कोशिकाओं में उत्पन्न होता है. यह तब होता है जब ब्रेस्ट में असामान्य कोशिकाएं अनियंत्रित तरीके से बढ़ने लगती है. इस वजह से ब्रेस्ट में लम्प्स या टिश्यू का गुच्छा सा एकत्र हो जाता है जिसे ट्यूमर कहते हैं. ब्रेस्ट कैंसर के ज्यादातर मामले 50 साल की उम्र से अधिक की महिलाओं में देखे जाते हैं. कुछ केस में ये कैंसरस सेल या कोशिकाएं लिम्फेटिक सिस्टम या ब्लडस्ट्रेम के जरिए शरीर के दूसरे हिस्से में भी फैल जाता है. यह महिलाओं और पुरुषों दोनों में हो सकता है लेकिन महिलाओं में अधिक देखा जाता है. ब्रेस्ट कैंसर के कई प्रकार होते हैं. ये खास कोशिकाओं या टिश्यू जहां से शुरू होता है, उसके आधार पर वर्गीकृत होते हैं.

## खुद से ऐसे करें जांच



नियमित अंतराल पर महीने में कम से कम एक बार स्तनों की खुद जांच करें. अगर कोई गांठ है तो चिकित्सक की परामर्श लें. आशंका होने पर मैमोग्राम करवाने की सलाह चिकित्सक दे सकते हैं. यदि आपके मासिक धर्म के बाद गांठ बनी रहती है, तो आपको निश्चित रूप से चिकित्सकीय राय लेनी चाहिए.

- **बांह के नीचे सूजन देखें :** अगर आपको अपनी बांह के नीचे या गर्दन के क्षेत्र में लिम्फ नोड्स का अचानक सख्त होना महसूस होता है, तो यह स्तन कैंसर का शुरुआती लक्षण हो सकता है. किसी ऑन्कोलॉजिस्ट से परामर्श लें. वे जरुरत पड़ने पर बायोप्सी की सलाह दे सकते हैं.
- **स्तन से असामान्य स्राव :** निप्पल से दूध के अलावा किसी तरह का असामान्य स्राव ब्रेस्ट कैंसर का प्रमुख लक्षण हो सकता है. यह स्तन को निचोड़े बिना या केवल एक स्तन पर हो सकता है.
- **स्तन में दर्द या कोमलता :** यदि आप अपने स्तनों की जांच करते समय किसी दर्द या कोमलता का अनुभव करती हैं, तो आपको इसे अनदेखा नहीं करना चाहिए. बेशक हार्मोनल गतिविधि के कारण कुछ महिलाओं को मासिक धर्म के आसपास स्तन दर्द का अनुभव होता है. लेकिन यह दर्द यदि मासिक धर्म के बाद भी बरकरार रहता है, तो चिकित्सक से मिलने में देर नहीं करें.
- **स्तन के आकार में बदलाव :** अगर आपको अचानक अपने स्तन के आकार में बदलाव नजर आए तो इसे नजरअंदाज न करें. यह परिवर्तन कई रूप में दिख सकता. कुछ चपटा दिख सकता है या इंडेंटेशन या त्वचा का रंग उड़ना जैसा कुछ हो सकता है. यह बदलाव स्तन पर एक डिंपल सा भी हो सकता है जिससे स्तन की त्वचा अंदर की ओर खींचती नजर आए. त्वचा की रंगत गहरी या खुरदरी होना, लाल रंग के चकत्ते पड़ना, डिंपल सा नजर आना, त्वचा अंदर से खींचती नजर आना, त्वचा का रंग उड़ना, निप्पल पर जलन, खुजली जैसी समस्या हो तो नजरअंदाज नहीं करें. ऑन्कोलॉजिस्ट से संपर्क करें.

## ऐसे होती है ब्रेस्ट कैंसर की जांच

**मैमोग्राम :** यह एक इमेजिंग टेस्ट है. कैंसर की फैमिली हिस्ट्री होने पर 40 से ऊपर की महिलाओं को मैमोग्राम कराने की सलाह दी जा सकती है.

**बायोप्सी :** जिस क्षेत्र में कैंसर होने की आशंका हो, वहां के टिश्यू के नमूनों लेकर लैब जांच के लिए भेजा जाता है. इन नमूनों को सुई के साथ या चीरा के माध्यम से कलेक्ट किया जा सकता है.

**अल्ट्रासाउंड** ब्रेस्ट में कैंसर की डायग्नोसिस में यह महत्वपूर्ण है.

## मिथक और सच्चाई



**मिथ :** अगर परिवार में किसी को ब्रेस्ट कैंसर नहीं हुआ है तो मुझे भी ब्रेस्ट कैंसर होने की आशंका नहीं.

**सच्चाई :** फैमिली हिस्ट्री नहीं होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों को ब्रेसट कैंसर हुआ है. बेशक कुछ केस आनुवंशिक देखे जाते हैं. केवल 5-10% केस पर्यावरण व जीवनशैली जैसे कारकों से जुड़े होते हैं. प्राइमरी रिस्क फैक्टर में उम्र और लिंग यानी जेंडर की गणना की जाती है. इन सबके बावजूद, यदि आपके परिवार में कई लोगों को ब्रेस्ट कैंसर हुआ है तो आप अपने डॉक्टर से संपर्क जरूर करें.

**मिथ :** छाती में चोट ब्रेस्ट कैंसर का कारण होती है.

**सच्चाई :** ब्रेस्ट की चोटें जैसे कि दुर्घटना या मारपीट से होने वाली चोटें, कैंसर का कारण नहीं बनती हैं. इनसे दर्द, चोट या रक्तस्राव हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप हेमटॉमस या फैट नेकरॉसिस जैसी स्थितियां हो सकती हैं. बेशक चोट के कारण कई बार ब्रेस्ट कैंसर की पहचान होती है, लेकिन चोट स्वयं कैंसर का कारण नहीं बनती है. ब्रेस्ट में किसी भी पूर्व चोट या असामान्य परिवर्तन के बारे में अपने डॉक्टर को सूचित जरूर करें.

**मिथ:** अंडरवायर्ड ब्रा से ब्रेस्ट कैंसर हो सकता है.
**सच्चाई :** ऐसे प्रमाणित करने को कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है.

**मिथ:** ब्रा में फोन रखने से स्तन कैंसर हो सकता है.
**सच्चाई :** अध्ययनों में फ़ोन के उपयोग और कैंसर के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया है. हालांकि त्वचा की संभावित समस्याओं से बचने के लिए फोन बैग, पर्स या जेब में रखने की सलाह दी जाती है.

**मिथ:** ब्रेस्ट कैंसर केवल महिलाओं को होता है, पुरुषों को नहीं.
**सच्चाई :** बेशक प्रतिशत के मामले में राहत हो, पर पुरुषों को भी ब्रेस्ट कैंसर हो सकता है. इसलिए पुरुषों को भी खुद से समय समय पर अपने स्तन की जांच करनी चाहिए और इसमें होने वाले किसी बदलाव के बार में फिजिशियन को जानकारी देनी चाहिए. पुरुषों में ब्रेस्ट कैंसर को लेकर जागरुकता का अभाव है. इसलिए इसकारण इलाज में भी देर होती है और मृत्यु दर बढ़ने का भी कारण बनता है.

**मिथ :** एक्स-रे से ब्रेस्ट कैंसर हो या फैल सकता है.
**सच्चाई :** मेमोग्राम्स या ब्रेस्ट एक्स-रे ब्रेस्ट कैंसर की जल्द पहचान के लिए जरूरी हैं. मेमोग्राम्स के दौरान स्तन पर दवाब से कैंसर के होने या फैलने की बात में कोई सच्चाई नहीं है. दवाब डालने से स्पष्ट तस्वीर सामने आती है. मेमोग्राम्स में रेडिएशन का एक्सपोज बहुत कम होता है. इसकारण न्यूतम रिस्क होता है. इसलिए 40 की उम्र के बाद मेमोग्राफिक स्क्रीनिंग के लिए अपने फिजिशियन की सलाह को मानें.

**मिथ :** डिओडोरेंट और एंटीपर्सपिरेंट से ब्रेस्ट कैंसर हो सकता है.
**सच्चाई :** अंडरआर्म्स के दुर्गंध को हटाने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले डिओडोरेंट और एंटीपर्सपिरेंट से ब्रेस्ट कैंसर होने का कोई प्रमाण अब तक नहीं मिला है.

## ये हैं ब्रेस्ट कैंसर के स्टेज

ट्यूमर के आकार और उनके प्रसार के आधार पर इसे 0 से 4 तक के चरणों को विभाजित किया जाता है.

**स्टेज 0–** इस स्टेज में कैंसर सेल्स ब्रेस्ट के डक्ट के बाहर नहीं फैलती हैं. ब्रेस्ट के बाकी हिस्सों में भी नहीं पहुंचती हैं.

**स्टेज 1–** इस स्टेज में ट्यूमर 2 सेंटीमीटर से अधिक चौड़ा तो नहीं होता लेकिन कैंसर सेल्स साइज में बढ़ना शुरू कर देती हैं.

**स्टेज 2–** इस स्टेज में ब्रेस्ट कैंसर अन्य हिस्सों तक फैलना शुरू कर देता है.

**स्टेज 3–** इस स्टेज में कैंसर हड्डियों या अन्य अंगो तक फैलना शुरू कर देता है. बाहों के नीचे 9 से 10 लिंफ नोड में और कॉलर बोन में इसका छोटा हिस्सा भी फैल सकता है.

**स्टेज 4–** इस स्टेज में ट्यूमर किसी भी आकार का हो सकता है और कैंसर कोशिकाएं शरीर के किसी भी हिस्से तक फैल सकती है.

## मिलिए, ये हैं कैंसर की रियल लाइफ फाइटर

तब महज 34 साल उम्र थी की मेरी जब पता चला कि मुझे ब्रेस्ट कैंसर हुआ है. गोद में दो साल का बेटा और छह साल की बेटी. सुनते ही एकबारगी लगा कि अब मुझे कुछ हुआ तो मेरे बच्चों का क्या होगा. दरअसल पहले कांख में दर्द होता था. फिर स्तन में गांठ हुआ. उन दिनों बेटा मेरा दूध पीता था, सो महिलाओं से जब दर्द साझा किया तो उन्होंने कहा कि दूध जम गया होगा, इसलिए दर्द होता है. जब दर्द में बहुत अधिक बढ़ गया तो पहले गांव के डॉक्टर को दिखाया गया. राहत नहीं होने पर मुझे पास के शहर में ले जाया गया जहां जांच के बाद पता चला कि कैंसर हुआ है. एक साल के इलाज के बाद अब कैंसर से उबर चुकी हूं.

–चांदनी देवी

मेरी उम्र तब भी सत्तर साल पार थी. कई दिनों से अनुभव हो रहा था कि स्तन में एक गांठ सा है. पहले धनबाद में इसकी जांच हुई. जब कैंसर कर पुष्टि हुई तो रांची के मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में इलाज चला. मेरे स्तन को काट कर निकाल दिया गया. अब मैं ठीक हूं, हालांकि नियमित चिकित्सक के संपर्क में रहना पड़ता है.

–दुर्गा देवी

## ये हैं स्तन कैंसर के रिस्क फैक्टर

**फैमिली हिस्ट्री**
अगर घर में मां, नानी, मौसी,दादी या फुआ को स्तन कैंसर हुआ हो तो इसका रिस्क फैक्टर संबंधित में बढ़ जाता है.

**जल्दी मासिक धर्म होना**
समय से पहले मासिक धर्म जिन महिलाओं में आता है, उनमें भी ब्रेस्ट कैंसर की आशंका अधिक होती है.

**लाइफ स्टाइल से जुड़े रिस्क फैक्टर**
शराब का उपयोग, शारीरिक निष्क्रियता, मोटापा और कम समय के लिए स्तनपान आदि भी ब्रेस्ट कैंसर के रिस्क फैक्टर के रूप में वर्गीकृत किए जाते हैं. संबंधित में बढ़ जाता है.

**35 के बाद मां बनना**
35 साल की उम्र के बाद अपने पहले बच्चे को जन्म देना भी स्तन कैंसर के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है.

**ये भी हैं रिस्क फैक्टर**
देर से मेनोपॉज, गर्भनिरोधक गोलियों का इस्तेमाल, हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी आदि भी इसके कारण हो सकते हैं. रजोनिवृत्ति के बाद ली जाने वाली एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरोन दवाएं भी स्तन कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकती हैं.

## ये हैं बॉलीवुड की अपराजिता

**महिमा चौधरी**
महिमा चौधरी हाल ही ब्रेस्ट कैंसर को मात देकर जिंदगी की जंग जीत चुकी हैं.

**ताहिरा कश्यप**
फिल्ममेकर और राइटर ताहिरा कश्यप भी ब्रेस्ट कैंसर की पहचान शुरुआती स्टेज में ही हो गई थी. आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा ने बहुत साहसी अंदाज में इसका मुकाबला किया.

**हमसा नंदिनी**
तेलुगु एक्ट्रेस हमसा नंदिनी भी ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हो चुकी हैं. नंदिनी को ग्रेड तीन इनवेसिव कार्सिनोमा (स्तन कैंसर) था.

**बारबरा मोरी**
काइट फिल्म की एक्ट्रेस बारबरा मोरी भी ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हुई थीं. इसके बाद बारबरा मोरी ने महिलाओं को अर्ली चेकअप के लिए काफी जागरुक किया.

**मुमताज**
मशहूर अभिनेत्री मुमताज भी कैंसर को मात दे चुकी हैं. साल 2002 में 50 साल की उम्र में मुमताज को ब्रेस्ट कैंसर हुआ था. मुमताज अब इससे उबर चुकी हैं.

## एक केस ऐसा भी

ब्रेस्ट कैंसर के ज्यादातर मामलों में इन दिनों जंग जीतने वाली महिलाओं की तादाद दिखती है. इसी बीच कुछ केस ऐसे भी सामने आते हैं जो पारिवारिक संबंधों व मानवीय मूल्यों पर प्रहार करते से दिखते. ऐसा ही एक केस था गुड़िया (बदला नाम) का जिसे जब कैंसर हुआ, शादी के कई वर्ष गुजर चुके थे. कैंसर शब्द गुड़िया के लिए सदमा की तरह था. परिवार का सहयोग उसे इन सबसे उबारने में सफल होता, पर गुड़िया के पति को उनके स्वास्थ्य और जीवन से अधिक चिंता अपने वैवाहिक जीवन की थी. एक तरफ गुड़िया का इलाज चल रहा था, दूसरी तरफ पति ने दूसरी शादी की तैयारी शुरू कर दी. कुछ दिनों तक गुड़िया डॉक्टर के पास इलाज के लिए आती रही, लेकिन बाद में जिंदगी को लेकर उनकी इच्छाशक्ति भी खत्म होती चली गई. इलाज के लिए आना भी बंद कर दिया.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

विश्व कप

# हिटमैन के 'हिट' से अफगानिस्तान चित




## वर्ल्ड कप में दूसरी जीत, रोहित की सेंचुरी, बुमराह ने झटके 4 विकेट

**एजेंसियां। नई दिल्ली**

भारत ने एकदिवसीय विश्व कप में अफगानिस्तान को बुधवार को यहां आठ विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की. भारत ने अफगानिस्तान को आठ विकेट पर 272 रन पर रोकने के बाद 35 ओवर में दो विकेट पर 273 बनाकर आसान जीत दर्ज की. भारत की ओर से कप्तान रोहित शर्मा ने 84 गेंद में 131 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली. अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने दो विकेट लिए. इसके पहले शाहिदी और ओमरजई की अर्धशतकीय पारियों से अफगानिस्तान ने भारत को दिया 273 रन का लक्ष्य दिया था. कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की 80 रन की पारी के दम पर अफगानिस्तान ने आठ विकेट पर 272 रन बनाये. शाहिदी ने 85 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाने के साथ चौथे विकेट के लिए अजमतुल्लाह ओमरजई के साथ चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की. ओमरजई ने 69 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के जडे. शाहिदी ने जहां तेज गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बनाये वही ओमरजई ने कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के खिलाफ आसानी से छक्के जड़े. जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर अपनी धारदार गेंदबाजी से प्रभावित करते हुए 10 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लिये. हार्दिक पंड्या ने दो जबकि कुलदीप यादव और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाये. मोहम्मद सिराज ने नौ ओवर में बिना किसी सफलता के 76 रन लुटाये.

### भारत ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया

#### विराट की फिफ्टी, चौके से फिनिश किया मैच

विराट कोहली ने 56 गेंद पर 55 रन की नॉट आउट पारी खेली. उन्होंने 35वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को 8 विकेट से मैच जिताया. विराट ने पारी में 6 चौके लगाए और श्रेयस अय्यर के साथ 68 रन की पार्टनरशिप भी की. श्रेयस 25 रन बनाकर नॉट आउट रहे.

#### रोहित ने 84 बॉल पर 131 रन बनाए

भारत से ओपनिंग करने आए कप्तान रोहित शर्मा ने शुरुआती ओवरों में ही अटैक करना शुरू कर दिया. उन्होंने 30 गेंद पर फिफ्टी और 63 गेंद पर सेंचुरी लगाई. वह 84 गेंद पर 131 रन बनाकर आउट हुए. इस पारी में उन्होंने 16 चौके और 5 छक्के लगाए.

आओ जानें

## वनडे वर्ल्ड कप में सबसे अधिक शतक का रिकॉर्ड



रोहित शर्मा ने वनडे वर्ल्ड कप में सबसे अधिक शतक का रिकॉर्ड बना दिया है. उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 84 गेंदों पर 131 रनों की पारी खेली. यह वर्ल्ड कप में रोहित का सातवां शतक है. इसके साथ ही उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप में सचिन तेंदुलकर के छह शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है. रोहित यह यह शतक शतकीय पारी के दौरान रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप में भारत की ओर से सबसे तेज़ शतक का रिकॉर्ड भी तोड़ा. यह वनडे में रोहित शर्मा का 31वां शतक है. इस मुक़ाबले के दौरान रोहित शर्मा ने दो और रिकॉर्ड बनाए हैं. रोहित ने वनडे वर्ल्ड कप की सबसे कम पारियों में हज़ार रन बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी की है.

### पांच नवंबर को होगा टाटा स्टील रन ए थान दौड़

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 5 नवंबर को जमशेदपुर रन एथान दौड़ का आयोजन किया जाएगा. जिसके लिए इच्छुक खिलाड़ी 11 से 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं. यह जानकारी टाटा स्टील के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने बुधवार को जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. उन्होंने बताया कि इस दौड़ में अलग-अलग चार कैटेगरी के लिए अलग-अलग दूरी की दौड़ का आयोजन किया जाएगा. जिसमें सबसे अधिकतम 10 किलोमीटर, 7 कोलोमीटर,5 किलोमीटर और न्यूनतम 2 किलोमीटर की दौड़ होगी. इस दौड़ में 10 किलोमीटर दौड़ के विजेता को 51 हजार की पुरस्कार राशि दी जाएगी. वहीं टाटा स्टील खेल विभाग के मुकुल विनायक चौधरी ने कहा कि 2014 से जमशेदपुर रन ए थान की शुरुआत की गई थी.

### दिमित्रोव ने शंघाई में अल्कारेज को हराया

**शंघाई।** ग्रिगोर दिमित्रोव ने बुधवार को यहां दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को हराकर उलटफेर करते हुए शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. पिछले तीन मुकाबलों में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी अल्कारेज को हराने में नाकाम रहे दिमित्रोव ने 5-7, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की. बुल्गारिया के दिमित्रोव ने 27 विनर और 10 ऐस लगाए. वह अगले दौर में 22वें वरीय निकोलस जैरी से भिड़ेंगे जिन्होंने वाइल्ड कार्ड धारक डिएगो श्वाट्र्जमैन को 6-3, 5-7, 6-3 से हराकर पहली बार मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई. यूगो हम्बर्ट ने भी एकतरफा मुकाबले में जेजे वोल्फ को 58 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया.

### एशियाई महिला चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा

# झारखंड की सलीमा, निक्की और संगीता को टीम में मिली जगह




**रांची।** होइंगझोई में आयोजित 19वीं एशियन गेम्स में कांस्य पदक विजेता भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल झारखंड की स्टार बेटियां निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह का रांची पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया. बिरसा हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही ढोल नगाड़ों के बीच खेल प्रेमियों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया और मिठाई खिलाकर स्वागत किया. इस दौरान मुख्य रूप हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा,संयुक्त सचिव माइकल लाल,दशरथ महतो,जयंत केरकेट्टा, साई के पूर्व प्रशिक्षक विश्वनाथ सिंह,झारखंड के प्रथम अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सावित्री पूर्ति,भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुमराए टेटे, प्रशांत मुखर्जी,रणधीर कुमार,नरेंद्र सिंह,राहुल कुमार सहित एकलव्य हॉकी सेंटर और रांची रेलवे के दर्जनों हॉकी खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे.

**भाषा। नई दिल्ली**

अनुभवी मिडफील्डर सुशीला चानू को चोटिल होने के कारण 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक रांची में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह नहीं दी गई है. रियो ओलंपिक में भारत की अगुवाई करने वाली सुशीला हाल में हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी. हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि सुशीला जल्द ही डॉक्टर से मिलकर अपनी चोट की स्थिति का पता लगाएगी. सूत्रों ने से कहा कि सुशीला को विश्राम दिया गया है. क्योंकि वह चोटिल है. उन्हें डॉक्टर को दिखाने की जरूरत है. सुशीला टीम की महत्वपूर्ण सदस्य हैं और उनका आगामी टूर्नामेंटों से पहले फिट होना जरूरी है. बलजीत कौर को सुशीला की जगह टीम में लिया गया है. एशियाई खेलों की टीम में शामिल वैष्णवी विट्ठल फाल्के को शर्मिला देवी के साथ बैकअप विकल्प के रूप में रखा गया है. सुशीला के अलावा गोलकीपर सविता के नेतृत्व वाली टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है. डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का पहले की तरह टीम की उप कप्तान बनी रहेगी.

**27 से पांच नवंबर तक रांची में होगी प्रतियोगिता**

- भारत का पहला मैच 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ
- भारतीय मुख्य कोच ने कहा कि लय बनाए रखना महत्वपूर्ण है

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपर:** सविता (कप्तान), बिचू देवी खारीबाम **डिफेंडर:** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, दीप ग्रेस एक्का (उप-कप्तान) **मिडफील्डर:** निशा, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, मोनिका, ज्योति, बलजीत कौर फॉरवर्ड: लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया. **बैकअप खिलाड़ी:** शर्मिला देवी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के.

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अलावा जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड अन्य भाग लेने वाले देश हैं. भारत अपने अभियान की शुरुआत 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगा. इसके बाद वह मलेशिया (28 अक्टूबर), चीन (30 अक्टूबर), जापान (31 अक्टूबर) और कोरिया (2 नवंबर) के खिलाफ मैच खेलेगा. भारत की मुख्य कोच यानेक शोपमैन ने कहा किलय बनाए रखना और टीम के रूप में सुधार जारी रखना महत्वपूर्ण है. हमने एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करके कांस्य पदक जीता था और आगामी टूर्नामेंट में हमें अपने एशियाई प्रतिद्वंदियों के खिलाफ अपनी स्थिति में सुधार करने का एक और मौका मिलेगा.

### तायक्वोंडो खिलाड़ियों को मिला येलो बेल्ट

**रांची।** एम.बी. स्कूल बुंडू में बुधवार को ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया. इस बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में 25 खिलाड़ियों का टेस्ट लिया गया. जिसमें सभी खिलाड़ी बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में सफल हुए. यह टेस्ट शकील अंसारी और जमील अंसारी की देख में लिया गया. न्यू बेल्ट प।ने वाले खिलाड़ियों में व्हाइट से येलो बेल्ट - मनीषा मुंडा, साक्षी सतुआ , खुशी तिर्की, देवकी मुंडा, ममता महतो, नेहा कुमारी, नितू कुमारी, ममता कुमारी, आइरा असमा अली, सुभद्रा पूर्ति, खुशबू कुमारी, अंजलि कुमारी, बसंती कुमारी, मनय मुंडा, जयपाल महतो, तरूण सिंह मुंडा, विवेक उरांव, अभिषेक कुमार अहीर,विकास तिर्की, मो.आसिम अंसारी, पीयूष ठाकुर शामिल हैं. एम.बी. स्कूल की वाइस प्रिंसिपल श्रीमती जाहिदा कौसर अली ने खिलाड़ियों को येलो बेल्ट प्रदान किया. साथ ही स्कूल के शिक्षकों ने भी खिलाड़ियों को बेल्ट देकर सम्मानित किया गया.

## मुख्यमंत्री हेंमत के हाथों होगा ट्रॉफी का अनावरण



**संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री हफीजुल अंसारी और विश्व हॉकी महासंघ के अध्यक्ष दातो तयैब इकराम के हाथों 13अक्तूबर को महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का अनावरण और इसके मस्कट की लांचिग रांची में की जाएगी.यह प्रतियोगिता रांची में 27 अक्तूबर से पांच नवम्बर तक आयोजित होने वाली है. ट्रॉफी का अनावरण और मस्कट का लांचिंग अपराहन 3.30 बजे न्यू कांफ्रेंस हॉल, प्रोजेक्ट भवन द्वितीय तल्ला,धुर्वा रांची में किया जाएगा. इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ सिंह तथा हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण जी एवं कई गणमान्य अतिथि,खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे. 13अक्तूबर को रांची में ट्रॉफी के अनावरण के बाद इस ट्रॉफी को 14अक्तूबर से 26अक्तूबर तक झारखंड के सभी 24जिलों में ट्रॉफी टूर कराकर प्रदर्शन कराया जायेगा.

## महिला कबड्डी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया



**संवाददाता। कोडरमा।**

गोवा में आयोजित होने वाले 37वें राष्ट्रीय खेल के लिए झारखंड महिला कबड्डी खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर कोडरमा के ग्रिजली विद्यालय में आयोजित किया गया है. इसी दौरान हेल्थ क्लब द्वारा खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि पधारी.

कोडरमा जिला कबड्डी संघ के सचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता को पौधा दे कर स्वागत किया, वहीं संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार सिन्हा ने पौधा दे कर ग्रिजली विद्यालय के निर्देशक अविनाश सेठ का स्वागत किया. वहीं संघ के टेक्निकल मेम्बर एवं कोच सुनील कुमार ने हेल्थ क्लब के सीनियर मेंबर डॉ. उपेंद्र भदानी का स्वागत किया. मंच का संचालन करते हुए जिला कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष विशाल सिंह ने तमाम खिलाड़ियों, कोच, संघ के सदस्यों की जानकारी दी एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजन से संबंधित जानकारी दी. सभी अतिथियों ने पहले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. उसके बाद मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सभी खिलाड़ियों को डट कर खेलना है और जीत कर राज्य का नाम रौशन करना है.

वहीं ग्रिजली विद्यालय के निर्देशक अविनाश सेठ एवं हेल्थ क्लब के सीनियर मेंबर डॉ. उपेंद्र भदानी ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं.

## राष्ट्रीय नेहरू कप हॉकी: मिजोरम से हारकर झारखंड बना उपविजेता



**रांची।** जवाहर लाल नेहरू हॉकी सोसाइटी नई दिल्ली द्वारा आयोजित 29 वीं राष्ट्रीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में मिजोरम से हारकर झारखंड की टीम उपविजेता बनी. राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए सी एम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका बरियातू रांची की टीम फाइनल में मिजोरम की टीम से 4- 3 के कड़े मुकाबले में हारकर रनर अप बनी. फाइनल में राज्य टीम से सालोमी नाग ने दो गोल एवं रौशन आइंद ने एक गोल किये. इस मौके पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार सहित अन्य खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है.

### बास्केटबॉल प्रति. का समापन, सुभाष हाउस बना विजेता

**संवाददाता। चौपारण**

चौपारण प्रखंड के नवभारत जागृति केंद्र की ओर से संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में बालिकाओं की बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया. यह मैच गांधी हाउस एवं सुभाष हाउस के बीच खेला गया. सुभाष हाउस ने गांधी हाउस को दो शून्य से पराजित कर जीत दर्ज की. छात्रा सानिया सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया. प्राचार्या रीना पांडे ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया. वहीं दूसरे गेम शिक्षक उमेश कुमार और आशुतोष कुमार ने सहयोग किया. प्राचार्या ने बताया कि बालिकाओं की बास्केट बॉल टीम हजारीबाग सहोदया ग्रुप की ओर से खेलने के लिए प्रस्थान करेगी.



**चाईबासा** एसआर रूंगटा बी-डिविजन 2023-24 लीग का शुभांरभ

# तीन रन में पांच विकेट गंवाकर फेनेटिक के हाथ से फिसला मैच

**संवाददाता। चाईबासा**

30वीं एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग के उद्घाटन मैच का बुधवार को रोमांचक अंत हुआ. फेनेटिक क्लब चाईबासा और शाह स्पोर्ट्स अकादमी चक्रधरपुर के बीच खेले गए मैच का परिणाम 'टाई'रहा और प्रतियोगिता के नियमानुसार दोनों टीमों को बराबर अंक (दो -दो) दिए गए.

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शाह स्पोर्ट्स अकादमी चक्रधरपुर की पूरी टीम 22.5 ओवर में मात्र 130 रन बनाकर आल आउट हो गई. नितेश पासवान ने दो चौकों एवं चार छक्कों की मदद से सर्वाधिक 44 रन बनाए. जबकि डेविड सागर मुंडा ने छह चौकों एवं एक छक्का की मदद से 40 रनों का योगदान दिया.



दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी निभाई. फेनेटिक क्लब की ओर से सावन गोप ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 12 रन देकर पांच बल्लेबाजों को चलता किया. अंश राज ने दो तथा सुनील चम्पिया, कृष्णा देवगम एवं अभिषेक बोदरा ने एक-एक विकेट अपने नाम किए. जीत के लिए निर्धारित 30 ओवरों में 131 रनों के आसान सा लक्ष्य का पीछा करने उतरी फेनेटिक क्लब की टीम का स्कोर 27 वें की समाप्ति पर पांच विकेट के नुकसान पर 127 रन था और उसे जीत के लिए तीन ओवर में मात्र चार रनों की आवश्यकता थी. लेकिन यहीं से खेल का पासा पलटा. मैच के 27वें ओवर की दूसरी गेंद पर शुभम रॉय ने जमे हुए बल्लेबाज सावन गोप को क्लीन बोल्ड कर मैच में सनसनी फैला दी. उसने मैच के अगले ही ओवर में तीन विकेट चटकाकर फेनेटिक क्लब की कमर ही तोड़ डाली. 28वें ओवर की समाप्ति पर फेनेटिक क्लब का स्कोर नौ विकेट के नुकसान पर 129 था और अगले दो ओवर में उसे जीत के लिए दो रनों की आवश्यकता थी. लेकिन 29वें ओवर में नितेश पासवान ने मात्र एक देकर अंतिम विकेट अपने नाम कर मैच को टाई करा दिया.

# आस्ट्रेलिया-द. अफ्रीका के बीच मैच आज

## बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा ऑस्ट्रेलिया

**भाषा। लखनऊ**

पहले मैच में भारत से मिली हार से आहत ऑस्ट्रेलिया गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले विश्व कप मैच में बल्लेबाजी में आक्रामकता का पुट भरकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा. पांच बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और बल्लेबाजों की नाकामी के कारण उसे मेजबान भारत से 6 विकेट की हार का सामना करना पड़ा.

दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 102 रन से करारी शिकस्त दी थी और उसकी टीम बढ़े मनोबल के साथ इस मैच में उतरेगी. इस बड़ी जीत से दक्षिण अफ्रीका ने खुद को खिताब का दावेदार भी घोषित कर दिया.



ऑस्ट्रेलिया ने जिस तरह से यह मैच गंवाया था उससे उसका टीम प्रबंधन निश्चित तौर पर चिंतित होगा. उसकी बल्लेबाजी में आक्रामकता का अभाव था तथा अनुभवी डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ के अलावा उसका कोई भी अन्य बल्लेबाज 30 रन की संख्या को पर नहीं कर पाया. ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज भारत के स्पिन आक्रमण के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए तथा गेंदबाजी में एडम जंपा के साथ दूसरे अच्छे स्पिनर की भी उसे कमी खली. इसके अलावा उसके सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक माने जाने वाले मिशेल मार्श का विराट कोहली को शुरू में ही जीवनदान देना टीम को महंगा पड़ा. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया को ऐसी किसी भी गलती से बचना होगा. ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर यह है कि उसके ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर गए हैं और उनका कैमरन ग्रीन की जगह लेना तय है.

## बिग बी ने मनाया 81वां जन्मदिन



**मुंबई।** बुधवार को दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन बुधवार को अपना 81वां जन्मदिन मनाया. इस मौके पर बच्चन ने अपने आवास के बाहर खड़े सैंकड़ों प्रशंसकों का अभिवादन किया. सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो में बच्चन अपने शुभचिंतकों से मिलने के लिए आधी रात को अपने जुहू स्थित आवास 'जलसा' से बाहर आते दिख रहे हैं. गुलाबी और काले रंग का ट्रैकसूट पहने मेगास्टार ने हाथ हिलाकर प्रशंसकों का अभिवादन किया और हाथ जोड़कर उनके प्यार के प्रति आभार व्यक्त किया. इस दौरान, पूरा बच्चन परिवार बंगले के प्रवेश द्वार पर खड़ा था. बाद में बच्चन ने अपने आधिकारिक ब्लॉग पर अपने प्रशंसकों के लिए एक संदेश पोस्ट किया, आपका आशीर्वाद मेरा सौभाग्य है ! श्वेता बच्चन की बेटी नव्या ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट में अपने नाना को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने बच्चन, आराध्या, भाई अगस्त्य और नानी जया बच्चन के साथ एक तस्वीर भी साझा की और लिखा, हैप्पी बर्थडे नाना.

## आओ जानें

### पेट्रोल की कीमत प्रति लीटर

| | | | |
|---|---|---|---|
| हांगकांग | $3.09 | दक्षिण कोरिया | $1.29 |
| सिंगापुर | $2.89 | दक्षिण अफ्रीका | $1.29 |
| आइसलैंड | $2.36 | मेक्सिको | $1.28 |
| नीदरलैंड | $2.34 | कनाडा | $1.24 |
| डेनमार्क | $2.24 | जापान | $1.22 |
| इटली | $2.20 | यूके | $1.20 |
| स्विट्ज़रलैंड | $2.19 | ब्राज़ील | $1.17 |
| नॉर्वे | $2.16 | भारत | $1.16 |
| ग्रीस | $2.16 | पाकिस्तान | $1.15 |
| फ़िनलैंड | $2.13 | यूएसए | $1.01 |
| फ्रांस | $2.12 | चीन | $0.96 |
| बेल्जियम | $2.05 | यूएई | $0.90 |
| जर्मनी | $2.04 | नाइजीरिया : | $0.79 |
| ऑस्ट्रिया | $1.88 | अर्जेंटीना | $0.69 |
| स्पेन | $1.87 | इंडोनेशिया | $0.65 |
| स्वीडन | $1.84 | सऊदी अरब | $0.62 |
| चेकिया | $1.78 | रूस | $0.57 |
| हंगरी | $1.77 | ईरान | $0.36 |
| पोलैंड | $1.49 | मिस्र | $0.33 |
| टर्की | $1.36 | कुवैत | $0.27 |
| ऑस्ट्रेलिया | $1.35 | वेनेजुएला | $0.02 |

## ब्रीफ खबरें

### राष्ट्रपति ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को जम्मू कश्मीर की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचने के बाद सेना मुख्यालय जा कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दीं. अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति श्रीनगर हवाई अड्डे पर पहुंचीं जहां उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उनकी अगवानी की. उन्हें केंद्र शासित प्रदेश के पहले दौरे पर सलामी गारद भी दी गयी. इसके बाद मुर्मू सेना की 15 कोर के मुख्यालय बदामीबाग छावनी गयीं जहां उन्होंने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी.

### केरल के एक कस्बे में घुसा जंगली हाथी, तीन घायल

**कन्नूर (केरल)।** केरल के कन्नूर जिले के उलीक्कल कस्बे में बुधवार को एक जंगली हाथी घुस आया जिससे लोगों में दहशत फैल गयी तथा इस अफरातफरी में तीन लोग घायल हो गये. पुलिस ने बताया कि हाथी को देखकर लोग डर गए और वे सुरक्षित जगह पर शरण लेने के लिए इधर-उधर भागने लगे. हाथी को वापस जंगल भेजने की कोशिश की जा रही है, जो कस्बे से करीब छह किलोमीटर दूर है. उसने बताया कि इलाके में स्कूल, दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों को तत्काल बंद कर दिया.

### पंजाब में संदिग्ध ड्रग तस्कर पकड़ा गया

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाकर लुधियाना के मुल्लांपुर दाखा इलाके से मादक पदार्थ के एक संदिग्ध तस्कर को पकड़ा है. एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उसके पास से 4.94 करोड़ रुपये जब्त किए गए. पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि तस्कर हाल ही में जम्मू से 30 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी से जुड़े लोगों में से एक था.

### सर्दियों में चाय विनिर्माण इकाइयां बंद के आदेश

**कोलकाता।** चाय बोर्ड ने अगले साल की पहली छमाही में बेहतर फसल के लिए उत्तर भारत में सर्दियों में चाय उत्पादक क्षेत्रों में विनिर्माण इकाइयों को बंद करने का आदेश दिया है. बोर्ड के आदेश के अनुसार दार्जिलिंग, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सभी चाय कारखानों के लिए हरी पत्तियां तोड़ने या लेने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर तय की गई है. वहीं पश्चिम बंगाल के दुआर तथा तराई क्षेत्र और बिहार के लिए तारीख 23 दिसंबर है.

### इजराइल ने गाजा पट्टी की सीमा पर हासिल कर लिया है प्रभावी नियंत्रण

# लेबनानी हिजबुल्ला के साथ गोलीबारी जारी

**भाषा। तेल अवीव**

इजराइली सेना ने कहा कि वह सीरिया की ओर से की गई गोलाबारी के जवाब में तोपों से गोले दागने के साथ ही मोर्टार भी दाग रही है. इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि सीरिया से गोले दागे गए और ऐसा प्रतीत होता है कि गोले एक खुले क्षेत्र में गिरे हैं. उसने कहा कि यह गोलाबारी ऐसे समय में सामने आयी है जब इजराइल हमास के हमले के जवाब में गाजा में हमले कर रहा है और लेबनानी हिजबुल्ला के साथ गोलीबारी जारी है. सीरिया की ओर से इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है. ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा कि एक फिलिस्तीनी समूह ने सीरियाई क्षेत्र से रॉकेट हमला किया.

इजराइली युद्धक विमानों ने मंगलवार को गाजा पट्टी के आस-पास के इलाकों पर हमले किए, जिससे इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं और लोग सुरक्षित स्थान की तलाश में भटकते नजर आये. इजराइल ने गाजा सीमा पर प्रभावी नियंत्रण हासिल कर लिया है. वहीं, गाजा के बिजली प्राधिकरण ने कहा है कि इजराइल के आपूर्ति ठप करने के बाद उसके इकलौते बिजली संयंत्र में ईंधन समाप्त हो जाएगा, जिससे गाजा में बिजली की आपूर्ति बंद हो जाएगी. इजराइल ने कहा है कि हमास ने सप्ताहांत में जो कहर बरपाया है उसका बदला लेने के लिए वह क्षेत्र की बिजली काट देगा. गाजा के लिए सभी रास्ते बंद हैं, जिससे बिजली संयंत्र के लिए ईंधन या जेनरेटर ला पाना असंभव है.



गाजा की इस्लामिक यूनिवर्सिटी पहले (ऊपर), बमबारी के बाद (नीचे).

### गाजा की इस्लामिक यूनिवर्सिटी पर इजरायल ने की बमबारी

गाजा पट्टी में इजरायल की बमबारी जोर-शोर से जारी है. इजरायली वायुसेना ने ताजा जानकारी में कहा है कि उनके फइटर्स जेट ने गाजा में एक इस्लामिक यूनिवर्सिटी पर बमबारी की है. इजरायली एयरफोर्स का दावा है कि ये यूनिवर्सिटी हमास इंजीनियरों के ट्रेनिंग के लिए एक बड़ा अड्डा था. इजरायल की वायु सेना ने दावा किया है कि इस विश्वविद्यालय में हमास के इंजानियरों को ट्रेनिंग दी जाती थी. सेना ने कहा है कि फाइटर जेट ने अभी अभी यूनिवर्सिटी कैंपस पर हमला किया है. इजरायल का दावा है कि ये यूनिवर्सिटी गाजा के लिए राजनीतिक और सैन्य इकाई का काम कर रहा था. यहां इंजीनियर ट्रेनिंग लेने के बाद हमास के लिए हथियार बनाते थे.

### युद्ध जारी

- गाजा में भोजन, ईंधन व दवाओं की आपूर्ति पर रोक
- युद्ध में दोनों ओर के अबतक 1900 लोगों की मौत

### 2 लाख से अधिक लोग अपने घर छोड़कर भागे

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा में 2,00,000 से अधिक लोग अपने घर छोड़कर भाग गए हैं, जो कि 2014 में इजराइल के हवाई और जमीनी हमले के बाद से, पलायन करने वालों की सबसे अधिक संख्या है. अधिकांश लोग संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा संचालित स्कूलों में आश्रय ले रहे हैं.

### आधुनिक अमेरिकी हथियारों की पहली खेप इजराइल पहुंची

हमास के साथ युद्ध में इजराइल को मजबूती प्रदान करने के लिए आधुनिक अमेरिकी हथियारों और उपकरणों की पहली खेप यहां पहुंच चुकी है. इसे संयुक्त अभियान के तहत इजराइल में लाया गया है. रक्षा मंत्रालय के उत्पादन और खरीद निदेशालय, अमेरिकी खरीद मिशन, और इजराइल के रक्षा मंत्रालय के तहत अंतरराष्ट्रीय परिवहन इकाई ने इस अभियान में मालवाहक विमान से उपकरण लाने पर नजर रखी, जिससे अमेरिका से हथियारों की सीधी आपूर्ति हो सकी.

### इजराइल के पक्ष में शिकागो में निकली रैली

वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकियों ने फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के हमले के बाद इजराइल के प्रति एकजुटता दिखाते हुए शिकागो में शांतिपूर्ण रैली निकाली. भारतीय अमेरिकी समुदाय ने एक बयान में कहा कि आतंकवाद केवल इजराइल का मुद्दा नहीं है, यह मानवता के सम्मुख एक बड़ा मुद्दा है. इससे पहले कि, बहुत देर हो जाए, इसे रोका जाना चाहिए. इस रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने भारत, अमेरिका और इजराइल के झंडे लहराए.

### हमास का हमला दुनिया पर थोपी गई एक बुराई : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि इजराइल पर हमास का हमला विशुद्ध रूप से दुनिया पर थोपी गई एक बुराई है और इस हमले में कम से कम 14 अमेरिकी नागरिक मारे गए हैं. बाइडन ने कहा कि इजराइल को नष्ट करना और यहूदी लोगों को मारना हमास का घोषित उद्देश्य है.

## कांग्रेस की बैठक में छत्तीसगढ़ सीएम कैंडी क्रश खेलने में व्यस्त

**भाषा। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की एक तस्वीर साझा कर दावा किया कि उम्मीदवारों के चयन के लिए हुई कांग्रेस की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री 'कैंडी क्रश' खेलने में व्यस्त हैं क्योंकि उन्हें पता है कि उनकी पार्टी राज्य में सत्ता में नहीं रहने वाली है. भाजपा की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बघेल ने कहा कि वह अपने पसंदीदा राज्य के पारंपरिक खेल और कैंडी क्रश खेलना जारी रखेंगे क्योंकि उन्हें पता है कि छत्तीसगढ़ के लोग किसे चुनने जा रहे हैं.

भाजपा द्वारा साझा की गई तस्वीर में बघेल वह अपने मोबाइल फोन पर एक गेम खेलते नजर आ रहे हैं. बताया जाता है कि यह तस्वीर मंगलवार रात रायपुर में पार्टी के राज्य कार्यालय राजीव भवन में हुई कांग्रेस चयन कमेटी की बैठक के दौरान ली गई थी. छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए सात और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा तथा तीन दिसंबर को मतों की गिनती होगी. चयन समिति की बैठक में पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और अन्य नेता नजर आ रहे हैं. वहीं समिति के अध्यक्ष अजय माकन और कुछ अन्य सदस्य बैठक से ऑनलाईन जुड़े.



बैठक में कैंडी क्रश गेम खेलते हुए छत्तीसगढ़ के सीएम.

### खास बातें

- पारंपरिक खेल और कैंडी क्रश खेलना जारी रखेंगे : बघेल
- छत्तीसगढ़ में विसचुनाव के लिए दो चरणों में होगा मतदान

## पठानकोट हमले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता शाहिद लतीफ की पाकिस्तान में हत्या

**भाषा। नई दिल्ली**

आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शाहिद लतीफ की बुधवार को पाकिस्तान के सियालकोट जिले के दस्का शहर की एक मस्जिद में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी. यह जानकारी अधिकारियों ने दी. लतीफ को पठानकोट स्थित भारतीय वायु सेना अड्डे पर 2016 में हुए हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्ता माना जाता है. जानकारी के अनुसार गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किये गए लतीफ उर्फ बिलाल और उसके दो सहयोगियों की तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी.

## यौन उत्पीड़न के आरोप में स्वयंभू बाबा हुए गिरफ्तार

**भाषा। नई दिल्ली**

महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 33 वर्ष के एक स्वयंभू बाबा को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन ने बताया कि विनोद कश्यप को द्वारका उत्तर पुलिस थाने में दर्ज यौन उत्पीड़न की दो शिकायतों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है.

अधिकारी ने कहा कि विनोद ककरोला इलाके में माता मसानी चौकी दरबार लगाता था. वह एक यूट्यूब चैनल भी चलाता था, जिसके बड़ी संख्या में फालोवर हैं. उन्होंने बताया कि दोनों मामलों में, आरोप है



कि उसने महिला श्रद्धालुओं को उनकी समस्याओं के समाधान में मदद करने के बहाने बुलाया और उनसे कहा कि उन्हें 'गुरु सेवा' करनी चाहिए. इसके बाद उसने महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और उन्हें घटना का खुलासा न करने की धमकी दी. हर्षवर्धन ने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और 506 के तहत दो मामले दर्ज किए.

### कुकी समुदाय के लोगों के शवों की मांग की गई

**इंफाल।** मणिपुर के एक अदिवासी संगठन ने राज्य में पांच माह से जारी जातीय संघर्ष में मारे गये कुकी-जो समुदाय के लोगों के शव राजधानी इंफाल के मुर्दाघरों से कांगपोकपी जिले में लाये जाने का अनुरोध अधिकारियों से किया है. आदिवासी संगठन 'कमेटी ऑन ट्रायबल यूनिटी' ने शवों को लाए जाने के दौरान उनकी रक्षा की भी मांग की है. इंफाल ईस्ट जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वे सरकार के निर्देशों के अनुसार काम करेंगे. सीओटीयू के मीडिया प्रकोष्ठ के समन्वयक लुन किपगेन ने कहा कि अगर अधिकारी हमलोगों की मांग मान लेते हैं तो हमें प्रसन्नता होगी.

## अफसरों को धमकाती है सरकार :कांग्रेस

**भाषा। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राजमार्ग परियोजनाओं और आयुष्मान भारत योजना में कथित घोटालों का खुलासा करने वाले अधिकारियों को धमका रही है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के उन तीन अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है जिन्होंने इन परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार को उजागर किया था. उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इन अधिकारियों के तबादले का आदेश रद्द किया जाए. रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मोदी सरकार सच को छुपाने और डराने-धमकाने के लिए माफिया की तरह काम करती है. यदि कोई उसके भ्रष्टाचार के तौर-तरीकों को सामने लाता है, तो या तो उसे धमकी दी जाती है या हटा दिया जाता है. उसके ताजा शिकार कैग के तीन अधिकारी हैं, जिन्होंने संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश की गई एक रिपोर्ट में सरकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर घोटालों का खुलासा किया था.

### खास बातें

- मोदी सरकार माफिया की तरह काम करती है
- सरकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर घोटालों का खुलासा

### सरकार में फैले भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए कर दिया तबादला

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के ऑडिट में मृत मरीजों के लाखों दावे और कम से कम 7.5 लाख लाभार्थी एक ही मोबाइल नंबर से जुड़े हुए पाए गए. उन्होंने कहा कि अब, आयुष्मान भारत और द्वारका एक्सप्रेसवे घोटालों पर रिपोर्टिंग के प्रभारी, कैग के तीन अधिकारियों का मोदी सरकार में फैले भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए तबादला कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि यह तब हुआ है जबकि कैग को एक स्वतंत्र निकाय माना जाता है.

### 21 अक्टूबर को पाक पहुंचेंगे नवाज शरीफ

**लंदन/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को दुबई से चार्टर्ड विमान से पाकिस्तान पहुंचेंगे. एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है. इसके साथ ही नवाज का चार साल से जारी स्वनिर्वासन समाप्त होगा. खबर के अनुसार, नवाज को लेकर आने वाली उड़ान का नाम उम्मीद-ए-पाकिस्तान होगा, जिसमें लगभग 150 यात्री सवार हो सकते हैं. खबर में कहा गया है कि बुकिंग और सभी व्यवस्थाएं हो चुकी हैं. समझा जाता है कि पाकिस्तान के तीन बार के प्रधानमंत्री 73 वर्षीय शरीफ अगले साल जनवरी में होने वाले आम चुनाव में अपनी पार्टी 'पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज' (पीएमएल-एन) का नेतृत्व करेंगे.

**शुभारंभ**

### यह भारतीय संस्कृति और परंपरा को समर्पित एक स्मारक है : ज्ञानवत्सलदास स्वामी

# दुनिया के दूसरे सबसे बड़े हिंदू मंदिर अक्षरधाम का उद्घाटन

**भाषा। रॉबिन्सविले**

दुनिया में दूसरे सबसे बड़े और पश्चिमी गोलार्द्ध में सबसे बड़े हिंदू मंदिर का अमेरिका के न्यू जर्सी शहर में उद्घाटन किया गया है.

न्यूयॉर्क सिटी से 99 किलोमीटर दक्षिण में न्यू जर्सी की रॉबिन्सविले सिटी में 185 एकड़ भूभाग में स्थित यह अक्षरधाम मंदिर 191 फुट ऊंचा है. बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) के नेता महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में आठ अक्टूबर को इस मंदिर का उद्घाटन किया गया. उद्घाटन समारोह में हजारों लोग शामिल हुए. महंत स्वामी महाराज ने कहा कि उत्तर अमेरिका में ऐसे अक्षरधाम मंदिर का



न्यू जर्सी शहर में अक्षरधाम मंदिर की फाइल फोटो.

निर्माण करना प्रमुख स्वामी महाराज की दिव्य इच्छा थी जहां सभी जाति, नस्ल या धर्म के लोग आ सकते हैं. उद्घाटन समारोह में डेलावेयर के गवर्नर जॉन कार्नी और कांग्रेस सदस्य स्टेनी होयर भी शामिल हुए.

### यह मंदिर समाज और मानवता को समर्पित है

बीएपीएस के वरिष्ठ नेता और प्रेरक वक्ता ज्ञानवत्सलदास स्वामी ने कहा कि यह इस ग्रह पर दूसरा सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है और जाहिर तौर पर पश्चिम गोलार्द्ध में यह सबसे बड़ा मंदिर है जिसका उद्घाटन महंत स्वामी महाराज के 90वें जन्मदिन पर किया गया. यह इस समाज और मानवता को समर्पित है. उन्होंने कहा कि मंदिर बनाने का मूल उद्देश्य लोगों को मूल्यों के साथ प्रेरित करना है. भारतीय ग्रंथों के अनुसार एकांतिक धर्म के चार स्तंभ - धर्म, ज्ञान, वैराग्य और भक्ति को भगवान स्वामीनारायण ने अच्छी तरह से स्पष्ट किया है. इसलिए यह भारतीय संस्कृति और परंपरा को समर्पित एक स्मारक है. यह भगवान स्वामीनारायण के जीवन और शिक्षाओं को समर्पित एक स्मारक है.

### मंदिर में लगे पत्थरों को 7 देशों से मंगाया गया

इस मंदिर के निर्माण में लगे पत्थरों को बुल्गारिया, इटली, यूनान, तुर्किये और भारत समेत सात देशों से मंगाया गया. त्रिवेदी ने कहा कि अगर कोई अक्षरधाम मंदिर में आएगा तो उसे सामने ब्रह्मकुंड या बावड़ी दिखेगी जिसमें दुनियाभर की 400 अलग-अलग नदियों और झीलों का पानी है.

**मंदिर के पत्थरों पर रामायण व महाभारत की कहानी :** मंदिर में लगाए गए पत्थरों पर रामायण और महाभारत की कहानी को उकेरा गया है. मंदिर के स्तंभों और दीवार पर 150 से अधिक भारतीय वाद्ययंत्र और सभी प्रमुख नृत्य कलाएं हैं. अबू धाबी में निर्माणाधीन अक्षरधाम मंदिर के प्रभारी ब्रह्मविहारीदास स्वामी ने कहा कि कला को संरक्षित करने का सबसे अच्छा तरीका उसका पुनर्जन्म है. बीएपीएस अपने तरीके से प्राचीन कला को पुनर्जीवित करने में सक्षम है. हजारों कलाकारों ने एक बार फिर काम शुरू कर दिया है और उनकी कला को महत्व दिया जा रहा है ताकि उसे आने वाली पीढ़ी के लिए संरक्षित किया जाए.

## भूकंप से फिर दहला पश्चिमी अफगानिस्तान, 80 घायल



**भाषा। चाहाक**

पश्चिमी अफगानिस्तान में बुधवार को सुबह 6.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए. भूकंप से कम से कम 80 लोग घायल हो गए हैं. इससे पहले शनिवार को इसी स्थान पर आए तेज भूकंप से 2,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और गांव के गांव तबाह हो गए थे.

अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने बताया कि बुधवार को सुबह आए भूकंप का केन्द्र हेरात प्रांत की राजधानी हेरात से 28 किलोमीटर दूर बाहरी इलाके में जमीन के नीचे दस किलोमीटर की गहराई पर था. सूचना मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रायान ने बताया कि बुधवार को सुबह आए भूकंप में कम से कम 80 लोग घायल हो गए हैं, वहीं भूस्खलन से हेरात-तोरघोंदी राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है. भूकंप से चाहाक गांव में 700 मकान जमींदोज हो गए. शनिवार को आए भूकंप में इन मकानों को नुकसान नहीं पहुंचा था. भूकंप से फिलहाल किसी के जान गंवाने की सूचना नहीं है.

9 भाषाओं में रिलीज होने वाली यह सीरीज भाषा की बाधा को पार कर पूरी दुनिया के दर्शकों तक पहुंचेगी

# केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 'भारत हैं हम' का ट्रेलर किया लॉन्च

संवाददाता । नई दिल्ली

केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बुधवार को 'कृष, ट्रिश और बाल्टिबॉय (केटीबी)-भारत हैं हम' का ट्रेलर लॉन्च किया, जो केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और ग्राफिटी स्टूडियो द्वारा निर्मित दो सीज़न वाली एक एनिमेटेड सीरीज़ है. इस सीरीज़ में 11-11 मिनट के 52 एपिसोड हैं, जिनमें वर्ष 1500 से 1947 तक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की कहानियां शामिल हैं.इस अवसर अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह सीरीज़ युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम के उन गुमनाम, लेकिन महत्वपूर्ण योगदान करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में शिक्षित करने का एक प्रयास है जिन्हें अतीत की शिक्षा प्रणाली ने भुला दिया था और उनका पर्याप्त उल्लेख नहीं किया गया था.

इसके साथ ही यह सीरीज़ उन लोगों की कहानी सामने लाकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का प्रयास कर रही है जिनके योगदान ने आधुनिक भारत को आकार प्रदान दिया है. यह सीरीज़ विदेशी भाषाओं सहित कई भाषाओं में रिलीज होगी, जो भाषा की बाधाओं को पार कर इन सेनानियों की



कहानियों को पूरी दुनिया के दर्शकों तक पहुंचाएगी.

**एक एपिसोड में 50 से 100 पात्र :** सीरीज़ का निर्माण करने में एक हजार से अधिक लोगों ने योगदान दिया है. सामान्य एनीमेशन शो में लगभग 40 पृष्ठभूमि वाले 25 से 30 पात्र होते हैं, वहीं 'भारत हैं हम' के एक एपिसोड में औसतन 50 पृष्ठभूमि वाले 50 से 100 पात्र हैं.

### एक ही समय कई प्लेटफार्म पर प्रसारित होगी सीरीज

श्री ठाकुर ने कहा कि दूरदर्शन, नेटफ्लिक्स और अमेज़ॅन प्राइम एक ही समय में इस एनिमेटेड सीरीज़ का प्रसारण करेंगे. इस सीरीज़ में एक प्रमुख केंद्र बिंदु विदेशी उपनिवेशवादियों के खिलाफ किए गए संघर्ष में महिलाओं और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को दर्शाना है.

### अगले सत्र के दौरान सांसदों को दिखाई जाएगी सीरीज़

सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि मंत्रालय के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है कि वह पहली बार एक ऐसी एनिमेटेड सीरीज़ शुरू कर रहा है, जिसका उद्देश्य सामान्य रूप से भारत के लोगों और विशेष रूप से देश के बच्चों पर केंद्रित है. उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि एक व्यय निकाय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, राजस्व अर्जित करने के क्षेत्र में शामिल हो रहा है.

आओ जानें

## आज का इतिहास

1517 दिल्ली के शासक सिकंदर लोधी द्वितीय का निधन.
1872 कवि और स्वतंत्रता सेनानी केसरी सिंह बारहट का जन्म.
1921 प्रिंस ऑफ वेल्स (जो बाद में किंग एडवर्ड अष्टम कहलाए) बम्बई पहुंचे और इंडियन नेशनल कांग्रेस ने देशभर में हड़ताल की.
1939 समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का जन्म.
1941 गुजरात की पहली महिला मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल का जन्म.
1947 स्वतंत्रता के बाद साढे तीन आने कीमत का प्रथम भारतीय डाक टिकट 'जय हिन्द' जारी किया गया.
1962 भारत-चीन सीमा विवाद में चीन ने संघर्षविराम की घोषणा की.
1963 केरल के थुंबा क्षेत्र से पहला रॉकेट छोड़े जाने के साथ ही भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत.

# आदि महोत्सव में बोले राज्यपाल आदिवासियों की संस्कृति समृद्ध है



गोपाल मैदान में स्टॉल का अवलोकन करते राज्यपाल.

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के दौरे पर पहुंचे राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने बुधवार को गोपाल मैदान में आयोजित आदि महोत्सव का भ्रमण किया. सबसे पहले राज्यपाल का आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया. राज्यपाल में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों की संस्कृति एवं विरास्त बहुत समृद्ध है. एस प्रकार के आयोजन से आम लोगों को आदिवासियों की संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आदिवासियों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं.

किसी भी आदिवासी महिला एवं पुरुष को सरकारी योजनाओं को प्राप्त करने परेशानी हो तो वे मुझे सीधे पत्र लिख सकते है. इस आयोजन के लिए राज्यपाल ने केंद्रीय जनजाति मंत्री अर्जुन मुंडा की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है. उन्होंने कहा कि हमें भगवान बिरसा मुंडा एवं सिदो कान्हो से प्रेरणा लेनी चाहिए. राज्यपाल ने गोपाल मैदान में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया व कलाकारों एवं लोगों से बात की. इस अवसर पर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### खास बातें

- आदिवासियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही कई योजनाएं
- यदि किसी को परेशानी हो तो मुझे सीधे पत्र लिख सकते है

वर्ल्ड क्लास एयरपोर्ट के रूप में उभर कर आएगा टाटानगर स्टेशन

# 450 करोड़ से होगा कायाकल्प

रतन सिंह । जमशेदपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने बुधवार को घाटशिला से लेकर टाटानगर स्टेशन तक थर्ड लाइन का निरीक्षण किया. इस दौरान उनके साथ चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौर, सीसीएम के अलावे अन्य कई वरीय अधिकारी मौजूद थे. महाप्रबंधक के दौरे को लेकर टाटानगर स्टेशन में पहले से ही तैयारियां कर ली गई थी. यहां आम दिनों की अपेक्षा सफाई से लेकर सुरक्षा तक के बेहतर इंतजाम दिखाई दिए. महाप्रबंधक अपने विशेष सैलून से टाटानगर पहुंचे. इसके बाद टाटानगर लोको शेड का निरीक्षण के लिए रवाना हो गए.

**दुर्गा पूजा के बाद होगा प्रीएनआई-एनआई का कार्य :** पत्रकारों से बात करते हुए महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि घाटशिला से आदित्यपुर के बीच थर्ड लाइन का काम चल रहा है. फिलहाल 30 किलोमीटर तक इसका कार्य पूरा कर लिया गया है. दुर्गा पूजा के बाद प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य होगा. नवंबर के आखिर तक इसका कमीशन हो जाएगा. टाटानगर और आदित्यपुर रेलवे के दो महत्वपूर्ण यार्ड है, उसका भी कार्य तेजी से चल रहा है. रेलवे जीएम में उम्मीद जताई है कि जून 2024 तक थर्ड लाइन का काम पूरा हो जाएगा.



अधिकारियों से बातचीत करते दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक.

### खास बातें

- महाप्रबंधक अपने विशेष सैलून से पहुंचे टाटानगर
- महाप्रबंधक ने किया थर्ड लाइन का निरीक्षण

### समय-समय पर चलती है नई-नई ट्रेनें

रेलवे महाप्रबंधक ने बताया कि नई-नई ट्रेनों के लिए समय-समय पर रेलवे बोर्ड और मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाता है. लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नई-नई ट्रेनें चलाई भी जाती है. पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण कर रहने वाले लोगों को जगह खाली करने का निर्देश दिया ताकि रेलवे क्षेत्र का विकास हो सके.

थर्ड लाइन बन जाने के बाद यातायात सुगम हो जाएगा और आवागमन में सुविधा होगी.

**प्लेटफार्म पर लिफ्ट और एक्सीलेटर की होगी सुविधा :** उन्होंने बाताया कि टाटानगर स्टेशन पुनर्विकास के लिए चिन्हित किया गया है. शुरू में कंसल्टेंसी चयन को लेकर कुछ दिक्कतें आ रही थी, लेकिन उसे दूर कर लिया गया है. कंसल्टेंसी का चयन करते हुए उसे कॉन्ट्रैक्ट आवंटित किया जा चुका है. अक्टूबर तक स्टेशन पूर्णविकास के क्या-क्या कार्य होंगे, उसकी स्कीम तैयार हो जाएगी और नवंबर तक डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंप दी जाएगी. डीपीआर सैंक्शन होने के बाद टाटानगर स्टेशन भी वर्ल्ड क्लास एयरपोर्ट के रूप में उभर कर आएगा. जिसमें करीब 400 से 450 करोड़ रुपए का खर्च आएगा. इसके तहत दोनों तरफ स्टेशन के भवन, 36 मीटर रूफ प्लाजा की सुविधा, हर प्लेटफार्म पर लिफ्ट और एक्सीलेटर की सुविधा मौजूद रहेगी. स्टेशन के पूर्ण विकास के बाद टाटानगर स्टेशन बेहद ही अच्छा स्टेशन के रूप में सामने आएगा.

# कायस्थ महासभा ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की मनाई जयंती

संवाददाता । रांची

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रांची जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई. उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि जयप्रकाश नारायण एक क्रांतिकारी विचारधारा के स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी के रूप में अपना जीवन, लोक कल्याण के लिए समर्पित किया.

स्वतंत्रता के पश्चात जन आकांक्षा के अनुरूप जब जनप्रतिनिधि जन आकांक्षाओं को पूरा करने के बजाय राजनीतिक सत्ता का उपयोग दमनकारी नीतियों के द्वारा अधिनायक प्रवृत्ति के माध्यम से जन आकांक्षाओं को कुचलने लगे तो जेपी ने जनता की आवाज बना कर लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा करने के लिए भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक निर्णायक लड़ाई लड़ी. जो कालांतर में उन्होंने इसे संपूर्ण क्रांति के रूप में सूत्र पात किया. यह लड़ाई सत्ता परिवर्तन से लेकर व्यवस्था परिवर्तन तक के रूप में तब्दील हो गई. महासभा रांची जिला के संगठन मंत्री रतन भूषण, वरिष्ठ नागरिक विजय शरण ने भी अपने विचार रखा. मौके पर गीता सिन्हा, संगीता, बिंदु आदि शामिल थे.

### खास बातें

- जेपी ने जनता की आवाज बन कर जनता की रक्षा की
- जेपी ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक निर्णायक लड़ाई लड़ी



जेपी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गई.

कॅरियर-काउंसिलिंग

# कुशल कृषि इंजीनियर बनकर संवार सकते हैं कॅरियर

एजुकेशन रिपोर्टर । रजनीश प्रसाद

भारत एक कृषि प्रधान देश है. भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का बड़ा योगदान है. कृषि क्षेत्र आज के समय में रोजगार का एक बडा क्षेत्र है. खास कर उनके लिए जो कृषि इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है. भारत के छत्तीसगढ़. केरल, तमिलनाडु में कृषि के नए नए प्रयोग किए जा रहे. यहां नए तकनिक से फसलों का उत्पादन किया जा रहा है, जिसमें रोजगार के अवसर बन रहा है. कई दशकों से एग्रीकल्चर फील्ड में युवाओं ने गहन अध्ययन, शोध व प्रयोग करके कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने का प्रयास किया है. और इससे नई-नई टेक्नोलॉजी का प्रसार भी हुआ है. तो यदि आप कृषि क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आपको इंजीनियरिंग कोर्स के बाद नौकरियों के अच्छे विकल्प प्राप्त हो सकते हैं. एग्रीकल्चर फील्ड में डिप्लोमा या बीटेक के बाद जॉब ज्वाइन कर सकते हैं. इसके अलावा पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री यानी एमटेक करके भी आप इस फील्ड में विशेषज्ञ बन सकते हैं.

### क्या है कृषि इंजीनियरिंग

कृषि इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग की वह ब्रांच है, जो कृषि क्षेत्र में काम आने वाली मशीनरी के निर्माण, डिजाइन और सुधार से संबंधित है. कृषि इंजीनियर नए-नए मॉड्यूल के कृषि संबंधित मशीनों का डिजाइन करते है. कृषि इंजीनियरों के प्रमुख काम बेहतर इंजीनियरिंग विधियों, आविष्कारों, प्रौद्योगिकी और उपकरणों के माध्यम से कृषि उत्पादन में सुधार करना है, जिससे बेहतर फसल उत्पादन और खेती में बेहतर मुनाफा प्राप्त हो सके. कृषि इंजीनियरिंग कृषि और बायोसिस्टम इंजीनियरिंग के रूप में भी जाना जाता है. कृषि इंजीनियर कृषि तकनीकों में सुधार करने या कृषि से संबंधित व्यवसायों की सहायता के लिए विभिन्न विषयों जैसे मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, खाद्य विज्ञान इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग आदि का उपयोग करते हैं. एग्रीकल्चर इंजीनियर खेतों और कृषि व्यवसाय उद्योग की दक्षता में सुधार के साथ-साथ प्राकृतिक और नवीकरणीय संसाधनों की स्थिरता सुनिश्चित करने के का काम करते हैं.



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची

### एग्री इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाएं

| परीक्षा का नाम | यूजी/पीजी |
|---|---|
| इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च ऑल इंडिया एंट्रेंस एग्जाम | बीटेक और एमटेक |
| आईआईटी जैम | बीटेक और एमटेक |
| इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बीएचयू एंट्रेंस एग्जाम | बीटेक |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम | बीटेक |
| नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कंबाइंड प्री-एंट्रेंस टेस्ट | बीटेक |
| गुजरात कॉमन एंट्रेंस टेस्ट | बीटेक |
| केरल इंजीनियरिंग एग्रीकल्चरल मेडिकल | बीटेक |
| महाराष्ट्र कॉमन एंट्रेंस टेस्ट | बीटेक |
| ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) | एम टेक |
| नॉर्थ ईस्टर्न रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एंट्रेंस एग्जाम | बीटेक और एमटेक |

### यहां बना सकते हैं कॅरियर

- रिसर्चर
- प्रोफेसर/लेक्चरर
- फूड इंजीनियर
- सॉइल साइंटिस्ट
- इरीगेशन इंजीनियर
- डिज़ाइन इंजीनियर
- बायो रिसोर्स इंजीनियर
- एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग कंसलटेंट
- एनवायरमेंटल इंजीनियर
- वॉटर रिसोर्सेज इंजीनियर
- इंटरनेशनल डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट
- एग्रीकल्चर इंजीनियर

### कृषि इंजीनियरों के लिए टॉप रिक्रूटर्स

- डेयरी कम्पनीज (जैसे मदर डेयरी, अमूल)
- नेस्ले इंडिया
- आईटीसी
- नाबार्ड
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
- पीआरएडीएएन
- भारतीय खाद्य निगम
- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद
- राष्ट्रीय बीज निगम
- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड
- विभिन्न कॉलेज


### टॉप एग्री. इंजीनियरिंग संस्थान

| क्रम संख्या | एनआईआरएफ रैंक | नाम | कोर्स | फीस | प्रवेश परीक्षा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | आईआईटी, खड़गपुर | एमई/एमटेक | 458500 | गेट |
| 2 | 28 | एसआरएम यूनिवर्सिटी, चेन्नई | बीटेक | 10 लाख | जेईई मेंस |
| 3 | 36 | कलासलिंगम एकेजमि ऑफ रिसर्च एंड एजुकेशन, विरुधुनगर | बीटेक | 4.51 लाख | जेईई मेंस |
| 4 | 85 | विगनानस फाउंडेशन फोर साइंस टेक्नोलोजी एंड रिसर्च, गुलटुर | बीटेक | 4.20 लाख | जेईई मेंस |
| 5 | 98 | एसआर यूनिवर्सिटी, वारंगल | एमएससी. एग्री. इंजीनियरिंग | 3.5 लाख | - |
| 6 | 105 | जेएनटीयूके काकीनंदा | बीटेक | - | - |
| 7 | 151 | एनईआरआईएसटी, अरुणाचल प्रदेश | बीटेक | - | एनईई |
| 8 | 151 | डीईआई, आगरा | बीटेक | - | जेईई |
| 9 | - | डीवाई पाटिल एग्रीकल्चर एंड टेकनिकल यूनिवर्सिटी, टालसंडे | बीटेक | 2.40 लाख | - |

* फॉर्म भरते समय फीस की जानकारी संबंधित कॉलेज/ विश्वविद्यालय से लें.

### झारखंड-बिहार के संस्थान

| क्रम संख्या | नाम |
|---|---|
| 1 | बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची |
| 2 | तिरहुत कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, मुजफ्फरपुर |
| 3 | बिहार एग्रीकल्चर कॉलेज, भागलपुर |
| 4 | मंदन भारती एग्रीकल्चर कॉलेज, सहरसा |
| 5 | वीर कुवर सिंह कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बक्शर |
| 6 | भोला पासवान शास्त्री, पूर्णिया |
| 7 | डॉ. कलम एग्रीकल्चर कॉलेज, किशनगंज |
| 8 | डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, समस्तीपुर |



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)